सूर्योदय प्रातः 5:06 · सूर्यास्त संध्या 2:25 · पखवाड़ा ज्येष्ठ शु . द्वितीया, संवत 2083 · तापमान अधिकतम 36° न्यूनतम 26°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, सोमवार, 18 मई 2026, वर्ष : 17, अंक : 93, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions

**शेयर बाजार**

सेंसेक्स 75,237.99 -160.73 (-0.21%)

निफ्टी 23,643.50 -46.10 (-0.19%)

**सर्राफा बाजार** प्रति 10 ग्राम

24 carat सोना 1,52,250.00

चांदी 2900.00

## एक झलक

### सुप्रीम कोर्ट को मिलेंगे 04 नये जज

**नियुक्ति को राष्ट्रपति मुर्मू ने दी मंजूरी**

**नयी दिल्ली** : केन्द्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या को 33 से बढ़ा कर 37 कर दिया है। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से यह महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026 को अपनी आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इस नये अध्यादेश के लागू होने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में आवश्यक संशोधन कर दिया गया है।

### उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन सिक्किम से लौटे

**गंगटोक** : उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन अपनी एक दिवसीय आधिकारिक यात्रा पूरी कर लौट गए। उपराष्ट्रपति राज्य के 51वें राज्य दिवस समारोह मेंराष्ट्रीय राजमार्ग 10ए के रास्ते बागडोगरा हवाईअड्डा (पश्चिम बंगाल) के लिए रवाना हो गये हैं। सिक्किम की यह उनको पुराने लोक भवन के परिसर में रोडोडेंड्रोन (लालीगुरांस) का पौधा लगाया। इस अवसर पर राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग भी उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति खराब मौसम के चलते राज्य स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया।

### तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस अग्निकांड की उच्चस्तरीय जांच के आदेश

**नयी दिल्ली** : रेल मंत्रालय ने तिरुवनंतपुरम–हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने की घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिये हैं। मंत्रालय के अनुसार जांच में आग लगने के कारणों, सुरक्षा मानकों और आपातकालीन प्रातिक्रिया व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की जायेगी।
यह घटना रविवार सुबह मध्य प्रदेश के कोटा रेल मंडल में लूनी रिछा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों के बीच हुई। राजधानी एक्सप्रेस संख्या 12431 के बी–1 कोच में अचानक आग लग गयी।

## अंदर के पन्नों पर

3 बंदियों को समाज की मुख्यधारा में लाना ही उद्देश्य...

5 सदर अस्पताल में सप्ताहव्यापी जागरूकता...

7 अनुमंडल पदाधिकारी ने पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ...

9 भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ (बीएसपीएस) की झारखण्ड...

10 आईपीएल–2026 के प्लेऑफ में पहुंचनेवाली पहली...

## कार्टून कोना




# प्रधानमंत्री मोदी ने नीदरलैंड के ऐतिहासिक बांध का किया दौरा, जल प्रबंधन मॉडल को सराहा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच देशों की छह दिवसीय यात्रा के तीसरे दिन नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटन के साथ नीदरलैंड के ऐतिहासिक अफ़्सलुइटडिज्क बांध का दौरा किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने जल प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण और समुद्री जल को रोक कर भूमि तथा मीठे पानी के संसाधनों के विकास से जुड़ी परियोजनाओं की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा कि जल संसाधन प्रबंधन ऐसा क्षेत्र है, जिसमें



नीदरलैंड ने अग्रणी कार्य किया है और पूरा विश्व उससे बहुत कुछ सीख सकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें अफ़्सलुइटडिज्क परियोजना की प्रमुख विशेषताओं को समझने का अवसर मिला और इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री रॉब जेटन का आभार व्यक्त किया।
प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और अंतदेर्शीय जलमार्ग नेटवर्क के विस्तार के उद्देश्य से आधुनिक प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जल प्रबंधन के क्षेत्र में भारत और नीदरलैंड के बीच सहयोग को और मजबूत किया जा सकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी इसे महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री रॉब जेटन के साथ अफ़्सलुइटडिज्क बांध का दौरा किया, जो जल प्रबंधन, बाढ़ सुरक्षा और मीठे पानी के भंडारण में डच इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और नवाचार का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह दौरा गुजरात की कल्पसर परियोजना के लिए भी महत्त्वपूर्ण है, जिसका उद्देश्य खंभात की खाड़ी के निकट मीठे पानी का विशाल भंडार और बांध विकसित करना है। इससे जलवायु अनुकूलन, जल प्रौद्योगिकी और सतत अवसंरचना के क्षेत्र में भारत-नीदरलैंड ● शेष पृष्ठ 11 पर

## तीसरे चरण में स्वीडन पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी व्यापार और निवेश पर रहेगा फोकस

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी अपनी पांच देशों की छह दिवसीय विदेश यात्रा के तीसरे दिन रविवार को नीदरलैंड से स्वीडन पहुंचे। स्वीडन में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य भारत और स्वीडन के बीच व्यापार, निवेश, नवाचार और रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि वह स्वीडन के प्रधानमंत्री ● शेष पृष्ठ 11 पर

# झारखंड के किसान जागरूक, अब आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे : शिल्पी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और कृषि क्षेत्र को आधुनिक एवं वैज्ञानिक दिशा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मंत्री रविवार को बेड़ो प्रखंड के पुरनापानी बाजारटांड़ मैदान में आयोजित किसान सम्मान समारोह में बोल रही थीं।
पायोनियर कम्पनी की ओर से आयोजित इस किसान सम्मान समारोह में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में किसानों को उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती की नयी तकनीकों की जानकारी दी गयी तथा प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया।
मंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि झारखंड के किसान अब जागरूक होकर आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरन्तर नयी योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू कर रही है। सरकार का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को समय पर खाद, बीज एवं कृषि संसाधन उपलब्ध हों तथा उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा कि आज भी राज्य के अधिकांश किसान



- सम्मान समारोह में प्रगतिशील किसान हुए सम्मानित
- उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती की नयी तकनीकों की दी गयी जानकारी

**कृषि मंत्री ने कहा**

- किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता
- राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरन्तर नयी योजनाएं कर रही लागू
- सरकार केवल कृषि तक सीमित नहीं, मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी हो रहा उत्कृष्ट कार्य

पारम्परिक पद्धति से खेती कर रहे हैं, लेकिन अब कृषि विभाग की ओर से किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। किसानों को ट्रैक्टर, कृषि यंत्र, स्प्रेयर सहित अन्य उपकरण अनुदान पर उपलब्ध कराये जा रहे हैं, ताकि खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सके।
मंत्री ने कहा कि सरकार केवल कृषि तक सीमित नहीं है, बल्कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। मत्स्य पालकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा जलाशयों में केज फार्मिंग के माध्यम से उत्पादन में कई गुना वृद्धि हुई है। समितियों के माध्यम से सामूहिक मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे अनेक परिवारों की आजीविका मजबूत हो रही है।
उन्होंने कहा कि ग्रामीण बाजारों को सशक्त बनाने के लिए बाजार शेड एवं कोल्ड स्टोरेज का निर्माण युद्धस्तर पर किया जा रहा है, ताकि किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने एवं बेहतर बाजार उपलब्ध कराने में सहायता मिल सके।
मंत्री ने सम्भावित स्थिति को लेकर भी चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि विभाग लगातार कृषि कार्यशालाओं के माध्यम से अधिकारियों को निर्देशित कर रहा है कि वे प्रखंड स्तर पर किसानों को जागरूक करें। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार इस वर्ष औसत से कम वर्षा होने की सम्भावना है। ऐसे में किसानों को ● शेष पृष्ठ 11 पर

## पांच राज्यों में मकानों की गणना का फील्ड कार्य शुरू

# 1.44 करोड़ से अधिक परिवारों ने की स्व-गणना

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : देशव्यापी जनगणना 2027 की दिशा के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) का फील्ड कार्य पांच प्रमुख राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में शुरू हो गया है। गृह मंत्रालय के अनुसार इसमें दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) क्षेत्र, राजस्थान, मेघालय, महाराष्ट्र और झारखंड शामिल हैं। दूसरी ओर, डिजिटल जनगणना के तहत शुरू की गयी स्व-गणना सुविधा को जनता की बेहतर प्रतिक्रिया मिल रही हैं और अब तक 25 राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों में 1.44 करोड़ से अधिक परिवार अपनी स्व-गणना पूरी कर चुके हैं।
आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, और दादरा एवं



नगर हवेली तथा दमन एवं दीव मे घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण किया जा रहा है। आज से गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और पुडुचेरी में भी स्व-गणना की सुविधा शुरू हो गयी है। इन क्षेत्रों के निवासी 31 मई 2026 तक आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से खुद को पंजीकृत कर सकते हैं। इसके बाद, यहां 1 जून से 30 जून 2026 तक फील्ड कार्य चलाया जायेगा। उत्तर प्रदेश में भी स्व-गणना की प्रक्रिया चालू है, जो 21 मई तक चलेगी, जिसके तुरंत बाद 22 मई से 20 जून 2026 तक जमीनी स्तर पर मकान सूचीकरण का कार्य किया जायेगा।
इससे पहले, 16 अप्रैल से 15 मई 2026 के बीच अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा और सिक्किम के साथ-साथ दिल्ली के एनडीएमसी (नयी दिल्ली नगरपालिका ● शेष पृष्ठ 11 पर

### आज 'सेवा डेरा' का लोकार्पण करेंगे शाह

**बस्तर** : केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 18 मई को छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के नेतानार के सीआरपीएफ कैम्प में पहले 'सेवा डेरा' का लोकार्पण करेंगे। वह नेतानार से देश को नये बस्तर का संदेश देते दिखेंगे, जिसे कभी नक्सल हिंसा से पहचाना जाता रहा है। इस बस्तर में अब विकास, विश्वास और बदलाव को प्रर्दशित किया जायेगा। इसी बदलते बस्तर को देश के सामने प्रस्तुत करने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर प्रवास पर आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सलियों के खात्मे के लिए सुरक्षा बलों के स्थापित 400 सुरक्षा एवं सुविधा कैम्पों की अहम भूमिका रही है।

## टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी गुजरात देश का नेतृत्व करेगा : अमित शाह



**एजेंसी**

**अहमदाबाद** : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में 'मिलियन माइंड्स टेक पार्क' तथा 'गणेश रियल एस्टेट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट' का लोकार्पण करते हुए कहा कि जिस प्रकार गुजरात ने आजादी के समय से देश को दिशा दी है, उसी प्रकार अब तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भी गुजरात पूरे देश का नेतृत्व करेगा।
अमित शाह ने कहा कि गुजरातियों के स्वभाव में विकास और प्रगति रची-बसी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात अब केवल उत्पादन आधारित राज्य नहीं रहेगा, बल्कि सेवा, ज्ञान और आधुनिक तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था का वैश्विक केन्द्र बनेगा। उन्होंने कहा कि आज लोकार्पित किए गए दोनों प्रकल्प राज्य के युवाओं को नये अवसर प्रदान करेंगे और गुजरात को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर कंटीले तार लगाने के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू

**एजेंसी**

**मालदा** : पश्चिम बंगाल सरकार के निर्देश के बाद मालदा जिले में भारत-बांग्लादेश की खुली सीमा पर कंटीले तार लगाने के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। शनिवार को हबीबपुर ब्लॉक के भवानीपुर और आग्रा हरिश्चंद्रपुर इलाके में भूमि एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में जमीन के दस्तावेजों की जांच कर मापने का काम शुरू किया।
अधिकारियों ने बताया कि मालदा



जिले के छह थाना क्षेत्रों में भारत-बांग्लादेश सीमा की कुल लम्बाई लगभग 172 किलोमीटर है। इनमें से करीब 33 किलोमीटर सीमा अब भी खुली है। सबसे अधिक खुली सीमा हबीबपुर ब्लॉक में है, जहां 20 से 25 किलोमीटर क्षेत्र में अभी तक कंटीले तार नहीं लगाये गये हैं।
जिले में सीमा सुरक्षा के लिए कंटीले तार लगाने हेतु लगभग 260 एकड़ जमीन की आवश्यकता है। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, अब तक 10 एकड़ जमीन अधिग्रहण का काम पूरा हो चुका है। शुक्रवार को मालदा जिलाधिकारी कार्यालय में सीमा सुरक्षा बल और जिला प्रशासन के बीच इस मुद्दे पर एक आपात बैठक भी हुई थी। उसी बैठक के बाद भूमि एवं भूमि ● शेष पृष्ठ 11 पर

### तेलंगाना के यादाद्री थर्मल पावर स्टेशन में भीषण आग

**हैदराबाद** : राज्य के नलगोंडा स्थित यादाद्री अल्ट्रा मेगा थर्मल पावर स्टेशन में भीषण आग लग गई। इसमें अभी तक किसी जानहानि की सूचना नहीं है। कर्मचारियों की सतर्कता से आग पर काबू पा लिया गया है तेलंगाना पावर जेनेरेशन कार्पोरेशन ने घटना की जांच के आदेश दिये हैं। बताया गया कि रविवार को यादद्री अल्ट्रा मेगा थर्मल पावर स्टेशन (वाईएटीपी) के संयंत्र में यूनिट 3 के स्थान पर टरबाइन-चालित बॉयलर फीड पंप के पास आग भड़की थी। आग लगते ही संयंत्र में काम कर रहे कर्मचारी और अधिकारी अपनी जान बचाने के लिए वहां से भाग निकले।

## नीट-यूजी पेपर लीक प्रकरण

# राहुल गांधी ने शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : नीट-यूजी परीक्षा पत्र लीक मामले को लेकर सियासी विवाद लगातार गहराता जा रहा है। राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर केन्द्र सरकार और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान पर निशाना साधते हुए उनका इस्तीफा मांगा है।
राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर कहा कि वर्ष 2024 और 2026 दोनों में नीट परीक्षा पत्र लीक हुआ, लेकिन शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि हर बार



जांच एजेंसियों और समितियों के गठन के बावजूद परीक्षा प्रणाली में सुधार नहीं हो पा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि वर्ष 2024 में नीट परीक्षा पत्र लीक हुआ था, परीक्षा रद्द नहीं हुई, मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया और मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी गई थी। वर्ष 2026 में भी परीक्षा पत्र लीक हुआ, परीक्षा रद्द करनी पड़ी, फिर से सीबीआई जांच कर रही है और एक अन्य समिति गठित की जा रही है। उन्होंने कहा कि बार-बार परीक्षा पत्र लीक क्यों हो रहे हैं, इस मुद्दे पर सरकार चुप क्यों है और लगातार विफल हो रहे शिक्षा मंत्री को पद से क्यों नहीं हटाया जा रहा है।
उल्लेखनीय है कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा ● शेष पृष्ठ 11 पर

# केरल में वीडी सतीशन आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ, एक दशक बाद कांग्रेस की सत्ता में वापसी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : सतीशन दामोदर मेनन वडस्सेरी (वीडी सतीशन) सोमवार को केरल के नये मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इसके साथ ही राज्य की सत्ता में कांग्रेस की वापसी होने जा रही है। इससे पहले वर्ष 2011-2016 तक कांग्रेस के ओमन चांडी राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। शपथ ग्रहण समारोह सेंट्रल स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा।
राजधानी तिरुवनंतपुरम में समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सम्भावना जतायी जा रही है कि वीडी सतीशन के साथ पूरा मंत्रिमंडल शपथ ले सकता है। संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के घटक दलों के बीच



लगातार बैठकें जारी हैं, जिनमें विभिन्न सहयोगी दलों को मंत्रालयों के बंटवारे और मंत्रियों की संख्या को लेकर चर्चा हो रही है।
शपथ ग्रहण समारोह में करीब एक लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। कांग्रेस इसे एक बड़े राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देख रही है। कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के शामिल होने की सम्भावना है। इसके अलावा कर्नाटक और तेलंगाना के मुख्यमंत्री भी समारोह में मौजूद रहेंगे।
दरअसल, 140 सदस्यीय केरल विधानसभा में यूडीएफ ने 102 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। इनमें कांग्रेस ने अकेले 63 सीटें जीती हैं। यह परिणाम राज्य की उस पारम्परिक राजनीतिक व्यवस्था को दशार्ता है, जिसमें हर पांच वर्ष पर सत्ता यूडीएफ और वाम मोर्चे के बीच बदलती रही है। पिछले दस वर्षों से राज्य में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा सत्ता में था।
गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पद को लेकर पिछले लगभग दस दिनों से दिल्ली और केरल में लगातार राजनीतिक मंथन चल रहा था। अंततः कांग्रेस आलाकमान ने वीडी सतीशन के नाम पर सहमति बनायी। निर्णायक दौर तब शुरू हुआ जब केसी वेणुगोपाल को दिल्ली स्थित राहुल गांधी के आवास पर बुलाया गया। सूत्रों के अनुसार करीब तीन घंटे चली बैठक में राहुल गांधी ने नेतृत्व के अंतिम फैसले की जानकारी दी और सतीशन के नाम पर मुहर लगी।
पार्टी सूत्रों के मुताबिक प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी पार्टी के भीतर आम सहमति बनाने में अहम भूमिका निभायी। वहीं, राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला से भी बातचीत की, जिन्होंने कथित तौर पर इस फैसले पर नाराजगी जाहिर की थी। इसके बाद मुकुल वासनिक, अजय माकन, जयराम रमेश और दीपा ● शेष पृष्ठ 11 पर

## छात्र राजनीति से मुख्यमंत्री पद तक का सफर

**वीडी** सतीशन का जन्म वर्ष 1964 में कोच्चि के निकट नेट्टूर में हुआ था। पेशे से वकील रहे सतीशन ने छात्र राजनीति से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत की और धीरे-धीरे केरल कांग्रेस की राजनीति में मजबूत पहचान बनायी। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत केरल स्टूडेंट्स यूनियन (केएसयू) से की। छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने के बाद वे यूथ कांग्रेस से जुड़े और संगठन में तेजी से उभरते नेता के रूप में पहचान बनायी। सतीशन को पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण का करीबी और निष्ठावान समर्थक माना जाता रहा है। सतीशन का राजनीतिक सफर संघर्षों से भरा रहा है। 1990 के दशक के मध्य में उन्होंने पहली बार परवूर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हालांकि उन्होंने इस असफलता को अपनी राजनीतिक यात्रा का अंत नहीं बनने दिया और संगठन में लगातार सक्रिय रहकर अपनी मजबूत पहचान बनायी। उन्होंने पहली बार वर्ष 2001 में परवूर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीत कर विधानसभा पहुंचे। इसके बाद 2006, 2011, 2016, 2021 और ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### बेड़ो प्रखंड झामुमो कमिटी की बैठक आज

**• 17 पंचायतों के अध्यक्ष-सचिव व वरिष्ठ कार्यकर्ता होंगे शामिल, विकास कार्यों व कमिटी विस्तार पर होगा मंथन**

**बेड़ो** : झामुमो बेड़ो प्रखंड कमिटी के तत्वावधान में सोमवार को महादानी मैदान स्थित रंगमंच में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जाएगा। सचिव सहिंद्र लकड़ा ने बताया कि बैठक में प्रखंड की सभी 17 पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष,सचिव एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। उन्होंने ने कहा झामुमो हमेशा जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करती रही है। बैठक में जमीनी कार्यकर्ताओ से जानकारी लेकर संगठन को और मजबूत किया जाएगा ताकि जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाया जा सकें। बैठक में विकस कार्य व आम जनसमस्याओं व कमिटी विस्तार पर गहन विचार विमर्श किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रखंड सचिव सहिंद्र लकड़ा ने दिया।

### बेड़ो में भाजपा का धरना-प्रदर्शन आज

**बेड़ो** : प्रखंड में व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर बेड़ो भाजपा मंडल द्वारा सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। धरना सुबह 11:30 बजे से शुरू होगा। भाजपा बेड़ो मंडल के महामंत्री बलराम सिंह ने बताया कि क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, पीएम आवास, विकसित भारत रामजी योजना, वृद्धा पेंशन में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर पार्टी कार्यकर्ता धरने पर बैठेंगे। उन्होंने कहा सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंच रहा। अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे। जनता परेशान है। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं का आवेदन भी लिया जाएगा। इधर धरना प्रदर्शन को लेकर मंडल स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी 17 पंचायतों से कार्यकताओं को पहुंचने का निर्देश दिया गया है। महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और किसान मोर्चा के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

### संचालित योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगा शिविर



**बुढ़मू** : रविवार को भारतीय डाक विभाग उतरी प्रमंडल द्वारा बैंक मोड़ ठाकुर गांव में शिविर लगाया गया। मौके पर डाक उपभोक्ताओं को डाक जीवन बीमा और डाक जीवन समेत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दिया गया। मौके पर डाक अवर निदेशक लाल यशवंत नाथ शाहदेव ने डाक उपभोक्ताओं को बताया की यहां संचालित सभी योजनाएं पूर्ण रूप से भारत सरकार के अधीन है और बीमा पॉलिसियों में कम प्रीमियम में अधिक बोनस, पासबुक की सुविधा, आसान प्रीमियम भुगतान विकल्प आदि के संदर्भ में जानकारी दिया गया। मौके पर विभाग के पारस तिवारी, जगदीश लकड़ा, विनोद मिश्रा, रेणु देवी, दीपक, सुरेश साहू, दीपक गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

### बेड़ो में शिवसैनिक के अकास्मिक निधन से क्षेत्र में शोक



**बेड़ो** : प्रखंड मुख्यालय के मनखा मुंडा निवासी सह शिवसैनिक लगभग 40 वर्षीय विश्वनाथ भगत के अकास्मिक निधन से क्षेत्र समेत शिव सैनिकों में शोक की लहर छा गई। जानकारी के अनुसार विश्वनाथ भगत को एक सप्ताह पहले सीने में हल्की दर्द शुरू हुई तो स्वजनों ने उन्हें इलाज के लिए कटहल मोड स्थित रिंची हॉस्पिटल ले गए। इसके बाद रिंची हॉस्पिटल में स्वजनों को संतुष्टि नहीं मिली तो वे उन्हें भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल ले गए। वही एक सप्ताह तक विश्वनाथ भगत के तबीयत में सुधार नहीं होने से परेशान स्वजनों ने चिकित्सकों से सलाह लेकर इलाज के लिए कोयंबटूर ले जा रहे थे इसी दौरान रास्ते में है कोयंबटूर से 300 किलोमीटर पहले ही उनका निधन हो गया। विश्वनाथ भगत के निधन से स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। विश्वनाथ भगत अपने पिछे अपनी पत्नी, बेटा, बेटी, बहु समेत पुरा परिवार छोड़ गए। इधर विश्वनाथ भगत का अंतिम संस्कार रविवार की देर शाम बेड़ो के सदान मसना में हिंदू रीति के तहत मुखाग्नि देकर किया गया। इधर शिवसेना सदस्य विश्वनाथ भगत की हुई अकास्मिक निधन से शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने मृतक की आत्मा की शांति को लेकर श्रद्धांजलि दी। वही दीपक सिंह ने स्वजनों को ढांढस बंधाया, साथ ही पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# प्रधान जिला जज ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रांची के निर्देश पर रविवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी रसिकेश कुमार ने बाल देखरेख संस्थान (सीसीआई) सहयोग विलेज हुटार, आशा किरण फुदी तथा वृद्धाश्रम पिपराटोली का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सीअल्ताफ खान तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश बेहरा भी उपस्थित रहे। निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों की देखरेख, संरक्षण और पुनर्वास के लिए संचालित संस्थान किशोर न्याय अधिनियम 2015, मिशन वात्सल्य योजना तथा न्यायालय के निदेशों के अनुरूप संचालित हो रहे हैं या नहीं। निरीक्षण दल ने संस्थानों की आवासीय व्यवस्था, साफ-सफाई, रसोई एवं भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सीय और परामर्श सुविधाओं, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था, प्रशिक्षित कर्मियों की उपलब्धता, अभिलेख संधारण तथा शिकायत निवारण प्रणाली का विस्तृत निरीक्षण किया। दल ने संस्थानों में रह रहे बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी समस्याओं, सुविधाओं और देखरेख की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही संस्थानों के प्रबंधन एवं कर्मचारियों को बाल-हितैषी और वरिष्ठजन-हितैषी वातावरण बनाए रखने के प्रति संवेदनशील किया गया। निरीक्षण के दौरान कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा आवासियों के हित में उपलब्ध कराई गई सरकारी राशि के उपयोग की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रसिकेश कुमार ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं गरिमा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों को विधि के तहत संरक्षण और पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से किए जाते रहेंगे। यह जानकारी डीएलएसए सचिव कमलेश बेहरा ने दी।

## बिजली और पानी के मुद्दे पर सीसीएल अरगड़ा प्रबन्धन के घेराव की तैयारी

**रामगढ़** : रामगढ़ जिले के सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) अरगड़ा क्षेत्र में बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर स्थानीय लोगों ने जनआंदोलन तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में सीसीएल अरगड़ा महाप्रबंधक कार्यालय के घेराव का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय स्थानीय लोगों द्वारा आयोजित एक बैठक में लिया गया, जिसमें क्षेत्र की जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अरगड़ा क्षेत्र में सीसीएल प्रबंधन की लापरवाही के कारण लोग लंबे समय से परेशान हैं। लगातार बाधित बिजली आपूर्ति और पेयजल संकट जैसी समस्याओं से आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## खूंटी में तेज रफ्तार थार पुल से नीचे गिरी, महिला समेत चार लोग घायल, तीन की हालत गम्भीर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : खूंटी में थार की तेज रफ्तार रविवार को एक बड़े हादसे का कारण बन गई। मुख्य सड़क पर बिंदा और सांडीगांव के बीच एक अनियंत्रित थार वाहन पुल की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 20 फीट नीचे गड्ढे में जा गिरा। इस दुर्घटना में एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वाहन के नीचे गिरने के कारण उसमें सवार दो लोग काफी देर तक अंदर फंसे रहे और मदद के लिए चीख-पुकार करते रहे। आसपास के ग्रामीण तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया।

घटना की सूचना मिलने पर मुरहू थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने संयुक्त रूप से काफी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला। घायलों में तीन लोगों को मुरुहू स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजी गई, जबकि एक घायल को पुलिस वाहन से खूंटी सदर अस्पताल ले जाया गया। सभी घायल बेहोशी की हालत में थे, जिसके कारण देर शाम तक उनकी पहचान नहीं हो सकी थी। चिकित्सकों के अनुसार घायलों में तीन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि थार वाहन चाइबासा से रांची की ओर जा रही थी। बिंदा और सांडीगांव के बीच सड़क काफी जर्जर है और पुल के पास मोड़ भी खतरनाक माना जाता है। तेज गति के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और वाहन सीधे पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरा।

# खूंटी के सेतागड़ा गांव पहुंचे विधायक रामसूर्या मुंडा, ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : खूंटी प्रखंड के सेतागड़ा गांव में रविवार को विधायक रामसूर्या मुंडा ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांव की बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में अब तक पहुंच पथ का निर्माण नहीं होने की समस्या विधायक के समक्ष प्रमुखता से उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क नहीं होने के कारण गांव के लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने कहा कि आज भी गांव कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, जो चिंता का विषय है। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए विधायक रामसूर्या मुंडा ने आश्वासन दिया कि सेतागड़ा गांव में पहुंच पथ निर्माण सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को जल्द पूरा कराने की दिशा में पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास को लेकर पूरी तरह गंभीर है और गांवों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील भी की। बैठक में सुखराम पुत्ती, प्रभुसहाय पूर्ति, विलासी टूटी, आशा टूटी, अशीन प्रिय टूटी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

नगड़ी प्रखंड प्रतिभा सम्मान समारोह

# 70 मेधावी विद्यार्थियों का भव्य सम्मान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी** : नगड़ी प्रखंड में नगड़ी प्रखंड पत्रकार संघ एवं नगड़ी प्रखंड आसपास समाचार संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में राज्यस्तरीय जल छाजन प्रशिक्षण केंद्र में रविवार को आयोजित हुआ। प्रतिभा और शिक्षा को समर्पित एक भव्य एवं प्रेरणादायी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से दसवीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 70 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगड़ी प्रखंड पत्रकार संघ एवं नगड़ी प्रखंड आस-पास समाचार ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि हटिया विधायक नवीन जायसवाल थे, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के अध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव अजय शाहदेव ,नगड़ी जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, जोहरा पाटी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय कुमार महतो, नगड़ी उप प्रमुख अफसाना प्रवीण, पंचायत समिति सदस्य शीला देवी, कोल्हान क्षेत्र (चाईबासा) के पूर्व आयुक्त हरि कुमार केसरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रीतेश राज, भाजपा नेता केदार महतो, चुडामनी महतो, झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राखी देवी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष खलील खान, समाजसेवी ओमप्रकाश महतो, सेमारी देवी, कृषक मित्र प्रभात महतो, समाजसेवी बबलू अंसारी, शिक्षाविद् पुरुषोत्तम कुमार केसरी, रंजीत कुमार महतो, अरविंद महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे ।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं नगड़ी प्रखंड के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय प्रदीप कुमार महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ समारोह का विधिवत उद्घाटन हुआ।इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के बावजूद उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ये छात्र-छात्राएं न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे नगड़ी प्रखंड का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।

## शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग में किया विकास योजनाओं का शिलान्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग** : कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग प्रखंड में चार महत्वपूर्ण पीसीसी पथ योजनाओं का शिलान्यास किया। शिलान्यास की गई योजनाओं में ग्राम करंजटोली मोड़ से मंगरा उरांव के खेत तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य, ग्राम महुगांव मिशन में स्व० दोमेशिया भेंगरा के घर से निकोलस टोपनो के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य, ग्राम महुगांव मिशन में हेमन्त मिंज के घर से स्व. सामुएल बरला के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य ग्राम गाड़ी में तेब्बा उरांव के घर से देवी मंडप तक पीसीसी पथ निर्माण कार्यशामिल हैं।इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र लगातार विकास की नई इबारत लिख रहा है। हमारी सरकार और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें गुणवत्ता एवं तय समय सीमा के भीतर पूर्ण कर जनता को समर्पित करना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुदामा महली, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, जनमेजय पाठक, सरोज मुंडा, हेमंत मिंज, ऑस्कर होरो, स्वाति भेंगरा, आफताब आलम, पवन ठाकुर, दुबराज साहू, पहरू लोहरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में मैट्रिक टॉपरों को किया गया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : सिरका विकास विद्यालय सिरका के द्वारा रविवार को स्कूल प्रांगण में पंचायत स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। इसमें स्कूल के टापरों के अलावा इस वर्ष सिरका पंचायत के 70 वैसे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिसने इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुआ है। सभी को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्कूल के वर्ष 2009-2016 तक के 25 पासआउट छात्रों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एसएसबी अनगड़ा के इंस्पेक्टर शशि कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद सह मुख्य संरक्षक डा. अमर कुमार चौधरी, सिरका मुखिया रौशनलाल मुंडा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी थे। अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल बलराम महतो व संचालन फलीन्द्र महतो व अजीत महतो ने किया। मौके पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शशि कुमार शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से प्रतिभा को सामने आने का मंच मिलता है। रौशनलाल मुंडा ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद स्कूल लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इसके लिए स्कूल प्रबंध समिति को बधाई। इस अवसर पर स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह ग्रामप्रधान सौभाग्य मुंडा, सचिव जगेश्वर महतो, भाजपा नेता नरेश साहू, पंसस सावित्री देवी, आजसू नेता धर्मेन्द्र सिंह, अनिता देवी, जयशंकर मुंडा, राहुल ठाकुर, सुरेश महतो, दुर्गा महतो, बिपिन मुंडा, चामू महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## लुपुंग प्रीमियर कैनवास बाल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 19 से, जीतवाहन महतो बने अध्यक्ष

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : लुपुंग-पेरतोल खेल विकास समिति के द्वारा आयोजित लुपुंग प्रीमियर लीग कैनवास बाल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 19-26 मई तक लुपुंग स्टेडियम में किया जा रहा है। फाइनल मुकाबला 26 मई को खेला जाएगा। प्रतिदिन शाम सात बजे से फलड लाइट में 5 मैच खेला जाएगा। आयोजन समिति का अध्यक्ष जीतवाहन महतो उर्फ मंटू, संचालक रंजीत महतो, प्रभारी सुधांशु महतो, मुख्य संरक्षक जलेश्वर महतो उर्फ मार्शल, सचिव प्रवीण महतो उर्फ माइकल, कोषाध्यक्ष प्रवीण महतो, सहसचिव अनुज महतो, उपाध्यक्ष अमन चौधरी, संरक्षक जिपस अनुराधा मुंडा, मुखिया शांति देवी व पंसस कुंती देवी सहित अन्य को बनाया गया। जबकी लोक कलाकार अजय सोनी को टूनामेंट का ब्रांड अंबेसडर बनाया गया है। रंजीत महतो ने बताया कि उदघाटन मैच 19 मई की शाम 7 बजे से लुपुंग जूनियर व बगानटोली के बीच खेला जाएगा। चैंपियन टीम को 70 हजार नकद, उपविजेता को 50 हजार नकद व दोनों सेमीफाइनलिस्ट टीम को 20-20 हजार रूपया नकद पुरस्कार दिया जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें शामिल है। प्रत्येक मैच 8-8 ओवरों का होगा।

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप बने झारखंड कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष

**▪ कांग्रेस नेता अशोक पांडे ने आवास पहुंच कर दी बधाई, क्षेत्र की समस्याओं से भी कराया अवगत**



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : खिजरी विधायक राजेश कच्छप को झारखंड कांग्रेस प्रदेश कमेटी का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक पांडे ने उनके आवास पहुंचकर बुके एवं अंगवस्त्र देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान अशोक पांडे ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से भी विधायक राजेश कच्छप को अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र में सड़क, पेयजल, बिजली एवं अन्य विकास कार्यों को लेकर चर्चा करते हुए समस्याओं के समाधान की मांग की। राजेश कच्छप ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई नई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए संगठन को और मजबूत करने तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करने की बात कही। इस मौके पर विधायक सलाहकार रमेश उरांव, पत्थर एवं उत्खनन विधायक प्रतिनिधि मुबारक अंसारी व खेल विधायक प्रतिनिधि सूरज पठान एवं कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

## अगमलाल महतो बने सिमलिया राजस्व गांव के सहायक सचिव



**अनगड़ा** : अगमलाल महतो को चिलदाग पंचायत के सिमलिया राजस्व गांव का सहायक सचिव चुना गया। रविवार को सिमलिया में आयोजित विशेष ग्रामसभा में सर्वसम्मति से चयन प्रक्रिया संपन्न हुआ। अध्यक्षता ग्रामप्रधान तुलेश्वर पाहन ने किया। इसके अलावा गायत्री देवी को महिला सदस्य व समिति का अध्यक्ष ग्रामप्रधान तुलेश्वर पाहन बने रहेंगे। ज्ञात हो कि ग्रामसभा को मजबूत करने को लेकर पेशा कानून के तहत राज्य सरकार के निर्देश पर समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर सुरेश महतो, नागेश्वर सिंह भोगता, अनिता देवी, बबीता देवी, सुनील कुमार महतो, संजीत प्रजापति, नरेश सिंह भोगता, रोगना महतो, राहुल प्रमाणिक, दुलारी देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## संथाल समाज दिशोम मांझी परगना केन्द्रीय समिति ने की बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी** : संथाल समाज दिशोम मांझी परगना केंद्रीय समिति की बैठक संथाल समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा की अध्यक्षता और केंद्रीय महासचिव सोनाराम मांझी के संचालन में हुई। बैठक में 30 मई 2026 को संथाल समाज दिशोम मांझी परगना का 30वां स्थापना दिवस आक्षात बैंक्वेट हॉल कुजू में धूम-धाम से मनाने का निर्णय लिया है। बैठक में समाज की एकता, मजबूती एवं संथाली कला, संस्कृति, परम्परा एवं सामाजिक अधिकारों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा ने कहा कि स्थापना दिवस समारोह में संथाली पारम्परिक नृत्य, संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक-कला, समाज की गौरवशाली परम्पराओं पर बल दिया जाएगा। संथाली संस्कृति, भाषा, रीति-रिवाज और पारम्परिक विरासत को संरक्षित एवं आगे बढ़ाने समाज का नैतिक दायित्व है। इस आधुनिक दौर में अपनी पहचना और संस्कृति को बचाए रखना है। बैठक में मुख्य रूप से संथाल समाज के केंद्रीय कोषाध्यक्ष एतो बास्के, केंद्रीय उपाध्यक्ष अलख कुमार मांझी, केन्द्रीय उपाध्यक्ष कान्दो मराण्डी, केन्दीय सचिव पन्नालाल मुर्मू, सहकोषाध्यक्ष प्रदीप सोरेन, प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश मांझी, प्रखण्ड कोषाध्यक्ष अमित हांसदा, चेतो मरांडी, सनु मदन सोरेन, धनीराम मांझी आदि।

## भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक सम्पन्न

# मजदूर का नेतृत्व मजदूर करें, राजनीति करनेवाले नहीं : बी. सुरेन्द्रन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा** : रिवर साइड स्थित ऑफिसर्स क्लब में भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की 99वीं बैठक रविवार को संपन्न हो गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष बलिराम यादव और संचालन प्रदेश महामंत्री राजीव रंजन सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. सुरेंद्रन और विशिष्ट रूप में क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला शामिल रहे। समापन सत्र को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला ने कहा कि संपर्क, संवाद और समर्पण से ही संगठन मजबूत होता है। जिला कमेटी जितनी सक्षम होगी प्रदेश कमेटी उतनी ही मजबूत होगी। उन्होंने कहा कहा कि जिलों में नये कार्यकर्ता तैयार करें और लीडरशीप की क्षमता को और विकसित करें। संयम, परिश्रम और अनुशासन से सफलता निश्चित रूप से मिलेगी है। इसके उपरांत बैठक के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों सहित लोगों को अंगवस्त्र और बैग लेकर सम्मानित किया गया। जिसमें सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष निर्गुण महतो, महामंत्री शशिभूषण सिंह, बरका-सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष सुभाष चंद्र ओझा, सचिव शंभू प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष सुख-चैन सिंह, उपाध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता, भुरकुंडा शाखा अध्यक्ष नौशाद आलम, सचिव अनिल पासवान, बिरसा सचिव संतोष पांडेय और हरिनाथ महतो सहित अन्य शामिल रहे। अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. सुरेन्द्रन ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ ने चार लेबर कोड में वेतन संहिता और सामाजिक सुरक्षा को पूर्ण समर्थन किया है। आईआर कोड और ओएसएच कोड में कुछ त्रुटियां हैं। जिसपर हमें घोर आपत्ति है और केंद्र सरकार से कानून में बदलाव कर विसंगतियों को दूर करने की मांग कर रहे है। चार लेबर कोड में ठेका पद्धति को न्यायबद्ध किया गया है, भारतीय मजदूर संघ इससे सहमत नहीं हैं, हम ठेका पद्धति का कतई समर्थन नहीं करते हैं। इसके अलावा चार लेबर कोड में यूनियन के अधिकारों पर प्रश्न खड़े किए गए हैं, जिससे भारतीय मजदूर संघ सहमत नहीं हैं। इस विसंगतियों को दूर करने के लिए केंद्र सरकार से मांग की जा रही है। हमें विश्वास है कि केंद्र सरकार कानून में बदलाव कर इस दिशा में जरूर पहल करेगी। वहीं एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमारे संगठन और दूसरे संगठन में यही है कि हम लोग वर्कमैन लीडरशीप यानी मजदूरों के नेतृत्व को ही मानते हैं। कोयला क्षेत्र के अधिकांश संगठन राजनीति पक्ष में अंग हैं या राज नेता के नेतृत्व में चलता है। जबकि भारतीय मजदूर संघ का स्पष्ट विचार हैं कि मजदूर ही मजदूर का नेतृत्व करें। उन्होंने कहा कि पहले कोयला क्षेत्र में मैनेजमेंट ने मजदूरों के नेतृत्व को नहीं माना और सम्मान नहीं दिया। वहीं राजनीति करनेवाले लोगों को सम्मान दिया गया और उनकी बातें सुनी गई। मैनेजमेंट को अब दृष्टिकोण बदलनेकी जरूरत है। जिस दिन मजदूर को नेतृत्व मिलेगा, समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष बलिराम महतो ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बैठक का समापन किया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल उरीमारी में ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी** : डीएवी पब्लिक स्कूल उरीमारी में रविवार को समर कैंप का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि वेंकटेश राजेश द्वारा किया गया। यह शिविर 17 मई से 20 मई तक आयोजित किया जाएगा। कैंप में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की उपयोगी एवं रोचक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें शू-पॉलिशिंग, नेल कटिंग, टाई-नॉट, पर्सनल हाइजीन, स्टिचिंग, गुड मैनर्स तथा पर्सनालिटी डेवलपमेंट, कैरियर काउंसलिंग, व्यवसायिक शिक्षा आदि जैसी गतिविधियां प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त सीनियर विद्यार्थियों के लिए विशेष कोचिंग की भी व्यवस्था की गई है। अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय वेंकटेश राजेश ने विद्यालय प्रबंधन के कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविर विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध होगा। वहीं विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत कुमार भुइंया ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास, व्यवहार-कुशलता और रचनात्मकता को विकसित करने में अत्यंत सहायक होते हैं।

## एक झलक

### बच्चों की मासूमियत ने मोहा सभी का मन



**रांची** : आज की कक्षा की शुरूआत बच्चों ने ॐ जप से कर वातावरण को पवित्र बना दिया। इस दौरान बच्चों को निबंध लिखना सिखाया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपने विचार इतनी मासूमियत और गर्व के साथ प्रस्तुत किये कि सबका हृदय भाव-विभोर हो उठा। साथ ही, बड़े बच्चों की कम्प्यूटर ट्रेनिंग करायी जा रही है। इसके पश्चात शक्ति शबरी बस्ती टीम मेम्बर ने बच्चों को भारतीय संस्कार के महत्व को सरल और रोचक ढंग से समझाया। बच्चों ने अपनी मातृ भूमि से जुड़ने और इसकी सेवा करने का संकल्प लिया। आज की यह कक्षा बच्चों में देशभक्ति की भावना और प्रकृति के प्रति आभार; दोनों ही भरने में सफल रही। शक्ति शबरी बस्ती की ओर से एफटीएस युवा रांची ने यह जानकारी दी है।

### जरूरतमन्द लोगों के बीच नि:शुल्क भोजन व पानी वितरण



**रांची** : हरिदेव सेवा संघ द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भाती इस रविवार को बरियातू रिम्स रांची में जरूरतमंद एवम मरीजों के बीच नि:शुल्क भोजन एवं पानी का भंडारा किया गया, जिसमें संस्था के संस्थापक संजीत कुमार साहु एवं सदस्यों का भी योगदान महत्वपूर्ण रूप से दिया।

सड़क दुर्घटना दम्पति घायल

**बेड़ो** : बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर पुरना पानी बाजार मोड़ के समीप रविवार की रात लगभग सात बजे एक बाइक सवार दंपति अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए। घायलों में लाल पंडरिया सिसई गुमला निवासी 24 वर्षीय प्रिंस गिरी व 19 वर्षीय पत्नी अंजली कुमारी है। जिन्हें स्वजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां डा काजोल की देखरेख में दोनों घायलों का उपचार किया गया। प्रिंस गिरी ने बताया कि वे अपने ससुराल बेड़ो पुरियो से अपने घर जा रहे थे। तभी पुरना पानी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया।

### जिला प्रशासन की ओर से उपेक्षापूर्ण व्यवहार पर भाजपा ने कड़ा एतराज जताया

**रांची** : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और जनजातीय समाज के सम्मानित नेता अर्जुन मुंडा के साथ चाईबासा परिसदन में जिला प्रशासन की ओर से उपेक्षापूर्ण व्यवहार पर भाजपा ने कड़ा एतराज जताया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर राज्य सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाते हुए लिखा है कि किसी का पद स्थाई नहीं होता, लेकिन लोकतांत्रिक परंपरा हर हाल में कायम रहनी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि अर्जुन मुंडा के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, वह केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक परंपराओं, प्रशासनिक मर्यादाओं एवं जनजातीय समाज के सम्मान का भी विषय है। पद स्थायी नहीं होते, समय के साथ आते-जाते रहते हैं, लेकिन किसी व्यक्ति का योगदान, अनुभव एवं सामाजिक सम्मान सदैव महत्वपूर्ण रहता है। जो व्यक्ति राज्य के मुख्यमंत्री एवं देश के केंद्रीय मंत्री जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन कर चुके हो, उसके प्रति सामान्य प्रशासनिक शिष्टाचार एवं गरिमा का पालन किया जाना अपेक्षित था। साहू ने आगे कहा है कि यह भी अत्यंत चिंताजनक है कि पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के साथ भी चाईबासा में डीसी द्वारा असम्मानजनक व्यवहार किए जाने का मामला सामने आ चुका है। क्या यह अब एक परंपरा बनती जा रही है कि जनजातीय समाज के वरिष्ठ नेताओं की गरिमा की अनदेखी की जाये?

# बंदियों को समाज की मुख्यधारा में लाना ही उद्देश्य : डालसा

- जेल अदालत का सफल आयोजन
- जेल अदालत में कुल 14 बंदियों के आवेदन को न्यायालय के समक्ष रखा गया, जिनमें 01 बंदी को किया गया लाभ प्रदान




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव ईंचार्ज की मौजुदगी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार रांची में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव इंचार्ज कुशेश्वर शंकु, न्यायिक दंडाधिकारी, विजय यादव रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, एलएडीसी टीम के सदस्यगण, जेल के अधिकारी, आशीष कुमार, कम्युनिटी पी.ल.वी, कोर्ट स्टाफ स्टाफ उपस्थित थे। बीरेंद्र प्रताप सहायक एलएडीसी ने मंच का संचालन करते हुए उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने ने बंदियों को संबोधित करते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इसके उपरांत रेलवे मजिस्ट्रेट ने वहां उपस्थित बंदियों को संबोधित करते हुए सुधारने हेतु और बाहर निकल कर रोजी रोजगार करने हेतु जागरूक किया। तदोपरांत, डालसा सचिव इंचार्ज ने बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी और अपनी समस्याओं को एलएडीसी मेंबर्स के समक्ष रखने हेतु प्रोत्साहित किया। यह भी ज्ञात हो कि जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर में बंदियों को विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर नालसा, झालसा एवं द्वारा बंदियों को दी जानेवाली कानूनी सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया साथ ही कारा में बंदियों को चिकित्सीय शिविर लगा कर जांच भी किया गया। इस अवसर पर सचिव ईंचार्ज कुशेश्वर शंकु, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची, रेलवे न्यायिक दण्डाधिकारी रांची, विजय कुमार, काराधीक्षक कुमार चन्द्रशेखर, कारापाल लवकुश कुमार, एल.ए.डी.सी के सदस्यगण, काराकर्मी एवं बंदीगण एवं अन्य उपस्थित थे।

## रांची पुलिस ने चोरी का मामला सुलझाया, दो आरोपित गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची की लोअर बाजार थाना पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में मो. अदनान अंसारी और मो. अफसर शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। लोअर बाजार थाना प्रभारी लव कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि 13 मई को पीड़ित अमन के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ घर से मोबाइल फोन और नकदी चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर दोनों आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपितों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित मो. अफसर का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पहले से ही सदर थाना और लोअर बाजार थाना में विभिन्न मामले दर्ज हैं। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

# झारखंड में मौसम लगातार बदल रहा करवट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में मौसम लगातार करवट बदल रहा है। पिछले 15 दिनों से राज्य के विभिन्न जिलों में हो रही बारिश के कारण लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है। रविवार को राज्य का सबसे ठंडा जिला लातेहार रहा, जहां अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पलामू राज्य का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण राज्य भर में लोगों को कभी गर्मी तो कभी ठंड का एहसास हो रहा है। राजधानी रांची समेत कई जिलों में बीते दिनों हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक वर्षा मंझारी में दर्ज की गई, जहां 18 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। इसके अलावा गुमला, बानो और बिशुनपुर समेत राज्य के अन्य हिस्सों में भी हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम तापमान रांची के कांके क्षेत्र में 17.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप निकली। दोपहर बाद लोगों को प्रचंड गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। रांची में अधिकतम तापमान 35.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को किया गया जागरूक

## विधिक जागरूक कर लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना ही उद्देश्य : डालसा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव ईंचाज की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में रविवार को कांके प्रखण्ड के कोंगे गांव में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी राजेन्द्र महतो, शरदा देवी, समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



डालसा रांची के पीएलवी ने झालसा द्वारा संचालिय योजना मानवता, आत्मनिर्भरर्ता, तृप्ति, निरोगी भव, चेतना, साथी एवं अन्य योजनाओं परे लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के अंतर्गत लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता, परामर्श, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा पीएलवी ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह, बाल श्रम, राष्ट्रीय लोक अदालत, नशा उन्मूलन, डायन-बिसाही पर विधिक जागरूकता कर लोगों को जागरूक किये। पीएलवी राजेन्द्र महतो एवं शारदा देवी ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी गयी। पीएलवी ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आगामी 12 सितम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की भी जानकारी दी। अंत में डालसा के कार्यरत पीएलवी के द्वारा पम्पलेट व लिफलेट का वितरण भी किया गया।

### लायंस ईस्ट का मेडिकल जांच शिविर सम्पन्न

## बच्चों के लिए शारीरिक गतिविधियां आवश्यक : डॉ. ईश्वर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट द्वारा निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन एल्बर्ट एक्का चौक स्थित लायंस ईस्ट के प्याऊ पर किया गया जिसमें केरल से आए, बच्चों में हड्डियों की बीमारी समबन्धित सलाहकार डॉ ईश्वर ने अपनी सेवा प्रदान की। उन्होंने कहा कि बच्चों को शारीरिक रूप से गतिविधियां करनी चाहिए और मोबाइल से न्यूनतम इंटरैक्ट करते हुए आउटडोर खेलों में भाग लेना चाहिए। ज्ञातव्य हो कि डॉ ईश्वर पेडियाट्रिक स्पोर्ट्स इंजरी एवं स्पाइन संबंधित क्षेत्र में कार्यरत हैं। हेल्थ पॉइंट अस्पताल रांची के आमंत्रण पर रांची आए डॉ ईश्वर एवं लायंस ईस्ट निरामया अस्पताल तथा पारा मेडिकल टीम के सहयोग से आयोजित शिविर में 45 लोगों ने आ कर परामर्श लिया और लाभ उठाया। यह शिविर ला अमरचंद बेंगानी के संयोजन में संपन्न हुआ, जिसमे पूर्व जिलापाल राजेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष ला रतन अग्रवाल, क्लब के अध्यक्ष ला भारतेंदु झा, उपाध्यक्ष सुनील माथुर, सचिव अमित कुमार, रामकृष्णा जी, अशोक अग्रवाल, रामबालक वर्मा, किशन गोपालका, प्रेम जायसवाल आदि लायन सदस्य उपस्थित थे।

## जेसीएम ने Cluster system की विसंगति से विनोद पाण्डेय को कराया अवगत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रविवार को Ranchi University में उच्च तकनीकी एवं शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित गजट-2026 के अंतर्गत Restructuring एवं Cluster System से संबंधित विभिन्न बिंदुओं से Jharkhand Chhatra Morcha के प्रतिनिधियों ने झामुमो केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता Vinod Kumar Pandey को अवगत कराया। इस दौरान विश्वविद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। छात्र मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कहा कि उच्च शिक्षा में किसी भी प्रकार की पुनर्संरचना एवं Cluster System लागू करने से पूर्व विश्वविद्यालय प्रशासन, संबद्ध महाविद्यालयों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र प्रतिनिधियों से व्यापक विचार-विमर्श एवं उचित मार्गदर्शन प्राप्त किया जाना आवश्यक है। इसके उपरांत ही किसी नई व्यवस्था को लागू किया जाना चाहिए, ताकि छात्र हित, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं प्रशासनिक संतुलन प्रभावित न हो। Vinod Kumar Pandey ने विषय की गंभीरता को समझते हुए आश्वासन दिया कि संबंधित मुद्दों पर उचित स्तर पर सकारात्मक पहल की जाएगी तथा छात्र, शिक्षक एवं कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रयास किया जाएगा।

## 'प्यार बांटते चलो' अभियान के तहत जरूरतमन्दों के बीच बांटा गया भोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से रविवार को प्यार बांटते चलो अभियान के तहत अन्नपूर्णा सेवा कार्यक्रम का आयोजन हरमू रोड स्थित गौशाला परिसर में किया गया। शाखा अध्यक्षा शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्य में जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्षा शुभा अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक भोजन पहुंचाकर समाजसेवा और मानवता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है तथा मंच आगे भी इसी तरह के सेवा कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान शाखा की सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और पूरे उत्साह के साथ भोजन वितरण कार्यक्रम को सफल बनाया।

### सेवा, संगठन व सामाजिक जागरण का नया संकल्प

## झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के अध्यक्ष ने सम्भाला कार्यभार




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष ने आज एक भव्य एवं गरिमामयी सभा के बीच अपना कार्यभार आधिकारिक रूप से संभाल लिया है। स्वागत महासचिव विद्याधर प्रसाद ने किया और आगामी कार्ययोजना की जानकारी दिया।स्वास्थ्य कारणों से कुछ समय तक संगठन की सक्रिय भूमिका से दूर रहने के पश्चात, पूर्णतः स्वस्थ होकर लौटे अध्यक्ष का संघ के वरिष्ठ संरक्षकों, पदाधिकारियों एवं ऊजार्वान कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपने भावुक संबोधन में नवनियुक्त अध्यक्ष ने संपूर्ण शौंडिक समाज का आभार व्यक्त किया और संगठन को विकास के एक नए स्वर्णिम युग में ले जाने का दृढ़ संकल्प दोहराया। उन्होंने संघ की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना और संगठन को और अधिक मजबूत व प्रगतिशील बनाना है। आने वाले दिनों में समाज के भीतर शिक्षा, स्वास्थ्य और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए एक विस्तृत श्रृंखला शुरू की जाएगी, जिसके साथ ही समाज में व्याप्त पुरानी कुरीतियों और अंधविश्वास को वैज्ञानिक सोच और शिक्षा के माध्यम से दूर करने के लिए युवाओं को जोड़कर एक व्यापक सामाजिक अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक उदय शंकर प्रसाद जी ने छात्रवृत्ति और गरीब कन्या विवाह पर जोर दिया। प्रेस को संबोधित करते हुए संघ के पदाधिकारियों ने हाल ही में संपन्न हुई महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठकों के निर्णयों और धरातल पर उतारे जा रहे कार्यों का विवरण साझा करते हुए बताया कि गत 28/04/2026 को श्री सुनील साहु जी की अध्यक्षता में आयोजित कार्य समिति की बैठक के निर्णय के अनुसार, भीषण गर्मी को देखते हुए रांची शहर के छह प्रमुख स्थानों पर जनहित में प्याऊ की व्यवस्था सफलतापूर्वक की गई है।

### पहाड़ी मंदिर में व्याप्त भ्रष्टाचार व अव्यवस्था के विरुद्ध स्थानीय लोगों ने की बैठक

## मुख्यमंत्री व उपायुक्त को मिल कर सौंपा जायेगा ज्ञापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : पहाड़ी मंदिर को लेकर श्री अजय तिर्की एवं श्री उत्तम यादव जी के संयुक्त अध्यक्षता में आज पहाड़ी मंदिर यात्री शेड परिसर में बैठक संपन्न हुई, पहाड़ी मंदिर में व्याप्त भ्रष्टाचार, अव्यवस्था एवं स्थानीय लोगों की उपेक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्ष 1992 में पहाड़ी मंदिर विकास समिति का गठन स्थानीय नागरिकों के आर्थिक सहयोग एवं सामाजिक प्रयासों से किया गया था। उस समय रांची के उपायुक्त को समिति का अध्यक्ष तथा एसडीएम को सचिव बनाया गया था। समिति में पहाड़ी मंदिर की चारों दिशाओं में निवास करने वाले स्थानीय लोगों को भी स्थान दिया गया था, ताकि मंदिर की व्यवस्था पारदर्शी एवं जनसहभागिता आधारित रहे। परंतु समय बीतने के साथ कुछ लोगों ने मंदिर पर एकाधिकार स्थापित करने की मंशा से स्थानीय नागरिकों को धीरे-धीरे



समिति से बाहर कर दिया और मनमाने ढंग से कार्य करना प्रारंभ कर दिया। आज स्थिति यह है कि पहाड़ी बाबा की पूजा विभिन्न समितियों एवं मंडलों द्वारा अलग-अलग तरीके से की जाती है, जबकि सामान्य श्रद्धालुओं को उस समय पूजा-अर्चना की अनुमति तक नहीं दी जाती। मंदिर परिसर में बड़े अक्षरों में 'फोटो एवं वीडियो लेना निषिद्ध' लिखा गया है, परंतु प्रतिदिन कुछ विशेष लोगों एवं अधिकारियों को प्रसन्न करने हेतु पूजा के वीडियो, तस्वीरें एवं प्रसाद भेजे जाते हैं। यह आस्था एवं समानता की भावना के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने के नाम पर पहाड़ी मंदिर की मूल संरचना एवं सौंदर्य के साथ खिलवाड़ किया गया। मंदिर की संरचनात्मक व्यवस्था को क्षति पहुँचाई गई, परंतु इसकी कोई निष्पक्ष जांच आज तक नहीं हुई। पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जाने वाले चढ़ावे का कोई पारदर्शी लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं है। मंदिर की आय एवं व्यय की सार्वजनिक जानकारी नहीं दी जाती, जिससे आम लोगों के मन में अनेक प्रश्न उत्पन्न हो रहे हैं।

# पुंदाग स्थित श्रीराधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की ओर से संचालित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में रविवार को 266वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्री राधा-कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। पूरे परिसर को रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक विद्युत सज्जा और पारंपरिक अलंकरण से भव्य रूप से सजाया गया था। मंदिर में विराजमान श्री राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण का दिव्य श्रृंगार



श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए कतारबद्ध नजर आए तथा पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था की अद्भुत छटा दिखाई दी। कार्यक्रम के तहत दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कर महाप्रसाद का भोग लगाया। इसके बाद भक्तों के बीच अन्नपूर्णा सेवा के अंतर्गत महाप्रसाद वितरण किया गया। महाप्रसाद कार्यक्रम में प्रकाश अग्रवाल, प्रेमलता अग्रवाल एवं अजय अग्रवाल के सौजन्य से श्रद्धालुओं के बीच मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी, जलजीरा शर्बत और सत्तू पानी का वितरण किया गया। भीषण गर्मी के बीच शीतल पेय और प्रसाद की व्यवस्था से श्रद्धालुओं ने विशेष संतोष व्यक्त किया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य महसूस किया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि अन्नपूर्णा सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और आध्यात्मिक एकता की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की ओर से नियमित रूप से इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। भजन संध्या कार्यक्रम ने आयोजन को और अधिक भक्तिमय बना दिया। ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने श्री राधा-कृष्ण के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

## परस्पर सामंजस्य और जमीनी वास्तविकताओं के आधार पर भाषा समस्या का समाधान सम्भव : बंधु तिर्की

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : पूर्व मंत्री एवं झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा है कि परस्पर सामंजस्य और जमीनी वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए ही राज्य में जारी भाषा विवाद का समाधान किया जा सकता है। तिर्की ने कहा कि आपसी मतभिन्नता अपनी जगह पर पूरी तरीके से सही है लेकिन कटुता के आधार पर भाषा संबंधित मामले का समाधान नहीं हो सकता। रविवार को राजधानी रांची में अपने आवास पर प्रेस वार्ता में तिर्की ने कहा कि उनके मंत्रित्व काल में 1 अप्रैल 2011 को जारी अंधिसूचना संख्या 1632 में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संबंधी मामले का जिस प्रकार से समाधान सुझाया गया था उससे बेहतर समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि उस अधिसूचना को तैयार करने से



पूर्व विशेषज्ञ समिति में राज्य के विख्यात जनजातीय भाषाविद एवं झारखण्ड के समाज को समझने वाले अनेक लोग थे। तिर्की ने कहा कि राज्य में अनेक सीमावर्ती जिले वैसे हैं जहाँ भोजपुरी, अंगिका जैसी भाषायें बोली जाती है और सरकार द्वारा 2011 में जारी उस वर्णित अधिसूचना में उन सभी बातों का पूरा ध्यान रखा गया था। लेकिन कुछ लोगों ने जैसे सरकार के ऊपर दोषारोपण करने को ही अपनी जिम्मेदारी समझ लिया है। तिर्की ने कहा कि जिस भोजपुरी एवं अंगिका को बिहार में भी आधिकारिक रूप से वैसी मान्यता नहीं दी गयी है उसे झारखण्ड में मान्यता दिलाने के नाम पर कुछ लोग अनावश्यक विवाद पैदा कर रहे हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है। तिर्की ने कहा कि बिहार के रोहतास, पूर्णिया, पश्चिमी चंपारण आदि में भी उरांव जनजाति की बड़ी आबादी रहती है जिसकी कुड़ुख भाषा है और जिनकी अपनी संस्कृति है। इसके अतिरिक्त बिहार में संथाल जनजातीय समुदाय के लोग बड़ी संख्या में पूर्णिया, कटिहार, मुंगेर आदि जिलों में रहते हैं। जबकि बिहार में संथाली और कुड़ुख भाषा को मान्यता नहीं दी गयी है। जो लोग अनावश्यक विवाद पैदा करते हैं उन्हें पहले बिहार में कुड़ुख और संथाली भाषा को मान्यता दिलवानी चाहिये। साथ ही बिना बात के अनावश्यक रूप से राई का पहाड़ नहीं बनाना चाहिये।

## एक झलक

### कटकमसांडी-इचाक के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, कृष्ण बालमुचू बने नये कनीय अभियंता



**हजारीबाग :** हजारीबाग के कटकमसांडी और इचाक प्रखंड के बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। विद्युत विभाग के आदेश के तहत कनीय विद्युत अभियंता श्री कृष्ण बालमुचू को कटकमसांडी एवं इचाक विद्युत आपूर्ति प्रशाखा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उन्होंने 15 मई 2026 को औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया।

नई तैनाती के बाद अब बिजली कटौती, लोकल फॉल्ट, बिलिंग समस्या, नया कनेक्शन और जले ट्रांसफार्मर जैसी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। श्री बालमुचू ने कहा कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति और समय पर शिकायतों का निपटारा उनकी प्राथमिकता होगी। उपभोक्ता बिजली संबंधी किसी भी समस्या के लिए सीधे कनीय अभियंता कृष्ण बालमुचू से मोबाइल नंबर 73688 82989 पर संपर्क कर सकते हैं।

### ग्रामीणों ने केदला वाशरी के बिजली सबस्टेशन में जड़ा ताला, बिजली आपूर्ति ठप

**चरही :** सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र (चरही) के तहत केयूजीपी माइंस के समीप बिजली के चपेट में आने से बिजली मिस्त्री की मौत हो गयी ।इसकी जानकारी मिलते ही लईयो के ग्रामीणों ने रविवार सुबह में जमकर धरना–प्रदर्शन करते हुए तमाम परियोजनाओं का कार्य ठप कर दिया। ग्रामीणों ने केदला वाशरी के पास स्थित बिजली सब स्टेशन का तमाम कार्य बंद कराकर मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। जिसके कारण सुबह सात बजे से सीसीएल के तमाम परियोजनाओं का कार्य ठप हो गया है ।चरही से लेकर लईयो तक सुबह से बिजली आपूर्ति ठप हो गया है ।सैकड़ों ग्रामीण केयूजीपी कार्यालय समक्ष धरना देते हुए प्रबंधन से मुआवजे और नौकरी के मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन की घोर लापरवाही के कारण कार्य के दौरान ढोटाटांड़ निवासी मिस्त्री राजू महतो पिता स्व. चुरामन महतो की मौत हो गई है। वहीँ कार्य के दौरान मुकेश महतो पिता शिवनारायण महतो गंभीर रूप से घायल हुआ है। मौके पर मुखिया मदन महतो ने कहा कि ग्रामीण इसके विरोध में सीसीएल झारखंड उत्खनन परियोजना,केदला उत्खनन परियोजना,केदला भूगर्भ परियोजना का तमाम कार्य सुबह सात बजे से ठप कर दिया गया है। प्रबंधन से मांग किया है कि मृतक के आश्रित को 25 लाख रूपया,नौकरी एवं वैकल्पिक रोजगार व उसके बच्चों को 18 साल तक शिक्षा दिलाया जाय। वहीँ घायल व्यक्ति का बेहतर इलाज की मांग की गई है। खबर लिखे जाने तक प्रबंधन की ओर से अभी तक कोई पहल नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा है कि इसका हल तत्काल नहीं निकला गया तो आंदोलन किया जायेगा ।और सभी परियोजनाओं के कार्यों के कार्यों को ठप करा दिया जाएगा ।जिसकी सारी जवाब देही प्रबंधन को होगी। धरना–प्रदर्शन में मुख्य रूप से मुखिया मदन महतो, रमेश राम, राजेश रजवार, रवि कुमार, रूपा महतो, बसंत कुमार, बलभद्र दास, किशुन महतो, बसंत महतो, जेपी झा, जयनाथ महतो, लीलावती देवी, जिप सदस्य भोला तुरी पप्पू दुबे सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल है।

### वेल्स ग्राउंड में मैच के दौरान भड़के विधायक प्रदीप प्रसाद

**हजारीबाग :** शहर के ऐतिहासिक वेल्स ग्राउंड में टाटा स्टील और एचडीसीए टीम के बीच आयोजित क्रिकेट मैच के दौरान शनिवार को उस समय माहौल गर्म हो गया, जब हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद मैदान पहुंचकर आयोजन समिति ध्क्षक्ष्अ हजारीबाग जिला किक्रट संघ पर खुलकर नाराज हो गए। विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि हर मैच और आयोजन में उनका नाम प्रमुखता से लिखा जाता है, लेकिन उन्हें आधिकारिक रूप से कभी आमंत्रित नहीं किया जाता और न ही किसी प्रकार की पूर्व सूचना दी जाती है।

# खेल युवाओं को अनुशासन व ऊर्जा देता है : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर स्थित अन्नदा कॉलेज मैदान में ओमेगा ग्रुप ट्रस्ट द्वारा आयोजित हजारीबाग क्रिकेट प्रीमियर लीग ओमेगा कप T-10 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांच लगातार बढ़ता जा रहा है। टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ 15 मई को हुआ जो 25 मई तक खेला जायेगा। 25 मई को टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला जायेगा। शनिवार को दूसरे दिन खेले गये तीन मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दूसरे दिन खेले गये टूर्नामेंट के मैच के दौरान हजारीबाग उपायुक्त हेमंत सती बतौर मुख्य अतिथि शरीके हुए साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान अन्नदा कॉलेज की टीम की ओर से शानदार क्रिकेट मैच खेलकर क्रिकेट के रोमांच को और बढ़ा दिया। आयोजक मंडली द्वारा उपायुक्त हेमंत सती का मोमेंटो देकर गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। खिलाड़ियों और दर्शकों ने भी तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका अभिनंदन किया। पहला मुकाबला हेलिओस वॉरियर्स और डीएक्स 11 के बीच खेला गया। हेलिओस वॉरियर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 71 रन बनाये। जवाबी पारी में डीएक्स 11 की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 74 रन बनाकर 8 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। दूसरा और सबसे रोमांचक मुकाबला नूरा (ओल्ड हजारीबाग) और अन्नदा कॉलेज टीम के बीच खेला गया। इस मैच में हजारीबाग के उपायुक्त हेमंत सती भी अन्नदा कॉलेज की टीम की ओर से मैदान में उतरे और शानदार खेल का प्रदर्शन कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। नूरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 125 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अन्नदा कॉलेज की टीम 6 विकेट पर 99 रन ही बना सकी। इस प्रकार नूरा की टीम ने 26 रनों से शानदार जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला ब्लू वर्ल्ड (गुड्डू 11) और जुम्बी 11 (डब्ल्यूटीआई) के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लू वर्ल्ड की टीम 40 रन पर ऑल आउट हो गई। जवाब में जुम्बी 11 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 विकेट से आसान जीत हासिल की। मैच के दौरान उद्घोषक की भूमिका शरीफुल्ला गुड्डू और सचिन राणा ने निभाई, जबकि अंपायर की जिम्मेदारी मोहम्मद खुर्शीद, गौरव और सुजल ने सफलतापूर्वक निभाई। इस अवसर पर उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिलता है। उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। टूर्नामेंट के आयोजक सह ओमेगा ग्रुप ट्रस्ट के वाइस चेयरमैन शादाब अंसारी ने कहा कि ओमेगा कप का उद्देश्य हजारीबाग के युवाओं और क्रिकेट प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराना है। साथ ही नशा उन्मूलन को लेकर हमारा एक प्रयास है जिसमें अन्नदा कॉलेज के प्राचार्य डॉ नीलमणि मुखर्जी और झारखंड एसोसिएशन का सहयोग लगातार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के खेल आयोजनों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित किया जाता रहेगा।



## विभावि में तीन दिवसीय कार्यशाला 25 मई से

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परिसर में 25 से 27 मई, 2026 को तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का केंद्रीय विषय है: मुख्यधारा के शिक्षार्थियों में विशिष्ट अधिगम विकलांगताओं के लिए संकाय क्षमता निर्माण। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के क्दअउ (इंटरनल क्वालिटी अस्शोरेंस सेल) द्वारा संचालित और नई दिल्ली स्थित COL-CEMCA (Commonwealth Educational Media Centre for Asia) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला में कुल 50 प्रतिभागियों का पंजीकरण हुआ है, जिनमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक शामिल हैं। कार्यशाला में सैद्धान्तिक और प्रायोगिक दोनों पहलुओं पर सम्यक प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम में सैद्धान्तिक सत्रों के साथ-साथ व्यवहारिक कार्यशालाएं, केस-स्टडी, और समावेशी शिक्षण रणनीतियों के लिये कार्यात्मक उपकरणों का प्रदर्शन भी शामिल है। इस प्रशिक्षण से प्रभारी संकाय सदस्यों को ऐसे शिक्षार्थियों की पहचान, मूल्यांकन और शिक्षण अनुकूलन (teaching adaptations) करने के व्यावहारिक कौशल प्राप्त होंगे। इसके अलावा डिजिटल एड्स, सहायक तकनीकें और कक्षा-आधारित रणनीतियों पर भी विशेष फोकस होगा। IQAC, VBU के निदेशक डॉ. अविनाश कुमार ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि सभी मुख्यधारा के शिक्षक SLD वाले विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को समझें और उनके लिये समावेशी शिक्षण वातावरण सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने आगे बताया कि COL-CEMCA के साथ साझेदारी से हमें अंतरराष्ट्रीय मानकों और संसाधनों तक पहुंच मिली है, जो प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ायेंगी। COL-CEMCA संस्था का फोकस शिक्षा में समावेशन और तकनीकी सहायताओं के द्वारा शिक्षण में गुणवत्ता को बढ़ाना है।

# हजारीबाग में शतरंज का रोमांच चरम पर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में तथा ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन की अधिकृत अनुमति से आयोजित चौथी एचडीसीए ऑल इंडिया ओपन फाइड रेटिंग चेस प्रतियोगिता 2026 का भव्य शुभारंभ शनिवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय मल्टीपरपज हॉल में हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुकाबले पूरी तरह रोमांच, रणनीति और उत्साह से भर गये हैं प्रतियोगिता में प्रतिदिन दो-दो राउंड खेले जा रहे हैं और अब तक कुल चार राउंड संपन्न हो चुके हैं। तीसरे राउंड तक सुबीयान टुंडू अपने शानदार प्रदर्शन के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। देश के विभिन्न राज्यों से आये खिलाड़ी अपनी रणनीति और अनुभव का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हर बोर्ड पर चल रहे मुकाबलों में खिलाड़ियों की निगाहें बिसात पर टिकी हैं और हर चाल के साथ जीत की उम्मीदें और मजबूत होती जा रही हैं। तीसरे राउंड की पेयरिंग में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। शीर्ष बोर्ड पर आईएम सुभयान कुंडू का मुकाबला विराट जालान से हुआ। वहीं सिकंदर अनीस का सामना अनुपतोष बिस्वास से, संबर्ता बनर्जी का मुकाबला अनिर्बान साहू से तथा पल्लब बाला की भिड़ंत राघव श्रीवास्तव से हुई। इसके अलावा अर्पण दास बनाम अभिषेक राज, एआईएम अर्चिष्मान पांडा बनाम किशन कुमार, आदित्य कुमार झा बनाम सिन्हा सुधीर कुमार, देबंजन सिन्हा बनाम आरव राज मेहता, अचिंत्य कश्यप बनाम तनिष्क कुमार तथा अबीर मित्रा बनाम दीपक लाल साहा के बीच भी मुकाबले आकर्षण का केंद्र रहे। प्रथम चरण के इस प्रतियोगिता में कुल 272 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें हजारीबाग के 71 वर्षीय विजय कुमार सिंह सबसे अधिक उम्र के प्रतिभागी हैं, जबकि मात्र साढ़े छह वर्ष के आरव कुमार सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनकर सभी के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। खिलाड़ी और उनके परिजन हजारीबाग की मनमोहक वादियों का आनंद ले रहे हैं। आयोजन समिति की ओर से खिलाड़ियों के लिए आवास, भोजन, पेयजल, सुरक्षा एवं परिवहन की बेहतर व्यवस्था की गई है, जिससे किसी भी प्रतिभागी को कोई असुविधा न हो।



### केन्द्रीय वन समिति की बैठक में समिति को सक्रिय करने का लिया निर्णय

**चरही :** मांडू विधानसभा के कुजू पूर्वी केंद्रीय वन पर्यावरण सह प्रबंधन समिति की एक बैठक रविवार को कुजू स्थित पंचायत भवन सभागार में वीरू महतो की अध्यक्षता में की। बैठक में समिति का पुनर्गठन करने तथा वन समितियों को सक्रिय करने का निर्णय लिया गया साथ ही साथ वन समितियों का केंद्रीय स्तर पर सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि सी सी एल की ओर से वन भूमि पर खनन करने तथा वन विभाग की ओर से एन ओ सी पर समितियों का सहमति नहीं लिये जाने पर विरोध प्रकट किया गया। इस मुद्दे को लेकर संबंधित क्षेत्र में बैठक कर आंदोलन की रूप रेखा तैयार करते हुए जोरदार आंदोलन किया जायेगा। आगामी 2 जून को पेटरवार सभागार पी सी सी एफ रांची की अध्यक्षता में जे एफ एम सी कार्यकर्ता की तैयारी बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो, मोहम्मद सुलेमान अंसारी सचिव, गंगाधर महतो, अशोक सिंह लाल बहादुर महतो चंद्रदेव महतो बलदेव महतो जय नाथ महतो सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब दारू चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज

# विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों ने लिया नामांकन प्रपत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू (हजारीबाग) :** प्रेस क्लब दारू चुनाव को लेकर क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। प्रेस क्लब के आगामी चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव समिति द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही विभिन्न पदों के लिए संभावित उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी मजबूत करनी शुरू कर दी है। चुनाव को लेकर पत्रकारों एवं प्रेस क्लब सदस्यों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए राजन सिन्हा ने नामांकन प्रपत्र प्राप्त किया है। सचिव पद के लिए सुनील कुमार एवं दिनेश पासवान ने नामांकन फॉर्म लेकर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी शुरू कर दी है। कोषाध्यक्ष पद के लिए बजरंग सहाय एवं अजय यादव ने भी नामांकन प्रपत्र लिया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए वीरेंद्र यादव ने अपना नामांकन फॉर्म प्राप्त किया। इधर सचिव पद के संभावित उम्मीदवार सुनील कुमार तथा कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए वीरेंद्र यादव ने अपना भरा हुआ नामांकन प्रपत्र निर्वाचन आयोग के समक्ष जमा कर दिया है। इसके बाद चुनावी माहौल और अधिक सक्रिय हो गया है तथा अन्य संभावित उम्मीदवार भी नामांकन प्रक्रिया पूरी करने में जुट गये हैं। निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों ने बताया कि नामांकन प्रपत्र लेने की अंतिम तिथि सोमवार निर्धारित की गई है। इसके बाद मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी तथा इच्छुक उम्मीदवारों को नाम वापस लेने का अवसर भी दिया जाएगा। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार बुधवार को मतदान कराया जाएगा। मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।



## राजगंज में 'समझौता गैंग' को लेकर चर्चाएं तेज, अवैध कोयला डिपो और जमीन विवादों पर उठे सवाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** राजगंज थाना क्षेत्र में इन दिनों जमीन विवाद, कथित अवैध कोयला डिपो और विवादों के बाद होने वाले समझौतो को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय लोगों के बीच लगातार यह सवाल उठ रहा है कि आखिर हर विवाद, घटना और हादसे के बाद समझौता कराने में सक्रिय रहने वाले लोग कौन हैं और उन्हें संरक्षण कहां से मिल रहा है। चर्चा उस घटना के बाद और तेज हो गई, जब राजगंज के डोमानपुर स्थित एक कथित अवैध कोयला डिपो के बाहर मिनी हाइवा की चपेट में आने से दुलाल कुम्हार नामक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजन और ग्रामीण डिपो के बाहर धरने पर बैठ गए थे। आरोप है कि इसके बाद कुछ लोग बीच-बचाव के नाम पर सक्रिय हुए और मामले को सेटल कराने के लिए मुआवजे को लेकर बातचीत शुरू कर दी गई। इस पूरे घटनाक्रम ने इलाके में कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में जमीन विवाद के मामलों में भी अक्सर कुछ बाहरी चेहरे सक्रिय नजर आते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे लोग विवादों में हस्तक्षेप कर समझौते के नाम पर अपनी भूमिका निभाते हैं, जिससे निष्पक्षता और गोपनीयता दोनों पर सवाल उठ रहे हैं। लोग अब हजारीबाग की उस चर्चित घटना का भी जिक्र कर रहे हैं, जिसमें कथित तौर पर थाना से जुड़े एक यूट्यूबर पर पैसों की मांग करने का आरोप लगा था। बाद में जंगल से तीन शव मिलने के बाद परिजनों ने दलाली और साजिश का आरोप लगाते हुए कई लोगों पर हत्या का मामला दर्ज कराया था।

# झारखंड कुरमी महासभा, हजारीबाग जिला का 11वां प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया जायेगा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही/हजारीबाग :** जिला के चुरचू प्रखंड के चरही लाल बंगला में 17 मई 2026 को झारखंड कुरमी महासभा, हजारीबाग की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष माननीय देवकी महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन के प्रदेश संरक्षक कुमेश्वर महतो उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला में आगामी 'प्रतिभा सम्मान समारोह' के आयोजन की रूपरेखा तैयार करना और सामाजिक युवाओं को प्रोत्साहित करना था। बैठक की शुरूआत में पूर्व में हुई बैठक की समीक्षा करते हुए सर्वसम्मति से उसकी संपुष्टि की गई। इसके बाद संगठन के पदाधिकारियों ने समाज के शैक्षणिक विकास और विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने पर गंभीर चर्चा की।



**मैट्रिक के मेधावी छात्र-छात्राएं होंगे सम्मानित**

**बैठक** में सर्वसम्मति से एक बड़ा और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। संगठन द्वारा जिला स्तर पर एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें मैट्रिक 10वीं एवं उससे अधिक एवं सरकारी नौकरी पाने वाले व्यक्ति को भी सम्मानित किया जायेगा। परीक्षा में 85% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जायेगा। संगठन का मानना है कि इस पहल से युवाओं में शिक्षा के प्रति प्रतिस्पर्धा और आगे बढ़ने की भावना मजबूत होगी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश संरक्षक कुमेश्वर महतो, जिला अध्यक्ष देवकी महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी महतो, जिला महासचिव राम टहल महतो, कोषाध्यक्ष खेमलाल महतो, युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव गुलचन्द महतो, दिलीप कुमार महतो एवं चोलेश्वर महतो सहित संगठन के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## उद्घाटन के दूसरे दिन ही बंद पड़ी जलापूर्ति योजना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** महुदा के सिंगड़ा पंचायत स्थित पाण्डेडीह गांव में करोड़ों की ग्रामीण जलापूर्ति योजना उद्घाटन के अगले ही दिन बंद हो जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गांव के लोगों का आरोप है कि वर्षों से सिर्फ शिलान्यास, उद्घाटन और आश्वासन का खेल चल रहा है, जबकि आज तक घरों तक नियमित पानी नहीं पहुंच सका।

बीते 3 मई को बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने नारियल फोड़कर योजना का दोबारा शुभारंभ किया था। उद्घाटन के दौरान अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया था कि अब जल संकट समाप्त हो जायेगा और लोगों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। लेकिन अगले ही दिन योजना ठप हो गई। इससे ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।

ग्रामीणों के अनुसार, करीब पांच वर्ष पहले तत्कालीन विधायक व वर्तमान



धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने इस योजना का शिलान्यास किया था, लेकिन योजना कभी सुचारु रूप से संचालित नहीं हो सकी। इस बीच पदुगोड़ा रेलवे अंडरपास निर्माण के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे डेढ़ वर्ष तक जलापूर्ति पूरी तरह बंद रही। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब टंकी के पास बनी नाली को मिट्टी से ढंक दिए जाने के कारण गंदा पानी सड़क पर बहने लगा। सड़क के एक ओर आंगनबाड़ी केंद्र और दूसरी ओर प्राथमिक विद्यालय होने से बच्चों में बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों ने जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# हजारीबाग में वन विभागीय चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों का भव्य अधिवेशन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के ओल्ड फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को झारखंड राज्य वन विभागीय चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ, हजारीबाग रीजन का अधिवेशन सह संगठनात्मक बैठक बेहद उत्साह, जोश और संगठनात्मक एकता के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारीबाग रीजन अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। कर्मचारियों की मौजूदगी और एकजुटता ने यह संदेश दिया कि अब कर्मचारी अपने अधिकारों और संगठन की मजबूती को लेकर पूरी तरह सजग और संगठित हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं संरक्षक श्री वंशी राम की गरिमामयी उपस्थिति ने कर्मचारियों में नई ऊर्जा का संचार किया। वहीं अराजपत्रित कर्मचारी सेवा संघ, हजारीबाग के अध्यक्ष, सचिव, जिला महामंत्री तथा झारखंड राज्य वन सेवा संघ के महामंत्री, जिला मंत्री एवं संयुक्त मंत्री सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और प्रधान लिपिक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान तथा अधिकारों की रक्षा को लेकर गंभीर चर्चा हुई। अधिवेशन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण तब आया जब सर्वसम्मति से हजारीबाग रीजन स्तरीय नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई टीम में मुख्य संरक्षक के रूप में महेश राम, अध्यक्ष पद पर मोहम्मद खालिद, सचिव पद पर अमित यादव तथा कोषाध्यक्ष के रूप में अरुण साव को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, संघर्ष समिति एवं मीडिया प्रभारी सहित कई पदों पर कर्मचारियों को संगठनात्मक दायित्व देकर टीम को मजबूत स्वरूप प्रदान किया गया। नवगठित कार्यकारिणी के गठन के साथ ही कर्मचारियों में उत्साह और विश्वास का माहौल देखने को मिला। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसकी एकता और सक्रियता में होती है। कर्मचारियों के हितों की रक्षा, सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। नवचयनित पदाधिकारियों से उम्मीद जताई गई कि वे संगठन की गरिमा और अनुशासन को बनाए रखते हुए कर्मचारियों की आवाज को मजबूती से उठायेंगे। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित सदस्यों ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। अधिवेशन ने यह साबित कर दिया कि वन विभागीय चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी अब संगठनात्मक शक्ति के साथ अपने हक और सम्मान की लड़ाई को नई धार देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में प्रदेश मंत्री ने आचार्यों को किया सम्बोधित

# संस्कार युक्त शिक्षा, राष्ट्रभक्ति युक्त शिक्षा, चरित्र निर्माण एवं वैज्ञानिक प्रतिभा का विकास करा कर भैया-बहनों का सर्वांगीण विकास करें : डॉ. वृजेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में डॉ ब्रजेश, प्रदेश मंत्री, विद्या विकास समिति, झारखंड एवं डॉ सुनीता गुप्ता, सदस्य, प्रांतीय टोली, विद्या विकास समिति, झारखंड ने रविवार को विद्यालय के आचार्य बंधु-भगिनी को संबोधित किया। मौके पर प्रदेश मंत्री डॉ ब्रजेश ने अपने संबोधन में आचार्य चाणक्य एवं सावित्रीबाई फुले का उदाहरण देते हुए संस्कार एवं एवं राष्ट्रभक्ति से समाहित शिक्षा देने की बात कही। जिससे बच्चे का चरित्र निर्माण हो सके। आप सभी आचार्य बंधु-भगिनी बच्चे का रोल मॉडल कैसे बनेंगे। इसका चिंतन करें। आप निर्धन बच्चों को शिक्षा कैसे देंगे। इसका चिंतन अवश्य करें। शिशु के अंदर संस्कार कैसे भरेंगे। इसका प्रयोग अति आवश्यक है। एटीएल के माध्यम से टोली बनाकर बच्चों के वैज्ञानिक प्रतिभा को विकसित करें। इस अवसर पर उन्होंने आचार्य को गुणवत्ता शिक्षा पर जोर देने की बात कही। मालूम हो की डॉ सुनीता गुप्ता ने आचार्य बैठक में कहा-बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे पहले संस्कार युक्त शिक्षा आवश्यक है। इसके साथ मानसिक बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास कराकर भैया-बहनों का सर्वांगीण विकास करना विद्या भारती का लक्ष्य है। आप सभी आचार्य जी-दीदी जी अपने ज्ञान को अद्यतन रखते हुए भैया-बहनों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। सिलेबस को पूरा करने के साथ भोजन, भजन, भाषा, भूषा, भवन एवं भ्रमण को केंद्रित कर बच्चों को शिक्षा दे।



# हजारीबाग में जलापूर्ति के लिए कोनार डैम से पेयजलापूर्ति की स्कीम पूरी तरह तैयार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** 37 डिग्री सेल्सियस के बढ़ते पारे और प्रचंड धूप के बीच हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल का जनसंवाद अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में रविवार की सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 31 और 32 के विभिन्न इलाकों का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निराकरण के लिए सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया। सांसद मनीष जायसवाल जैसे ही निगम क्षेत्र के खिरगांव श्रीराम चौक पहुंचे, वहां पहले से मौजूद भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने गाजे-बाजे और ढोल-ताशों के साथ उनका फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद सांसद मनीष जायसवाल स्थानीय नागरिकों के साथ खिरगांव माली टोला, भुइयां टोली और पाल मोहल्ला होते हुए खिरगांव देवी मंडप प्रांगण स्थित धर्मशाला पहुंचे, जहां स्थानीय कमिटी और प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा उनका भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। धर्मशाला में आयोजित बैठक में स्थानीय लोगों ने एक-एक कर अपने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से सांसद मनीष जायसवाल को अवगत कराया। जनसमस्या सुनने के पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने पेयजल संकट पर कहा कि हजारीबाग में जलापूर्ति के लिए कोनार डैम से पेयजलापूर्ति की स्कीम पूरी तरह तैयार है। लेकिन दुर्भाग्यवश, राज्य सरकार की उदासीनता के कारण फिल्टर प्लांट के लिए अब तक जमीन उपलब्ध नहीं हो सकी है। यह योजना लगभग अंतिम चरण में है, जैसे ही फिल्टर प्लांट का निर्माण होगा, लोगों को घरों तक कोनार डैम से शुद्ध पानी मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि केवल बोरिंग कराना जलापूर्ति का स्थाई समाधान नहीं है। हमें जल संरक्षण की दिशा में खुद भी जागरूक होना होगा। केंद्र सरकार की योजनाएं लगातार धरातल पर चल रही हैं, जबकि राज्य सरकार की योजनाएं अधर में लटकी हैं। उन्होंने कहा कि आपके कलौदी तालाब में सामुदायिक शौचालय, बेलाही तालाब में देवी मंडप के समीप सामुदायिक भवन और तालाब में गार्डवाल निर्माण की स्वीकृति उनके तत्कालीन विधायक कार्यकाल में विधायक निधि की राशि से दी है। इस संबंध में सांसद मनीष जायसवाल ने संबंधित संवेदक समूहों के लोगों कहा कि इन योजनाओं को समय पर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि यह मेरा ही विचार था कि सामुदायिक भवन के ऊपरी तल्ले का निर्माण कराया जाये ताकि इस क्षेत्र के लोगों को सामाजिक कार्य में यह सामुदायिक भवन लाभांवित साबित हो। उन्होंने कहा कि जब तक आप नीचे का काम पूरा नहीं करेंगे, हम ऊपर काम कैसे शुरू करा सकते हैं? आप नीचे का काम पूर्ण करिए, हम ऊपर चार कमरों का हॉल जरूर बनवायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में कराई गयी बोरिंग अगर खराब है, तो उसे ठीक कराने में वे हरसंभव मदद करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि श्मशान घाट के आगे छठ घाट निर्माण का कार्य प्रगति पर है। सांसद मनीष जायसवाल ने खिरगांव में भव्य देवी मंडप के निर्माण के लिए स्थानीय सनातनियों के एकजुट प्रयास की सराहना की और इसके लिए आभार जताया।



### पेलावल व लोहसिंघना थाना में ऑन द स्पॉट हुआ समाधान

**हजारीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे भूमि विवाद समाधान अभियान के तहत शनिवार को पेलावल ओपी और लोहसिंघना थाना परिसर में संयुक्त शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया। पेलावल ओपी में कटकमसांडी अंचल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता एवं ओपी प्रभारी वेद प्रकाश पांडे ने पांच मामलों की सुनवाई कर एक मामले का ऑन द स्पॉट समाधान किया। लोहसिंघना थाना में सदर अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार और थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा ने चार मामलों का त्वरित निष्पादन किया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे जमीन विवादों के समाधान में तेजी आयेगी और आम जनता का भरोसा प्रशासन पर और मजबूत होगा। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी मामलों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से समाधान किया जायेगा।

## एक झलक

### पार्टी विरोधी गतिविधियों पर युवा कांग्रेस सख्त, अध्यक्ष ने की निन्दा

**धनबाद** : युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आदित्य आनंद ने पार्टी के भीतर रहकर संगठन विरोधी गतिविधियां करने वाले कार्यकर्ताओं पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस हमेशा भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करती रही है, लेकिन कुछ अवसरवादी लोग संगठन में रहकर ही 'विभीषण' की भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे लोगों ने प्रशासन को 18 कार्यकर्ताओं के नाम सौंपकर उन पर प्राथमिकी दर्ज कराने का काम किया, जो पूरी तरह दुर्भाग्यपूर्ण है। आदित्य आनंद ने कहा कि हाल के दिनों में भ्रष्ट और जनविरोधी अंचल अधिकारी (सीओ) के खिलाफ युवा कांग्रेस द्वारा शांतिपूर्ण आंदोलन चलाया गया था। इस आंदोलन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह ने संगठन और कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा के लिए समर्थन दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंदोलन का किसी निजी स्वार्थ या व्यक्तिगत कार्य से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि अब कुछ लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जनता और कार्यकर्ताओं के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोग संगठन की विचारधारा से भटक चुके हैं और भ्रष्ट अधिकारियों के दलाल की भूमिका निभा रहे हैं। युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संगठन भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई आगे भी जारी रखेगा और पार्टी विरोधी गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### कांग्रेस में अनुशासनहीनता पर बड़ी कार्रवाई, दो नेता निष्कासित

**धनबाद** : जिला कांग्रेस कमिटी ने अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में बड़ी कार्रवाई करते हुए कांग्रेस नेता मनोज सिंह को छह वर्षों तथा प्रीतम रवानी को दो वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इस निर्णय की जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अक्षयवर प्रसाद एवं बम भोले सिंह ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर दी। प्रवक्ताओं ने कहा कि संगठन विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि बैभव सिन्हा ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसकी अनुशंसा पार्टी स्तर पर कार्रवाई के लिए की जाएगी। जिला कांग्रेस नेताओं ने रविरंजन सिंह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने धनबाद अंचल अधिकारी रामप्रवेश कुमार से मिलकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे कांग्रेस नेताओं की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराई। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि कुछ लोग व्यक्तिगत स्वार्थ में संगठन को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं। प्रवक्ता अक्षयवर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता की समस्याओं, भ्रष्टाचार, पानी-बिजली संकट और जन अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मेयर चुनाव में कुछ नेताओं ने दूसरे दलों का समर्थन किया और अब पार्टी के भीतर स्लिपर सेल की तरह काम कर रहे हैं। जिला कांग्रेस कमिटी ने स्पष्ट किया कि संगठन की गरिमा से समझौता नहीं किया जायेगा।

### बाबा बैद्यनाथ धाम में रागिनी-संजीव ने टेका माथा, राज्य की सुख-समृद्धि की कामना

**धनबाद** : झरिया विधायक रागिनी सिंह और धनबाद के मेयर संजीव सिंह ने रविवार को देवघर स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की। दोनों नेताओं ने मंदिर में जलार्पण कर झरिया, धनबाद समेत पूरे झारखंड राज्य में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच 'बोल बम' और 'हर हर महादेव' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। पूजा-अर्चना के बाद विधायक रागिनी सिंह और मेयर संजीव सिंह ने बासुकीनाथ धाम पहुंचकर बाबा बासुकीनाथ का दर्शन-पूजन किया और प्रदेशवासियों के सुखद भविष्य एवं जनकल्याण की प्रार्थना की।

### सदर अस्पताल में सप्ताहव्यापी जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ, 24 मई तक चलेगा विशेष अभियान

# मानसिक तनाव से दूरी बना कर उच्च रक्तचाप जैसी बीमारी से बचें : डॉ. आलोक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर रविवार को सदर अस्पताल में सप्ताहव्यापी जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा एवं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. संजीव कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों एवं चिकित्सा पदाधिकारियों को उच्च रक्तचाप के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ.




आलोक विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में उच्च रक्तचाप एक गंभीर लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है। उन्होंने लोगों से तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने तथा संतुलित आहार लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि खुशहाल जीवन और मानसिक तनाव से दूरी बनाकर काफी हद तक उच्च रक्तचाप जैसी बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व उच्च रक्तचाप दिवस की थीम 'अपने रक्तचाप को सही जानें, इसे नियंत्रित करें, लंबा और स्वस्थ जीवन पाए' रखी गयी है। इसी थीम के अनुरूप जिलेभर में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि 24 मई 2026 तक जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में उच्च रक्तचाप एवं उससे बचाव को लेकर विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस दौरान आम लोगों को बीमारी के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी दी जायेगी। साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले लोगों, स्वास्थ्य कर्मियों तथा चिकित्सा पदाधिकारियों की रक्तचाप जांच भी की जायेगी।

कार्यक्रम में एनसीडी सेल के पदाधिकारी, दंत चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं सदर अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की है।

### मंडल कारा धनबाद में जेल अदालत व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित, बंदियों को मिली कानूनी व चिकित्सीय सहायता

**धनबाद** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को मंडल कारा धनबाद में जेल अदालत एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बंदियों को त्वरित न्यायिक सहायता उपलब्ध कराना तथा उनके स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श देना था। इस अवसर पर अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि बंदियों के अधिकारों की सुरक्षा एवं उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जेल अदालत के माध्यम से बंदियों से संबंधित मामलों की सुनवाई कर उन्हें कानूनी सहायता एवं अधिकारों की जानकारी दी गई। वहीं स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सकों की टीम द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के दौरान सामान्य स्वास्थ्य, रक्तचाप, शुगर सहित अन्य बीमारियों की जांच कर आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार विमलेंदु, सहायक कन्हैयालाल ठाकुर, नीरज गोयल, शैलेंद्र झा, सुमन पाठक, स्वाति कुमारी, मुस्कान चोपड़ा, जेलर सौरव सरकार, अरुण कुमार, चिकित्सक दल, न्यायिक पदाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सदस्य उपस्थित थे।

## विज्ञान संकाय की जिला टॉपर पूनम कुमारी को विधायक ने किया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विज्ञान संकाय में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली पूनम कुमारी को रविवार को झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सम्मानित किया। विधायक ने पूनम कुमारी को शॉल ओढ़ा कर एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि पूनम कुमारी की उपलब्धि पूरे धनबाद जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के दम पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। पूनम ने अपनी



मेहनत से यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण और साधारण परिवारों के बच्चे भी प्रतिभा के बल पर बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं और पूनम जैसी प्रतिभाशाली छात्राएं समाज तथा राज्य का भविष्य हैं। विधायक ने अभिभावकों की भूमिका की भी सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे परिवार का त्याग और सहयोग भी महत्वपूर्ण होता है। कार्यक्रम के दौरान टिंकु साव, प्रमोद मंडल, दिनेश रवानी, अजय रवानी, चंदन रवानी, उमेश सिंह एवं पंकज गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह में उपस्थित लोगों ने पूनम कुमारी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### आवास योजनाओं में लापरवाही पर सख्ती, खराब प्रदर्शन करनेवाले पंचायत सचिवों को शोकॉज

**धनबाद** : जिले में आवास योजनाओं की धीमी प्रगति पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने शनिवार देर शाम सभी प्रखंडों के बीडीओ, प्रखंड समन्वयक और पंचायत सचिवों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक कर प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिवों पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम किस्त मिलने के बावजूद खिड़की स्तर तक निर्माण कार्य नहीं कराने वाले लाभुकों और संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई करते हुए तय लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाले 25 पंचायत सेवकों के कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में पूर्वी टुंडी प्रखंड के मोहालीडीह, रघुनाथपुर और रामपुर पंचायत तथा तोपचांची प्रखंड के चैता एवं सिंहदाहा पंचायत के पंचायत सचिवों की प्रगति असंतोषजनक पाये जाने पर उन्हें शोकॉज जारी करने का निर्देश दिया गया।

### नीट-यूजी 2026 पेपर लीक के विरोध में आप का प्रदर्शन

## केन्द्र सरकार का फूंका पुतला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर/धनबाद** : नीट-यूजी 2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के विरोध में रविवार को आम आदमी पार्टी धनबाद जिला इकाई के बैनर तले डिगवाडीह डिनोबिली मोड़ के समीप जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया तथा परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ियों की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व युवा नेता शदरे आलम ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में लगातार पेपर लीक और अनियमितताओं की घटनाएं सामने



आने से देश के लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। छात्रों और अभिभावकों में भय और असुरक्षा का माहौल है। मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के साथ अन्याय हो रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वक्ताओं ने केंद्र सरकार से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'मेहनत का हक दो, भ्रष्टाचार बंद करो', 'पेपर लीक बंद करो, छात्रों का भविष्य सुरक्षित करो' जैसे नारे लगाये। प्रदेश प्रवक्ता भास्कर सुमन ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लगातार हो रही गड़बड़ियां युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। वहीं जिला प्रभारी राजेश कुमार ने कहा कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा। वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह मिनू ने कहा कि युवाओं का भरोसा बनाये रखने के लिए सरकार को पारदर्शी व्यवस्था लागू करनी होगी।

### एफसीआई की बेदखली कार्रवाई के खिलाफ उभरा जनाक्रोश

## 942 आवास खाली कराने के फैसले का विरोध तेज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद)** : सिन्दरी के मनोहरटांड़ और एसएल-2 क्षेत्र स्थित करीब 942 आवासों को खाली कराने के एफसीआई प्रबंधन के निर्णय के खिलाफ स्थानीय लोगों का विरोध तेज हो गया है। रविवार को मनोहरटांड़ में झारखंड बचाओ संग्राम समिति, कांग्रेस और भाकपा माले समर्थकों ने संयुक्त रूप से जनसभा आयोजित कर बेदखली अभियान का विरोध किया। सभा में बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय लोग शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए झारखंड बचाओ संग्राम समिति के अध्यक्ष कौशल सिंह ने एफसीआई प्रबंधन के फैसले को नादिरशाही फरमान बताते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर मनोहरटांड़ और एसएल-2 के आवास खाली नहीं होने दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां रहने वाले लोग पिछले तीन दशकों से बसे हुए हैं और उन्हें



उजाड़ने से पहले सरकार एवं प्रबंधन को पुनर्वास की व्यवस्था करनी होगी। उनके इस बयान का महिलाओं ने जोरदार समर्थन किया। सिंदरी नगर कांग्रेस अध्यक्ष रास बिहारी यादव ने कहा कि वर्ष 2002 में सिन्दरी खाद कारखाना बंद होने के बाद से एफसीआई प्रबंधन लगातार विभिन्न क्षेत्रों के आवास खाली कराने का दबाव बना रहा है, जिससे लोगों में भय का माहौल है। झामुमो नेता दिवास बेहरा ने भी बेदखली आदेश का विरोध करते हुए लोगों के साथ खड़े रहने की बात कही। सभा के बाद कौशल सिंह ने बताया कि कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही उपायुक्त धनबाद से मिल कर समस्या के समाधान की मांग करेगा।

### जिलेभर में चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, 1347 वाहनों की हुई जांच

**धनबाद** : जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को देर शाम तक जिलेभर में व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष जांच अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान कुल 1347 वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। जिन वाहनों के कागजात अधूरे या त्रुटिपूर्ण पाये गये, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे गये तथा वाहन मालिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये। वहीं चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की भी तलाशी ली गयी और उनकी पहचान का सत्यापन किया गया। कई स्थानों पर देर शाम तक पुलिस की सक्रियता देखी गई, जिससे असामाजिक तत्वों में हड़कम्प का माहौल रहा। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों पर निगरानी रखना, असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## महुदा इंटर कॉलेज में फिर गहराया विवाद, निगरानी समिति ने दी आन्दोलन की चेतावनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : महुदा इंटर कॉलेज में चल रहा विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। कॉलेज की निगरानी समिति ने रविवार को प्रेस वार्ता कर कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए वित्तीय अनियमितता, नियम विरुद्ध नियुक्ति और कर्मचारियों की अवैध बर्खास्तगी जैसे गंभीर आरोप लगाये। समिति ने चेतावनी दी है कि मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर 18 मई से पुनः अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जायेगा। समिति सदस्य प्रदीप महतो ने आरोप लगाया कि कॉलेज सचिव दीपनारायण शर्मा के कार्यकाल में संस्थान में व्यापक अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में नौ सूत्री मांगों को लेकर किये गये आमरण अनशन को प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के लिखित आश्वासन के बाद समाप्त किया गया था, लेकिन लगभग तीन माह बीत जाने के बावजूद किसी भी मांग पर कोई ठोस पहल नहीं हुई। इससे समिति सदस्यों और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। समिति ने वित्तीय अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच, ईपीएफओ घोटाले की सीबीआई या विजिलेंस जांच, फर्जी ईपीएफओ पंजीकरण रद्द करने, प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति निरस्त करने, कर्मचारियों का बकाया वेतन भुगतान तथा सचिव पर कठोर कार्रवाई की मांग उठाई है। प्रदीप महतो ने बाघमारा विधायक एवं शासी निकाय अध्यक्ष शत्रुघ्न महतो पर भी सचिव को संरक्षण देने का आरोप लगाया। वहीं धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष सह समिति सदस्य शारदा सिंह ने कहा कि जिस कॉलेज की नींव स्थानीय लोगों के श्रमदान और बलिदान से रखी गई थी, वहां अब शिक्षा के बजाय राजनीति और भ्रष्टाचार हावी हो गया है। उन्होंने प्रशासन से कॉलेज को राजनीतिक हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार से बचाने की मांग की।

### महुदा इंटर कॉलेज सचिव पर पत्रकारों से अभद्रता का आरोप, कार्रवाई की मांग तेज

**बाघमारा (धनबाद)** : महुदा इंटर कॉलेज के सचिव दीपनारायण शर्मा एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। स्थानीय पत्रकारों के साथ कथित अभद्र भाषा के प्रयोग का ऑडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र के पत्रकारों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मामले को लेकर पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उपायुक्त आदित्य रंजन तथा एसडीओ धनबाद से मिलकर सचिव के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग कर चुका है। अधिकारियों द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद रविवार को महुदा थाना में दोनों पक्षों को बुलाया गया था। निर्धारित समय पर कतरास प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकार थाना पहुंचे, लेकिन दूसरे पक्ष के दीपनारायण शर्मा थाना से बार-बार संपर्क किए जाने के बावजूद उपस्थित नहीं हुए। इसे लेकर पत्रकारों में नाराजगी और बढ़ गई। पत्रकारों ने जांच अधिकारी बिनोद सिंह से मामले में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष सह समिति सदस्य शारदा सिंह ने पत्रकारों के प्रति कथित अभद्र टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारों का सम्मान सर्वोपरि है और इस तरह की भाषा किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हो सकती। वहीं आजसू नेता प्रदीप महतो ने भी पत्रकारों के साथ हुए कथित अपमानजनक व्यवहार की निंदा करते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।



## सड़क निर्माण व तालाब जीर्णोद्धार योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/बलियापुर** : सिन्दरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए रविवार को विधायक चन्द्रदेव महतो ने फकीराडीह एवं दुधिया गांव में सड़क निर्माण और तालाब जीर्णोद्धार योजना का शिलान्यास किया। दोनों योजनाओं के शुभारंभ से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। फकीराडीह लालबांध पलानी रोड में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने फकीराडीह मोड़ से मल्लिकडीह होते हुए पलानी तक बनने वाली सड़क का विधिवत शिलान्यास किया। यह सड़क डीएमएफटी फंड से बनाई जाएगी। विधायक ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से पलानी, मल्लिकडीह और आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लंबे समय से इस सड़क की मांग कर रहे थे, जिसे अब पूरा



किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुखिया शांति देवी, लक्ष्मी नारायण महतो, जग्गू महतो, अमित बनर्जी, देवाशीष पांडेय, राजीव गोप, सीमा देवी, राधिका देवी, हराधन सिंह चौधरी, दीपक महतो, जयपाल महतो, हलधर मोदक, चंदन भुमिहार, उमेश गोप, आमोद बाउरी, रंजीत महतो, शत्रुघ्न महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इसके बाद विधायक ने जिला परिषद सदस्य उषा महतो एवं प्रमुख प्रतिनिधि विजय रजक के साथ दुधिया गांव में तालाब जीर्णोद्धार कार्य का भूमि पूजन किया। विधायक ने कहा कि गर्मी के मौसम में जल संकट से निपटने के लिए जलस्रोतों का संरक्षण जरूरी है। तालाब के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण से ग्रामीणों को पानी की सुविधा मिलने के साथ भूजल स्तर में भी सुधार होगा। मौके पर अख्तर अंसारी, प्रदीप उपाध्याय, सिराजुल अंसारी, संजय चौबे, लालगोपाल चौबे, हबीब अंसारी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### केन्दुआ भू-धंसान मामले में बीसीसीएल-डीजीएमएस पर उठे सवाल, बंद सड़क खोलने की मांग तेज

**धनबाद** : धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर केंदुआडीह थाना क्षेत्र के समीप भू-धंसान के कारण बंद पड़े सड़क मार्ग को जल्द चालू कराने की मांग अब तेज हो गई है। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने 15 मई को धनबाद उपायुक्त को पत्र सौंपकर बीसीसीएल और डीजीएमएस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पत्र में कहा गया है कि केंदुआडीह भू-धंसान घटना केवल प्राकृतिक हादसा नहीं, बल्कि संबंधित एजेंसियों की लापरवाही का परिणाम प्रतीत होता है। मंच की ओर से पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही बीसीसीएल और डीजीएमएस की भूमिका की समीक्षा कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग भी उठाई गई है। रंजीत सिंह ने डीसी को सौंपे गए पत्र के साथ कई दस्तावेज और साक्ष्य भी उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीसीसीएल ने वर्ष 2020 में डीजीएमएस को भेजे पत्र में पीबी एरिया अंतर्गत करकेंद स्थित नेहरू पार्क क्षेत्र को अग्नि प्रभावित और मानव जीवन के लिए असुरक्षित घोषित किया था। इसके बावजूद वर्ष 2021 में उसी क्षेत्र में 20 विस्थापित परिवारों को बसाया गया। मंच का आरोप है कि इसके बाद वर्ष 2025 में भी पुटकी 17 नंबर क्षेत्र के दर्जनों विस्थापितों को उसी कथित असुरक्षित इलाके में सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ बसाने का कार्य किया गया। इसे गंभीर प्रशासनिक और तकनीकी विरोधाभास बताते हुए मंच ने सवाल उठाया कि जब क्षेत्र असुरक्षित था तो वहां पुनर्वास की अनुमति कैसे दी गई।

### रैयतों ने बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ खोला मोर्चा

## खनन कार्य ठप करने की चेतावनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : बीसीसीएल कतरास क्षेत्र अंतर्गत लकड़का के खतियानी रैयतों ने रविवार को लकड़का में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया। रैयतों ने पुनर्वास, नियोजन एवं मुआवजे की लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए हरि कुंभकार एवं दक्षिणेश्वर कुंभकार ने कहा कि लकड़का मौजा संख्या 282 के रैयत पिछले 30-35 वर्षों से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं, लेकिन अब तक बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। उन्होंने कहा कि वर्षों से विस्थापन और खनन गतिविधियों का दंश झेल रहे ग्रामीणों के सब्र का बांध अब टूटने लगा है। ग्रामीणों के अनुसार, 25 अप्रैल 2026 को कोयला भवन धनबाद स्थित अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर आरआर पॉलिसी के तहत पुनर्वास एवं नियोजन की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इससे प्रभावित रैयतों में भारी आक्रोश व्याप्त है। दक्षिणेश्वर कुंभकार ने कहा कि जल्द ही बीसीसीएल के सीएमडी, उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर एक सप्ताह के भीतर मांगों के निष्पादन की मांग की जायेगी। यदि तय समय सीमा में कार्रवाई नहीं हुई तो आठवें दिन आरके माइंस में चल रहे कोयला खनन कार्य को पूरी तरह ठप कर दिया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी बीसीसीएल प्रबंधन एवं जिला प्रशासन की होगी।

# झारखंड स्टेट किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद के मेमको मोड़ स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 16 और 17 मई को पांचवीं झारखंड स्टेट किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राज्य के 13 जिलों से पहुंचे सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा का दम दिखाया।

इस बार की चैंपियनशिप कई मायनों में खास रही। झारखंड किक बॉक्सिंग के इतिहास में पहली बार डे-नाइट मुकाबलों का आयोजन किया गया, जिसने खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के



उत्साह को दोगुना कर दिया। रोशनी से जगमगाते एरिना में हुए मुकाबले काफी रोमांचक रहे और दर्शकों ने देर रात तक खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का संचालन अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रमाणित रेफरीज की निगरानी में किया गया। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, तकनीक और दमदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। बच्चों और युवाओं में किक बॉक्सिंग को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार खिलाड़ियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो झारखंड में किक बॉक्सिंग के बढ़ते प्रभाव और लोकप्रियता को दर्शाता है। खेल के प्रति युवाओं का बढ़ता रुझान भविष्य में राज्य को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिला सकता है। चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए आयोजक राज संचु राजवार एवं झारखंड किक बॉक्सिंग टीम की खेल प्रेमियों ने सराहना की। आयोजन को सफल बनाने में धनबाद खेल विभाग का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा एवं उनकी टीम के सहयोग की खिलाड़ियों, कोचों और अभिभावकों ने प्रशंसा की। खेल जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को बेहतर मंच देने के साथ-साथ राज्य में खेल संस्कृति को भी मजबूत कर रहे हैं। वहीं, झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव प्रवीण कुमार के मार्गदर्शन में झारखंड किक बॉक्सिंग लगातार नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है।

### योगासन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

### डी.एम. पब्लिक स्कूल व होली मदर एकेडमी बने चैंपियन



**धनबाद** : शहर के दी लाइट हाउस रिसोर्ट में आयोजित दो दिवसीय छठा धनबाद जिला योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता रविवार को रंगारंग माहौल में संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों, योग संस्थानों और प्रशिक्षण केंद्रों से पहुंचे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। आयोजन के दौरान योगासन की विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने संतुलन, लचीलापन और मानसिक एकाग्रता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को लेकर बच्चों और अभिभावकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजसेवी सुधा सहाय ने किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रतियोगिता के सब-जूनियर वर्ग में डी.एम. पब्लिक स्कूल और जूनियर वर्ग में होली मदर एकेडमी ने चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं सीनियर ए वर्ग में भारती योगा एंड एक्टिविटी, सीनियर बी में रविदास योग सेंटर तथा सीनियर सी वर्ग में अनंत शक्ति योगा फिटनेस सेंटर विजेता रहे।

## सम्पादकीय.....

## एसआईआर : सवाल दर सवाल

**एसआईआर** के तहत मतदाता सूची से काटे गये लाखों नामों के बाद एक सवाल उठ खड़ा हुआ है कि क्या इन लोगों को नागरिक कहलाने का भी हक नहीं रहेगा? अब बिहार और बंगाल की भाजपा सरकारों ने इन सवालों को और पुख्ता कर दिया है। बंगाल और बिहार की सरकारों ने कहा है कि जिनके नाम एसआईआर में कट चुके हैं, वे अपने राज्यों में सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पायेंगे। पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार ने 11 मई को अपनी पहली कैबिनेट बैठक की, जिसमें उसने घोषणा की, कि राज्य में पिछली सरकारों की सभी सामाजिक योजनाएं जारी रहेंगी, साथ ही टीएमसी के शासन में जिन केन्द्रीय योजनाओं को रोका गया था, वे अब उपलब्ध होंगी। हालांकि, बैठक में तय हुआ कि न्यायाधिकरणों के समक्ष जिन मतदाताओं के मामले विचाराधीन हैं, उन्हें निर्णय होने तक वही सुविधाएं मिलती रहेंगी। वहीं, बिहार सरकार ने कहा कि जिन लोगों के नाम बिहार की मतदाता सूची से हटा दिये गये हैं, वे राशन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं सहित किसी भी सरकारी लाभ के हकदार नहीं होंगे। बिहार सरकार का यह कथन चकित करता है, क्योंकि आजादी के बाद संविधान तैयार करने और वयस्क मताधिकार लागू करने के पीछे मंशा यही थी कि देश के हर नागरिक को उसका हक मिले। सरकार ने व्यवस्था दी, कि मतदाता सूची तैयार करने के लिए लोगों तक पहुंचा जाये, कोई भी व्यक्ति इस हक से वंचित न रहे। लेकिन, एसआईआर के नाम पर बड़े पैमाने पर न केवल लोगों को मताधिकार से वंचित किया गया है, बल्कि अब सरकार की लाभकारी योजनाओं का हक भी उनसे छीना जा रहा है। जिस तरह के दस्तावेज मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए मांगे गये हैं, उन पर पहले ही सवाल उठ रहे थे कि गरीब लोग इन्हें कैसे जुटा पायेंगे, उनके पास ले देकर आधार या राशन कार्ड ही मिलता है। अब जो कुछ आम नागरिकों के पास था, वह भी उनसे छीना जा रहा है। इस तरह तो लोक कल्याणकारी सरकार की अवधारणा ही बदल जायेगी। मध्यमवर्ग या उच्च तबके की निःसंदेह अपनी परेशानियां हैं, लेकिन कम से कम दो वक्त की रोटी, कुछ दिनों का रोजगार, सरकारी अस्पतालों में सस्ता इलाज, मुफ्त शिक्षा जैसी मदद की जरूरत उन्हें नहीं है। मगर, पिछले छह वर्षों से जिन लोगों का गुजारा सरकार के दिये पांच किलो राशन से हो रहा हो या मनरेगा के तहत जिन्हें कुछ सौ रुपये की कमाई होती हो, वे लोग अब कहां जायेंगे। चुनावों में महिलाओं, बेरोजगारों, किसानों, मजदूरों के लिए जिन योजनाओं का वादा किया जाता है, उनसे भी अब ऐसे लोगों को वंचित रखा जायेगा, जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है। ध्यातव्य है कि नागरिकता से सम्बन्धित मामले, जिनमें नागरिकता छीनना भी शामिल है, नागरिकता अधिनियम, 1955 द्वारा शासित होते हैं, वहीं किसी व्यक्ति को विदेशी घोषित करने या नागरिकता रद्द करने का अधिकार केन्द्रीय गृह मंत्रालय के पास है। एसआईआर पर सर्वोच्च न्यायालय की सुनवाई के दौरान यह प्रश्न उठाया गया था कि क्या यह नागरिकता की कसौटी है। तब निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया था कि यद्यपि उसके पास नागरिकता निर्धारित करने का अधिकार नहीं है, फिर भी संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत नागरिकता की स्थिति को 'सत्यापित' करने का उसका अधिकार निहित है, जिसमें कहा गया है कि 18 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय नागरिक मतदाता के रूप में पंजीकृत हो सकते हैं। पिछले वर्ष जुलाई में अदालत में दायर अपने जवाबी हलफनामे में चुनाव आयोग ने इस बात पर जोर देते हुए कहा था...'एसआईआर प्रक्रिया के तहत, किसी व्यक्ति की नागरिकता इस आधार पर समाप्त नहीं होगी कि उसे मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए अयोग्य माना जाता है।' लेकिन, अब सारी प्रक्रिया उसी दिशा में बढ़ती हुई नजर आ रही है, जहां लाखों लोग भारत के नागरिक होने से ही वंचित हो जायेंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि वोटर कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। चुनाव आयोग ने हमें आश्वासन दिया था कि मतदाता सूची में नाम होना नागरिकता का प्रमाण नहीं है। अब सच्चाई सामने आ गयी है। नाम हटाये जाने का अर्थ भला यह कैसे हो सकता है कि लोग नागरिक नहीं हैं?

## किसने क्या कहा



टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी गुजरात देश का नेतृत्व करेगा

अमित शाह
गृहमंत्री



बेंगलुरु और मुम्बई के बीच जल्द शुरू की जायेगी वन्दे भारत स्लीपर सेवा

अश्विनी वैष्णव
रेल मंत्री

# अब 'कारपूलिंग' नहीं, 'फैमिली पूलिंग' का दौर

विशेष — प्रो. आरके जैन



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद की जनसभा में सात सूत्री संदेश के जरिये ईंधन के संयमित उपयोग, सार्वजनिक परिवहन, मेट्रो, इलेक्ट्रिक वाहनों, वर्क फ्रॉम होम और कारपूलिंग को अपनाने का स्पष्ट आह्वान किया। उन्होंने अपने काफिले को छोटा कर व्यक्तिगत उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे यह संदेश और अधिक प्रभावी बन गया। अमित शाह, योगी आदित्यनाथ और मोहन यादव जैसे नेताओं ने भी इस पहल को आगे बढ़ाया, लेकिन वास्तविक बदलाव तब दिखाई दिया जब आम परिवारों ने इसे 'फैमिली पूलिंग' के रूप में अपने जीवन में अपनाया। घरों की यात्रा व्यवस्था में आया यह परिवर्तन अब बड़े आर्थिक प्रभावों की दिशा दिखा रहा है। पेट्रोल के दाम 98 से 106 प्रति लीटर तक पहुंचने से मध्यमवर्गीय परिवारों के बजट पर दबाव बढ़ा, और इसी से फैमिली पूलिंग की सोच मजबूत हुई।

**होर्मुज** जलडमरूमध्य में भड़कती भू-राजनीतिक आग जब पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को हिला रही है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही हैं, तब भारत के आम घरों के भीतर एक गहरा सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन जन्म ले रहा है। पेट्रोल और डीजल के दाम ?100 के पार पहुंचकर अब केवल आर्थिक बोझ नहीं रह गए, बल्कि यह जीवनशैली और सोच पर सीधा प्रश्नचिह्न बन चुके हैं। इसी बदलते दौर में एक सशक्त विचार उभरता है–'कारपूलिंग से आगे अब फैमिली पूलिंग का युग शुरू हो चुका है।' यह केवल ईंधन बचत का साधन नहीं, बल्कि रिश्तों की मजबूती, साझा जिम्मेदारी और राष्ट्रभावना का नया संगठित स्वरूप बनकर सामने आ रहा है। राष्ट्रीय ऊर्जा खपत की दिशा बदलने वाली इस सोच के पीछे एक सशक्त नेतृत्वकारी दृष्टि काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद की जनसभा में सात सूत्री संदेश के जरिए ईंधन के संयमित उपयोग, सार्वजनिक परिवहन, मेट्रो, इलेक्ट्रिक वाहनों, वर्क फ्रॉम होम और कारपूलिंग को अपनाने का स्पष्ट आह्वान किया। उन्होंने अपने काफिले को छोटा कर व्यक्तिगत उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे यह संदेश और अधिक प्रभावी बन गया। अमित शाह, योगी आदित्यनाथ और मोहन यादव जैसे नेताओं ने भी इस पहल को आगे बढ़ाया, लेकिन वास्तविक बदलाव तब दिखाई दिया जब आम परिवारों ने इसे 'फैमिली पूलिंग' के रूप में अपने जीवन में अपनाया। घरों की यात्रा व्यवस्था में आया यह परिवर्तन अब बड़े आर्थिक प्रभावों की दिशा दिखा रहा है। पेट्रोल के दाम 98 से 106 प्रति लीटर तक पहुंचने से मध्यमवर्गीय परिवारों के बजट पर दबाव बढ़ा, और इसी से फैमिली पूलिंग की सोच मजबूत हुई। अब घर के सदस्य अलग-अलग वाहनों की जगह एक ही वाहन में ऑफिस, स्कूल, ट्यूशन और बाजार की यात्राएं कर रहे हैं। इससे ईंधन की खपत घट रही है और विदेशी मुद्रा की बचत भी बढ़ रही है। अनुमान है कि केवल 10 प्रतिशत ईंधन बचत भी देश के लिए हजारों करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ उत्पन्न कर सकती है, जिसे शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास में उपयोग किया जा सकता है।

यात्रा के स्वरूप में आया यह बदलाव अब केवल सुविधा नहीं, बल्कि गहरे भावनात्मक जुड़ाव का माध्यम बन गया है। सुबह की यात्रा अब दूरी तय करने का साधन नहीं रही, बल्कि एक जीवंत पारिवारिक संवाद-स्थल बन गई है। बच्चों की स्कूल की बातें, माता-पिता के ऑफिस अनुभव और बुजुर्गों की जीवन-सीख एक साथ सहजता से साझा होने लगी हैं। पहले जहां अकेले ड्राइविंग का तनाव और थकान होती थी, अब उसकी जगह बातचीत, मुस्कान और आत्मीय अपनापन ने ले ली है। 'हम साथ हैं' अब केवल विचार नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सच्चाई बन चुका है, जिसने पारिवारिक रिश्तों को और अधिक गहराई दी है।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह बदलाव अब सकारात्मक परिणाम के रूप में सामने आ रहा है। सड़कों पर वाहनों की संख्या घटने से कार्बन उत्सर्जन कम हुआ है, ट्रैफिक जाम में सुधार हुआ है और वायु गुणवत्ता में भी स्पष्ट सुधार देखने को मिल रहा है। दिल्ली-एनसीआर जैसे प्रदूषित क्षेत्रों में यह एक प्रभावी समाधान के रूप में उभरा है। कम वाहन, कम प्रदूषण और अधिक स्वच्छ हवा का यह संतुलन भारत को सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ा रहा है, जहां व्यक्तिगत सुविधा और सामूहिक जिम्मेदारी साथ-साथ चल रही हैं। व्यावहारिक स्तर पर यह मॉडल कुछ चुनौतियां भी सामने लाता है, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। परिवार के सदस्यों की अलग-अलग समय-सारणी को एक साथ संतुलित करना आसान नहीं होता। सुबह की जल्दबाजी, स्कूल-ऑफिस समय का तालमेल और छोटे मतभेद शुरूआती बाधाएं बनते हैं। लेकिन धीरे-धीरे इनका समाधान तकनीक और आपसी सहयोग से निकल रहा है। परिवार अब व्हाट्सएप ग्रुप, शेड्यूलिंग ऐप्स और समन्वय से समय को व्यवस्थित कर रहे हैं। कई महिलाओं ने इसे स्वतंत्रता में बाधा नहीं, बल्कि सामूहिक सशक्तिकरण के अवसर के रूप में अपनाया है, जिससे पारिवारिक सहयोग मजबूत हुआ है। इस बदलती प्रवृत्ति का असर अब अर्थव्यवस्था के विभिन्न स्तरों पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। कैब सेवाओं की मांग में बदलाव आया है, जबकि ई-रिक्शा, साइकिल और स्थानीय परिवहन की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। कंपनियां भी फ्लेक्सिबल टाइमिंग और वर्क फ्रॉम होम को अधिक प्रोत्साहित कर रही हैं। दीर्घकाल में यह रुझान परिवारों को इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर आकर्षित कर रहा है, जहां कई परिवार मिलकर एक ईवी खरीदने की योजना बना रहे हैं। यह परिवर्तन न केवल तेल पर निर्भरता को कम कर रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत और निर्णायक कदम भी साबित हो रहा है। फैमिली पूलिंग अब केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि जीवनशैली और सामाजिक सोच का एक नया स्वरूप बन चुकी है। बच्चे संसाधनों की सीमितता और उनके साझा उपयोग का महत्व गहराई से समझने लगे हैं। जेन-जी पीढ़ी अपने माता-पिता के संघर्षों को करीब से देख रही है, जिससे पीढ़ियों के बीच संवाद और आपसी समझ और मजबूत हो रही है।

# कब तक दोहरायी जाती रहेंगी निर्भया जैसी त्रासदियां ?

गौरतलब — ललित गर्ग



आधुनिकता के चमकदार दावों के बीच भी पुरुष प्रधान सोच का अंधेरा जस का तस मौजूद है। महिलाओं को व्यक्ति नहीं, बल्कि उपभोग की वस्तु माननेवाली सोच आज भी अनेक मन-मस्तिष्कों में गहराई तक बैठी हुई है। यही कारण है कि सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों, स्कूल-कॉलेजों और यहां तक कि घरों के भीतर भी महिलाएं असुरक्षा का अनुभव करती हैं।

**दिल्ली** के नांगलोई में एक निजी बस के भीतर महिला के साथ हुई बस कंडक्टर एवं ड्राइवर के दुष्कर्म की घटना ने एक बार फिर पूरे देश की चेतना को झकझोर दिया है। यह घटना केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि उस भयावह सामाजिक और प्रशासनिक विफलता का आईना है, जो वर्षों से हमारे सामने खड़ी है। चौदह वर्ष पहले निर्भया कांड के बाद देश की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ा था। लोगों ने सोचा था कि अब व्यवस्था बदलेगी, कानून सख्त होंगे, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और समाज अपनी सोच बदलेगा। लेकिन आज जब उसी प्रकार की घटनाएं पुनः पुनः सामने आती हैं, तब यह प्रश्न और भी तीखा होकर उठता है कि आखिर हम बदले कहां हैं? सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? इसका उत्तर केवल कानून की कमजोरी में नहीं, बल्कि समाज की उस विकृत मानसिकता में छिपा है, जहां महिला को आज भी बराबरी के सम्मान के साथ नहीं देखा जाता। आधुनिकता के चमकदार दावों के बीच भी पुरुष प्रधान सोच का अंधेरा जस का तस मौजूद है। महिलाओं को व्यक्ति नहीं, बल्कि उपभोग की वस्तु मानने वाली सोच आज भी अनेक मन-मस्तिष्कों में गहराई तक बैठी हुई है। यही कारण है कि सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों, स्कूल-कॉलेजों और यहां तक कि घरों के भीतर भी महिलाएं असुरक्षा का अनुभव करती हैं।

विडंबना यह है कि विज्ञान, तकनीक और आर्थिक विकास के इस दौर में भी समाज स्त्री के सम्मान और सुरक्षा के बुनियादी संस्कार विकसित नहीं कर पाया। बच्चों को शिक्षा तो दी जा रही है, लेकिन संवेदनाएं नहीं दी जा रहीं। घरों में बेटियों पर नियंत्रण और बेटों को छूट देने वाली मानसिकता आज भी कायम है। एक ओर लड़कियों को 'सावधान रहने' की नसीहत दी जाती है, दूसरी ओर लड़कों को अपने व्यवहार और दृष्टि की मयार्दा सिखाने की गंभीर कोशिश बहुत कम दिखाई देती है। यही असंतुलन आगे चलकर अपराधों की जमीन तैयार करता है। प्रश्न यह भी है कि प्रशासन बार-बार ऐसी घटनाओं को रोकने में नाकाम क्यों हो रहा है? निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए थे। सीसीटीवी कैमरे, महिला हेल्पलाइन, फास्ट ट्रैक कोर्ट, पुलिस गश्त और सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा उपायों की लंबी घोषणाएं हुईं। लेकिन वास्तविकता यह है कि इन व्यवस्थाओं का बड़ा हिस्सा कागजों और भाषणों तक सीमित रह गया।

## आज का इतिहास

- जर्मनी में पहली नेशनल एसेंबली का उद्घाटन 1848 में हुआ।
- 1912 में आज ही के दिन पहली भारतीय फीचर लेंथ फिल्म श्री पुंडालिक रिलीज हुई।
- उत्तरी एटलांटिक संधि पर हस्ताक्षर करने के एक साल बाद 1950 में इसी दिन विश्व के 12 देशों ने अमरीका और यूरोप की रक्षा के लिए एक स्थाई संगठन पर सहमति दी थी।
- 1974 में आज ही के दिन राजस्थान के पोखरण में अपने पहले भूमिगत परमाणु बम परीक्षण के साथ भारत परमाणु शक्ति सम्पन्न देश बना था। इस परीक्षण को 'स्माइलिंग बुद्धा' का नाम दिया गया था।
- नेपाल नरेश को 2006 को कर के दायरे में लाया गया।
- कजाकिस्तान के राष्ट्रपति नूर सुल्तान नजर वायेव का कार्यकाल 2007 को असीमित समय के लिए बढ़ा।
- पार्श्वगायक नितिन मुकेश को 2008 में मध्य प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण से सम्मानित किया।
- भारतीय मूल के लेखक इन्द्रा सिन्हा को 2008 में उनकी किताब एनिमल पीपुल हेतु कामनवेल्थ सम्मान प्रदान किया गया।
- श्रीलंका की सरकार ने 25 साल से तमिल विद्रोहियों के साथ हो रही जंग के खत्म होने का एलान किया। सेना ने देश के उत्तरी हिस्से पर 2009 में कब्जा किया और लिट्टे प्रमुख वेलुपिल्लई प्रभाकरन को मार डाला गया।
- भारतीय रिजर्व बैंक के दसवें गवर्नर एस. जगन्नाथन का जन्म 1914 में हुआ।
- नार्वे में जन्मे मनोचिकित्सक जर्डा बोयेसन का जन्म 1922 में हुआ।
- डेनमार्की संगीतकार काई वाइंडिंग का जन्म 1922 में हुआ।
- भारत के बारहवें प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा का जन्म 1933 में हुआ।

## अंकजाल - 8271

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 25 | 23 | 9 | ■ | 37 | 29 | 17 | 12 | ■ |
| 18 | | 6 | | ■ | | 8 | | 3 | 24 |
| 16 | 5 | | 5 | ■ | 4 | | 2 | | 22 |
| 13 | | 8 | ■ | 7 | | 3 | | 2 | 25 |
| 29 | 7 | | 4 | | 6 | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | 3 | | 2 | | 7 | 33 |
| 31 | 2 | | 7 | | 9 | ■ | 2 | | 5 |
| 26 | | 5 | | 7 | ■ | 3 | | 4 | 13 |
| 18 | 5 | | 5 | | ■ | | 4 | | 14 |
| ■ | 15 | 12 | 31 | 33 | ■ | 6 | 17 | 21 | ■ |

*अंकजाल 8270 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 12 | 23 | 22 | 28 | ■ | 10 | 18 | 25 | ■ |
| 22 | 8 | 9 | 2 | 3 | ■ | 5 | 4 | 9 | 18 |
| 22 | 2 | 7 | 5 | 8 | ■ | 5 | 3 | 8 | 16 |
| 22 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | ■ | 9 | 3 | 12 |
| ■ | ■ | ■ | 7 | 2 | 5 | 7 | 2 | 5 | 28 |
| 36 | 7 | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 10 | 6 | 4 | ■ | 5 | 2 | 5 | 6 | 3 | 21 |
| 19 | 4 | 7 | 8 | ■ | 8 | 5 | 8 | 6 | 27 |
| 18 | 4 | 6 | 8 | ■ | 7 | 5 | 6 | 7 | 25 |
| ■ | 21 | 25 | 16 | ■ | 35 | 25 | 20 | 16 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## आत्मज्ञान के लिए पात्रता

**एक** बार की बात है। एक धनिक सेठ एक पहुंचे हुए संत के पास पहुंचा और उनसे बोला, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना का प्रयास करता हूं। परंतु मेरा मन ध्यान में एकाग्र ही नहीं हो पाता। आप मुझे मेरे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। धनिक सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और वहां पर तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ कि एक पहुंचे हुए संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए अच्छे-अच्छे पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका बहुत स्वागत सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के पात्र में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। यह देखकर वह बोला, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो कूड़ा-करकट भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, अपितु वह भी कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो।

## सुविचार

इस दुनिया में आजाद कौन है ? वह व्यक्ति, जो खुद पर नियंत्रण रखता है।

**होरेस**

बड़ा सोचें, जल्दी सोचें, आगे सोचें ; विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है।

**धीरूभाई अम्बानी**

# हमारे शहरों के असली हीरो हैं सफाई कर्मचारी



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**किसी** भी शहर की पहचान उसकी ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों या चमकती रोशनियों से नहीं, बल्कि उसकी स्वच्छता और व्यवस्था से होती है। जब कोई व्यक्ति किसी शहर में प्रवेश करता है तो सबसे पहले उसकी नजर वहां की साफ-सफाई, वातावरण और नागरिक अनुशासन पर जाती है। स्वच्छ शहर केवल सुंदर नहीं दिखते, बल्कि वे बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षित जीवन और सभ्य समाज का प्रतीक भी होते हैं लेकिन इस स्वच्छता के पीछे जिन लोगों का सबसे बड़ा योगदान होता है, वे अक्सर समाज की चर्चा और सम्मान से दूर रह जाते हैं। ये लोग हैं हमारे सफाई कर्मचारी- वे अनदेखे, अनसुने और उपेक्षित नायक, जिनके श्रम पर पूरे शहर की व्यवस्था टिकी होती है। हाल ही में विभिन्न नगरों में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल ने लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि यदि ये कर्मचारी अपना काम बंद कर दें तो शहरों का जीवन कितनी जल्दी अस्त-व्यस्त हो सकता है। कुछ ही दिनों में सड़कों पर कचरे के ढेर लग गए, नालियां जाम हो गईं, बदबू फैलने लगी और बीमारियों का खतरा बढ़ गया। लोगों को पहली बार महसूस हुआ कि जिन सफाई कर्मचारियों को वे सामान्य कर्मचारी समझते हैं, वास्तव में वही शहर की धड़कन हैं।

विडंबना यह है कि हम आधुनिकता और विकास के बड़े-बड़े दावे तो करते हैं, लेकिन नागरिक जिम्मेदारियों के मामले में अभी भी बहुत पीछे हैं। हमारे शहरों में बड़ी संख्या में लोग सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकना, प्लास्टिक सड़क पर छोड़ देना और गंदगी फैलाना सामान्य बात समझते हैं। घर के भीतर सफाई रखने वाले लोग भी घर का कचरा बाहर सड़क पर डालकर अपनी जिम्मेदारी समाप्त मान लेते हैं। यही कारण है कि सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति में शहर कुछ ही दिनों में कूड़े के ढेर में बदलने लगते हैं।

यह स्थिति केवल प्रशासनिक कमजोरी नहीं, बल्कि हमारी कमजोर सिविक सेंस का प्रमाण भी है। विकसित देशों में नागरिक स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहते हैं। वहां लोग सड़क पर कचरा फेंकना सामाजिक अपराध मानते हैं लेकिन हमारे यहां स्वच्छता को अब भी केवल सफाई कर्मचारियों और नगर निगम की जिम्मेदारी समझा जाता है। जब तक समाज स्वयं स्वच्छता को अपनी संस्कृति और आदत का हिस्सा नहीं बनाएगा, तब तक किसी भी सरकारी अभियान की सफलता अधूरी रहेगी। सफाई कर्मचारियों का जीवन संघर्षों से भरा होता है। वे सुबह-सुबह तब काम शुरू कर देते हैं जब अधिकांश लोग नींद में होते हैं। तेज गर्मी, कड़ाके की सर्दी, बरसात या महामारी- हर परिस्थिति में वे सड़कों, गलियों और नालियों की सफाई करते हैं। कई बार उन्हें बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के बेहद अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। सीवर की सफाई करते समय जहरीली गैसों के कारण हर वर्ष कई कर्मचारियों की मृत्यु हो जाती है। इसके बावजूद समाज उन्हें वह सम्मान नहीं देता जिसके वे वास्तव में अधिकारी हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान जब पूरा देश घरों में बंद था, तब डॉक्टरों, पुलिसकर्मियों और सफाई कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर समाज को सुरक्षित रखने का कार्य किया। उस समय लोगों ने ताली और थाली बजाकर उनका सम्मान तो किया, लेकिन समय बीतने के साथ हम फिर उन्हें भूल गए।

# भोजशाला : जब इतिहास की राख से फिर सभ्यता बोल उठी

गौरतलब — प्रणय विक्रम सिंह



**सभ्यताएं** केवल पत्थरों, प्राचीरों और पुरातात्विक अवशेषों से नहीं बनतीं। वे स्मृतियों, श्रद्धा, ज्ञान और आत्मा के उन अदृश्य सूत्रों से निर्मित होती हैं, जिन्हें तलवारें काट नहीं सकतीं, फरमान मिटा नहीं सकते और आक्रमण पराजित नहीं कर सकते। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भोजशाला-कमाल मौला कॉम्प्लेक्स की धार्मिक प्रकृति को भगवती वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर माना है। यह राजा भोज (परमार वंश) द्वारा स्थापित संस्कृत शिक्षा केंद्र था।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा धार स्थित भोजशाला-कमाल मौला परिसर की धार्मिक प्रकृति को भगवती वाग्देवी (मां सरस्वती) का मंदिर मानना केवल एक न्यायिक निर्णय नहीं, बल्कि उस सभ्यतागत सत्य की पुनर्पुष्टि है, जिसे सदियों तक धूल, ध्वंस और दमन के नीचे दबाने का प्रयास किया गया, किन्तु जिसे मिटाया नहीं जा सका।

यह वही भोजशाला है, जिसे परमार वंश के महान प्रतापी राजा भोज ने ज्ञान, संस्कृत और मां वाग्देवी की आराधना के केंद्र के रूप में स्थापित किया था। यहां केवल पूजा नहीं होती थी, यहां भारत की वैदिक चेतना श्वास लेती थी। यहां शब्द साधना थी, शास्त्रार्थ था, संस्कृत की स्वर लहरियां थीं और ज्ञान को ईश्वर मानने वाली भारतीय सभ्यता का आलोक था। यह केवल मंदिर नहीं था, यह भारतीय बौद्धिकता, भारतीय ज्ञान और भारतीय अध्यात्म का समन्वित विश्वविद्यालय था। किंतु भारत के इतिहास का एक लंबा कालखंड ऐसा भी रहा, जब बाहरी आक्रमणकारियों ने इस भूमि की आत्मा को तोड़ने का प्रयास किया। मंदिरों को केवल पत्थरों का ढांचा नहीं समझा गया, उन्हें भारतीय समाज की सांस्कृतिक रीढ़ मानकर लक्ष्य बनाया गया। क्योंकि आक्रमणकारी जानते थे कि यदि किसी सभ्यता की स्मृतियों, प्रतीकों और आस्था केंद्रों को ध्वस्त कर दिया जाए तो उसके आत्मविश्वास को घायल किया जा सकता है।

सोमनाथ से काशी तक, मथुरा से मार्तंड तक और भोजशाला से नालंदा तक इतिहास के पन्नों पर ऐसे असंख्य रक्तरंजित अध्याय अंकित हैं, जहां केवल इमारतें नहीं टूटीं, बल्कि भारतीय अस्मिता को अपमानित करने का सुनियोजित प्रयास हुआ। आक्रमण केवल भूभाग पर नहीं, भारत की स्मृति पर था। पुस्तकालय जलाए गए, विद्यापीठ ध्वस्त किए गए, मूर्तियों को खंडित किया गया और सभ्यता की स्मृतियों पर पराये प्रतीकों का आवरण चढ़ाने का प्रयास किया गया। भोजशाला भी उसी पीड़ा की साक्षी बनी। जहां कभी सरस्वती वंदना गूंजती थी, वहां इतिहास को बदलने के प्रयास हुए। जहां ज्ञान का दीप प्रज्वलित था, वहां पहचान का अंधकार थोपा गया। किन्तु सनातन की विशेषता यही है कि वह पराजित नहीं होता। वह प्रतीक्षा करता है। वह सहता है। वह समय के गर्भ में सत्य को सुरक्षित रखता है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने उपलब्ध ऐतिहासिक साहित्य, पुरातात्विक साक्ष्यों, सतत उपासना परंपरा और वैज्ञानिक जांच के आधार पर यह स्पष्ट किया कि भोजशाला मां वाग्देवी का प्राचीन मंदिर एवं संस्कृत शिक्षा का केंद्र था।

## राशिफल

**मेष** — कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**तुला** — माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पायेगी।

**वृष** — अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। समय ठीक है।

**वृश्चिक** — पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा।

**मिथुन** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। धैर्य रखें।

**धनु** — स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** — संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मकर** — अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**सिंह** — अपने काम आसानी से बनते चले जायेंगे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कुंभ** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। समय अच्छा है।

**कन्या** — कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। सचेत रहें।

**मीन** — शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651–3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### अनुमंडल पदाधिकारी ने पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ की बैठक

# कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा की अध्यक्षता में शनिवार को अनुमंडल कार्यालय कक्ष में क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेर्शों के आलोक में कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने सभी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पेट्रोल पम्प पर उपलब्ध तेल का स्टॉक सूचना पट पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाये। साथ ही, यदि स्टॉक समाप्त हो जाता है तो इसकी भी जानकारी सूचना पट पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाये। उन्होंने कहा कि बड़े गैलन या वैट में पेट्रोल अथवा डीजल की बिक्री नहीं की जायेगी। इसके लिए पेट्रोल पम्प पर स्पष्ट रूप से सूचना भी प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कालाबाजारी पर विशेष सख्ती बरतने की बात कही गयी। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि निर्धारित दर से अधिक कीमत पर तेल बेचने वाले संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर सम्बन्धित पेट्रोल पम्प की जांच की जायेगी तथा सीसीटीवी फुटेज की भी जांच होगी। इसके अलावा अवैध रूप से पेट्रोल-डीजल की बिक्री करनेवालों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाने की बात कही गयी। ऐसे मामलों में सामान जब्त कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अंचल अधिकारी विकास कुमार सिंह, एमओ चंद्रशेखर प्रसाद, कार्यालय के उपेंद्र कुमार, पेट्रोल पंपों में जगदीश फ्यूल, अंबालाल पेट्रोल पंप, आर्यन नमन आॅटोमोबाइल्स भवनाथपुर, शिवपूजन फील्स भवनाथपुर, बंशीधर पेट्रोल पंप के संचालक एवं अन्य सम्बन्धित लोग उपस्थित रहे।

### जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

# जेल में बंदियों को दी गयी कानून की जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामाकांत मिश्रा के मार्गदर्शन में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में मंडल कारा कोडरमा में लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिवीर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार उपस्थित थे। डालसा सचिव गौतम कुमार ने कहा कि गरीबों- असहायों की मदद के लिए डालसा हमेंशा ततपर है। आप सभी अपने आचरण और व्यवहार में सुधार करें। आप यहां से निकलने के उपरांत अपनी गलतियों से सबक लेकर आगे गलती न करने का प्रण ले। साथ ही उन्होंने ने कहा कि निर्धन एवं असहाय बंदियों की मदद के लिए डीएलएसए के अधिवक्ता पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहे है। वहीं, शिविर में उपस्थित बंदियों को उनके केस से संबंधित जानकारी डीएलएसए के अधिवक्ता द्वारा दी गई । जिस बंदी का केस पैरवी हेतु कोई भी अधिवक्ता नहीं थे , वैसे बंदियों को बंदी आवेदन भेजने को कहा गया। वैसे बंदी जिन्हें न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है और वह अपना अपील उच्च न्यायलय में दाखिल करने में असमर्थ है, या नहीं कर सके है , वैसे बंदियों से संबंधित भी जानकारी ली गयी। मौके पर डालसा के अधिवक्ता, राजेंद्र मंडल, अरुण कुमार ओझा, अश्विनी शरण ललन चौधरी आदि उपस्थित थे।

#### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

जेल अदालत के अलावा मौके पर बंदीयो का स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक कुमार के नेतृत्व में सभी बंदियों का स्वास्थ्य जांच किया गया। मौके पर प्रेम कुमार, पंकज कुमार के अलावे अन्य कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### एक झलक

#### पांकी थाना में नये थाना प्रभारी दीपक सिंह ने दिया योगदान

**पांकी :** पांकी थाना में नवपदस्थापित थाना प्रभारी दीपक सिंह ने शनिवार की देर शाम योगदान देते हुए थाना प्रभारी का कार्यभार सम्भाला, आपको बता दें कि दीपक सिंह इससे पूर्व शहर थाना में पदस्थापित थे। दीपक सिंह ने बताया कि अमन चैन शांति बहाल करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने अपराध पर नकेल कसने की बात कही। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी प्रकार की सूचना मिलती है तो उसे पुलिस को तुरंत सूचित करे। वहीं, किसी भी स्थिति में कानून को अपने हाथ में ना लें उन्होंने लोगों से पुलिस को सहयोग की अपील भी की। इस दौरान थाना प्रभारी कार्यालय में पुलिसकर्मियों ने उन्हे बुके प्रदान कर स्वागत किया।

#### वन प्रबंधन समिति को सक्रिय करने पर मंथन

**कसमार :** केन्द्रीय वन पर्यावरण सुरक्षा सह प्रबंधन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक बीरू महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में संयुक्त वन प्रबंधन समिति को सक्रिय करने तथा आगामी 02 जून को पेटरवार वन सभागार में आयोजित होनेवाली कार्यशाला को सफल बनाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वन संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। केन्द्रीय उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो ने कहा कि वन और पर्यावरण की सुरक्षा आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि समिति गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगी तथा अधिक से अधिक लोगों को कार्यशाला से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में मो. सुलेमान, गंगाधर हटों, धनुलाल महतो, सुनील महतो, अखिलेश्वर मुंडा, अशोक सिंह, लालबहादुर महतो, राजेश महतो, चंद्रदेव महतो, रंजीत कुमार, लाली बेदिया, जयनाथ महतो, जयलाल महतो, सुरेंद्र महतो, बीरबल मुंडा, सुखराम टुडू सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

#### बगियारी में फिर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, धूल से परेशान लोगों ने की सड़क जाम

**कसमार :** कसमार प्रखंड के बगियारी में कोलकाता-वाराणसी एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य के दौरान उड़ रही धूल को लेकर ग्रामीण एक बार फिर सड़क पर उतर आये। छाई ढुलाई कर रहे मालवाहक वाहनों से लगातार उड़ रही धूल के विरोध में ग्रामीणों ने बगियारी मोड़ पर सड़क जाम कर दी। जाम के कारण बगियारी मोड़ के तीनों दिशाओं में वाहनों की लम्बी कतार लग गयी और आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों के लगातार परिचालन से सड़क पर धूल का गुबार उठ रहा है, जिससे लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दो दिन पहले भी इसी मांग को लेकर सड़क जाम किया गया था। उस समय सम्बन्धित अधिकारियों व निर्माण कम्पनी की ओर से सड़क पर नियमित पानी छिड़काव कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक उस पर अमल नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने कहा कि धूल के कारण बच्चों, बुजुर्गो और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द नियमित पानी छिड़काव और धूल नियंत्रण की व्यवस्था नहीं की गयी, तो आन्दोलन और तेज किया जायेगा।

## महुआडांड़ में पेयजल संकट गहराया जलमीनार खराब होने से ग्रामीण परेशान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड में इन दिनों पेयजल की गंभीर समस्या सामने आ रही है। क्षेत्र के अधिकांश जलमीनार खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गर्मी बढ़ने के साथ स्थिति और चिंताजनक होती जा रही है। दूर-दराज के इलाकों में लोगों को पीने के पानी के लिए लम्बी दूरी तय करनी पड़ रही है। स्थिति यह है कि झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट में भी पानी की किल्लत महसूस की जा रही है। यहां आने वाले पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी जल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सम्बन्धित विभाग को इसकी सूचना दी गयी, लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस पहल नहीं की गयी है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि खराब जलमीनारों के कारण रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। महिलाएं और बच्चे पानी लाने के लिए दूर-दूर तक जाने को मजबूर हैं। इससे न केवल समय की बबार्दी हो रही है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। नेतरहाट के मुखिया राम बिशुन नागेसिया ने उपायुक्त संदीप कुमार से मांग की है कि जल्द से जल्द खराब पड़े सभी जलमीनारों की मरम्मत करायी जाये। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

### बालूमाथ-बारियातु में देर रात चला सघन वाहन जांच अभियान

# 16 वाहनों पर कार्रवाई, 1.09 लाख जुर्माना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल के नेतृत्व में शनिवार देर शाम बालूमाथ-बारियातु थाना क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मुख्य रूप से भारी वाहनों की गहन जांच की गयी। जांच टीम ने ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का बीमा, फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट, सीटबेल्ट के उपयोग और ओवरलोडिंग जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मौके पर ही ऑनलाइन चालान की कार्रवाई की गयी। जांच के दौरान कुल 98 वाहनों की जांच की गयी, जिनमें से 16 वाहनों को नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। इन सभी पर कुल 1,09,500 का ऑनलाइन जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही वाहनों में अवैध रूप से लगाये गये एक्स्ट्रा लाइट इंस्टॉलेशन के खिलाफ भी कार्रवाई की गयी। अधिकारियों ने वाहन चालकों को निर्देश दिया कि केवल कंपनी द्वारा निर्धारित लाइट का ही उपयोग करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल ने बताया कि बालूमाथ-बारियातु क्षेत्र में हाल के दिनों में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि देखी गयी है, जिसे ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे। वहीं, प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि सड़कें सुरक्षित बन सकें और दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके।

## बालूमाथ में राजेश प्रजापति बने विधायक प्रतिनिधि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के बालूमाथ प्रखंड में खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के लिए राजेश प्रजापति को विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति की गयी है। लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम द्वारा इस सम्बन्ध में आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र के अनुसार, बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत ग्राम-सेरगड़ा निवासी राजेश प्रजापति, पिता स्वर्गीय हरि प्रजापति, को खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के लिए विधायक प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किया गया है। विधायक द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि नियुक्त प्रतिनिधि उनकी अनुपस्थिति में सम्बन्धित बैठकों में भाग लेंगे तथा विभागीय सूचनाओं के आदान-प्रदान का कार्य करेंगे। यह नियुक्ति प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करने और क्षेत्र की जनसमस्याओं को विभाग तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से की गयी मानी जा रही है। विधायक प्रतिनिधि के रूप में राजेश प्रजापति अब जन वितरण प्रणाली, राशन वितरण, उपभोक्ता हितों और विभाग से जुड़े स्थानीय मुद्दों को प्रशासन के समक्ष रखने में सक्रिय भूमिका निभायेंगे। पत्र की प्रतिलिपि बालूमाथ के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा स्वयं राजेश प्रजापति को भी प्रेषित की गयी है, ताकि नियुक्ति के सम्बन्ध में आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## मौसेरी बहन से प्रेम-प्रसंग में युवक की हत्या, मौसा गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू :** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के दुलसुलमा गांव में मौसेरी बहन से प्रेम प्रसंग के कारण पवन सिंह नामक युवक की हत्या की गई थी। 24 घंटे के भीतर पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपित दुलसुलमा निवासी मौसा 50 वर्षीय रवि सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी राजेश यादव ने रविवार दोपहर 12:30 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पत्रकारों के समक्ष मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पवन सिंह का उसकी मौसेरी बहन सोनी देवी नामक महिला से प्रेम प्रसंग था। पवन उससे शादी करना चाहता था। सोनी देवी शादीशुदा थी। वह इनकार कर रही थी। 15 मई की रात पवन सिंह सोनी देवी से मिलने और शादी के लिए मनाने के लिए उसके मायके गया था। बेटी को प्रेमी से मिलते देखकर पिता रवि सिंह ने आपा खो दिया और गुस्से में आकर पवन सिंह के सिर पर पीछे से डंडे से वार किया। मौत होने पर उसकी डेड बॉडी को कंधे पर टांग कर पास के हड़ही पहाड़ पर ले जाकर मृतक के ही गमछा से एक पेड़ पर फंदे पर लटका दिया था, ताकि हत्या खुदकुशी साबित हो जाए। इस मामले में पवन सिंह के पिता विजय सिंह ने सोनी देवी, उसके पति फंटूश सिंह और देवर पंकज सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अनुसंधान के क्रम में मामले को स्पष्ट किया गया और रवि सिंह को गिरफ्तार किया गया। हत्या में इस्तेमाल लाठी बरामद की गई। रवि सिंह ने घटना में अपनी संलिप्त स्वीकार की। डीएसपी राजेश ने बताया कि पवन सिंह और सोनी के बीच डेढ़ -दो महीने से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोनी देवी एक बच्चे की मां है।

### बरवाडीह स्टेशन पर तत्काल टिकट को लेकर बवाल

# 'अंदरखाने टिकट' के आरोप से भड़के यात्री



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर रविवार को तत्काल टिकट को लेकर यात्रियों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया। सुबह से लम्बी कतार में खड़े यात्रियों ने टिकट काउंटर की व्यवस्था पर गम्भीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि नियमों को दरकिनार कर कुछ चुनिंदा लोगों के टिकट अंदर ही अंदर बना दिए जा रहे हैं, जबकि लाइन में लगे आम लोग खाली हाथ लौट रहे हैं। यात्रियों का कहना था कि घंटों इंतजार के बाद जब उनकी बारी आती है, तो टिकट खत्म होने की बात कह दी जाती है। लेकिन इसी दौरान कुछ लोगों को बिना लाइन में लगे टिकट मिल जाना संदेह पैदा करता है। इस स्थिति से नाराज होकर यात्रियों ने स्टेशन परिसर में जमकर हंगामा किया। हालात ऐसे बने कि एसी कोच का एक भी तत्काल टिकट उस दिन जारी नहीं हो सका।सूचना मिलने पर आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन मौके पर पहुंचे और आक्रोशित यात्रियों को शांत कराने की कोशिश की। काफी देर तक समझाने और उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद मामला किसी तरह शांत हुआ, लेकिन यात्रियों में नाराजगी बनी रही। यात्रियों ने साफ कहा कि इस पूरे विवाद की जड़ सीएस (काउंटर सुपरवाइजर) की कार्यशैली है। उनका आरोप है कि जब तक संबंधित अधिकारी का तबादला नहीं होता, तब तक व्यवस्था में सुधार सम्भव नहीं है। उन्होंने रेलवे के वरीय अधिकारियों से निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। इधर, पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार ने भी सीएस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि वह खुद पिछले तीन दिनों से टिकट के लिए प्रयास कर रहे हैं, लेकिन हर बार टिकट खत्म होने की बात कहकर उन्हें लौटा दिया गया। उन्होंने भी मामले की जांच कर सीएस अभिषेक सिंह के तबादले और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## भैंसादोन में कम्पनियों के खिलाफ ग्राम सभा, बिना सूचना गतिविधियों पर रोक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** बालूमाथ प्रखंड के भैंसादोन गांव में रविवार को दुर्गा मंडप परिसर में आयोजित ग्राम सभा ने एनटीपीसी और एनएलसी की गतिविधियों को लेकर कड़ा रुख अपनाया। ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि बिना पूर्व सूचना गांव में किसी भी तरह की कंपनी गतिविधि अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी भी मौजूद रहीं। उन्होंने ग्रामीणों की बात का समर्थन करते हुए कहा कि ग्राम सभा की सहमति के बिना किसी भी प्रक्रिया को आगे बढ़ाना सही नहीं है। स्थानीय लोगों को भरोसे में लेना जरूरी है, वरना विरोध होना तय है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनियां चुपचाप सर्वे कर रही हैं और जनसुनवाई जैसी प्रक्रियाओं की जानकारी भी समय पर नहीं दी जाती। इससे गांव में नाराजगी लगातार बढ़ रही है। लोगों का कहना था कि न तो जमीन मापी की स्पष्ट जानकारी दी जाती है और न ही बैठकों की पूर्व सूचना मिलती है। ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अब किसी भी सर्वे, बैठक, जनसुनवाई या कंपनी के प्रवेश से पहले गांव को विधिवत सूचना देना अनिवार्य होगा।

### डंडई प्रखंड में बढ़ी बिजली कटौती, ऊमस भरी गर्मी से उपभोक्ता परेशान

# बांस का बेना बना लोगों का सहारा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई, गढ़वा :** गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही डंडई प्रखंड क्षेत्र में बिजली की आंखमिचौली शुरू हो गई है। पहले जहां 24 घंटे में 20 से 22 घंटे तक निर्बाध बिजली आपूर्ति होती थी, वहीं अब यह घटकर मात्र 15 से 16 घंटे तक सीमित रह गई है। नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होने से उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चाहे गर्मी हो या ठंड, पहले कभी बिजली की इतनी समस्या महसूस नहीं हुई थी। लेकिन जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे-वैसे बिजली की कटौती भी बढ़ती जा रही है। बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को दिन और रात उमस भरी गर्मी में समय बिताना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि दिन का समय तो किसी तरह इधर-उधर बैठकर कट जाता है, लेकिन रात में बिजली नहीं रहने से काफी परेशानी होती है। ऐसी स्थिति में जंगल से बने बांस के बेना (हाथ पंखा) ही लोगों का सहारा बन गए हैं। लोग रातभर बेना झलकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। बिजली संकट का असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। रात में बिजली नहीं रहने से छात्र-छात्राएं पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। वहीं खेती-किसानी पर निर्भर किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली के अभाव में खेतों की पटवन नहीं हो पा रही है, जिससे फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वर्तमान समय में बिजली लोगों की मूलभूत जरूरत बन चुकी है। बिजली नहीं रहने से न केवल पंखा और टीवी बंद हो जाते हैं, बल्कि मोबाइल चार्ज करने और खाना बनाने तक में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## बोहटा में घटिया निर्माण से भड़के ग्रामीण, जांच की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड के बोहटा स्थित पर्यटक विश्राम गृह के पीछे चल रहे बाउंड्री और भवन निर्माण कार्य पर अब सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में अनियमितता और घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए नाराजगी जतायी है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य भले तेजी से हो रहा हो, लेकिन गुणवत्ता का स्तर बेहद कमजोर है। हालात ऐसे हैं कि नई बन रही बाउंड्री दीवार पानी तक नहीं रोक पा रही, जिससे निर्माण की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कई जगहों पर पानी रिसाव की शिकायत सामने आयी है, जो इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता पर संदेह पैदा करती है। लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण में सीमेंट की मात्रा कम रखी जा रही है और निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग हो रहा है। इसके चलते दीवारों में शुरूआती दौर में ही कमजोरी दिखने लगी है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि करोड़ों रुपये की इस योजना की जानकारी अब तक सार्वजनिक नहीं की गयी है। निर्माण स्थल पर योजना से जुड़ा कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया है, जिससे यह पता नहीं चल पा रहा कि परियोजना की कुल लागत कितनी है, कार्य किस एजेंसी द्वारा कराया जा रहा है और निगरानी की जिम्मेदारी किस विभाग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना प्रभावी निगरानी के ठेकेदार मनमाने तरीके से काम कर रहा है।

# तेतराई चट्टी में दस दिवसीय श्री राधा-कृष्ण महायज्ञ का शुभारम्भ

- विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने कलश वितरण कर किया उद्घाटन
- भव्य कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, भक्तिमय हुआ माहौल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पांकी, पलामू :** पांकी प्रखंड के तेतराई चट्टी स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित दस दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को कलश वितरण एवं भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता शामिल हुए। रविवार सुबह वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इसके बाद सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर तेतराई चट्टी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। मौके पर विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि महायज्ञ से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि एवं सौहार्द का वातावरण मजबूत होगा। आयोजन का उद्देश्य पांकी प्रखंडवासियों के सुखमय, रोगमुक्त एवं समृद्ध जीवन की कामना करना है। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि दस दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ में प्रतिदिन पूजा, हवन एवं प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। समापन के अवसर पर पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, प्रमुख पंचम प्रसाद, जिला परिषद सदस्य निधि सिंह, उपप्रमुख अमित चौहान, मुखिया सह यज्ञ संरक्षक राजेंद्र पांडे, पप्पू मिश्रा, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, सुनील गुप्ता, अजय सोनी, संजय प्रसाद गुप्ता, बजरंगी प्रसाद गुप्ता, गंगा प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता सहित मंदिर कमेटी के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जामताड़ा के शिव मंदिर में मां पार्वती की प्रतिमा खंडित, इलाके में तनाव

**जामताड़ा :** जामताड़ा थाना क्षेत्र के गांधी मैदान स्थित शिव मंदिर में रविवार सुबह उस समय तनाव फैल गया जब श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में मां पार्वती की प्रतिमा को खंडित अवस्था में पाया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और आक्रोश व्यक्त किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार सुबह नियमित पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी नजर मंदिर में स्थापित मां पार्वती की प्रतिमा पर पड़ी। प्रतिमा के दोनों ओर गंभीर क्षति के निशान थे और उसका सिर/गर्दन टूटा हुआ मिला। यह दृश्य देख कर श्रद्धालु और स्थानीय लोग स्तब्ध रह गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिमा को जिस तरह नुकसान पहुंचाया गया है, उससे यह आशंका मजबूत होती है कि यह किसी शरारती तत्व द्वारा जानबूझकर की गई हरकत है। घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया और लोगों ने दोषियों की जल्द पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू की है।

## एक झलक

### दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**बोकारो** : बोकारो पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बेरमो महिला थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला थाने में दर्ज एक मामले के दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के लालबांध तेलो (पश्चिमी) की रहने वाली वादिनी रीना कुमारी (पति- सुदामा कुमार) ने बेरमो महिला थाना में एक लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज मामले के आधार पर पुलिस ने त्वरित अनुसंधान शुरू किया। शनिवार को छापेमारी कर कांड के दो मुख्य नामजद अभियुक्तों सुदामा कुमार और यशोदा देवी को गिरफ्तार कर तेनुघाट उपमंडल कारा भेजा गया। पुलिस अन्य पहलुओं की जांच में जुट गई है।

### चतरा जिला झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक सम्पन्न, कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित



**चतरा** : गंदोरी मंदिर स्थित जल छाजन भवन मे चतरा झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सह आंदोलनकारी कैलाश सिंह ने की जबकि मंच संचालन आंदोलनकारी नेता सह प्रवक्ता राजकिशोर कमल ने किया। बैठक में जिले भर के आंदोलनकारियों ने भाग लिया। चतरा जिला आंदोलनकारियों के सम्मान,अधिकार तथा विभिन्न मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में आंदोलनकारियों ने कहा कि झारखंड राज्य गठन में आंदोलनकारियों की अहम भूमिका रही है,लेकिन आज भी कई आंदोलनकारी उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। सरकार को उनके सम्मान और सुविधाओं के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।बैठक के दौरान सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें प्रमुख रूप से सभी आंदोलनकारियों को एक समान पेंशन देने की मांग उठाई गई।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के सभी आंदोलनकारियों को राज्य सरकार द्वारा मान-सम्मान दिया जाए तथा चतरा जिले के सभी आंदोलनकारियों को जिला प्रशासन के माध्यम से सम्मानित किया जाए। इसके अलावा जिले में हो रहे कार्यक्रमों में आंदोलनकारियों को शामिल करने पर भी सहमति बनीआंदोलनकारियों ने कहा कि सरकार को आंदोलनकारियों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और उनके हित में जल्द निर्णय लेना चाहिए। बैठक में कई वरिष्ठ आंदोलनकारी मौजूद रहे और संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से, सचिव सुगन साहू,कोषाध्यक्ष सत्येंद्र मित्तल,उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह,केदार पांडेय, भीमसेन साहू, संगीता पाठक, शिव शंकर यादव, संतन सोनी, दिनेश पांडे,संतोष नायक,उषा देवी,लीला यादव,प्रभु दयाल साहू,विनोद पांडे शाहिद सैकड़ो आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना प्रशासन की प्राथमिकता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रभावी अनुपालन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया-सह-जिला परिवहन पदाधिकारी माहेश्वरी प्रसाद द्वारा बताया गया कि जनवरी से अप्रैल 2026 तक जिले में कुल 65 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। इस पर उपायुक्त ने सभी ट्रांसपोर्टरों एवं उपस्थित प्रतिनिधियों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु सुझाव एवं आवश्यक पहल पर विचार साझा करने को कहा। समीक्षा के क्रम में ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवरस्पीड, एक ही चालक द्वारा लगातार लंबे समय तक वाहन चलाना तथा घाटी क्षेत्रों में भारी वाहनों के ब्रेक फेल होने जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसके लिए सभी संबंधित विभागों एवं ट्रांसपोर्टरों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ट्रांसपोर्ट कंपनियों में कार्यरत वाहन चालकों का रेंडम ड्राइविंग टेस्ट लिया जाए तथा अयोग्य पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान नियमित रूप से चलाने एवं नो-एंट्री क्षेत्र में चलने वाले वाहनों के चालकों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी लोडेड वाहन की गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक नहीं होनी चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वहीं लगातार लंबे समय तक वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में वाहन चालकों की चिकित्सीय जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बैठक में वाहन चालकों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने ट्रांसपोर्टरों से कहा कि वे वाहन चालकों के साथ नियमित संवाद स्थापित करें तथा सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन हेतु उन्हें प्रेरित करें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने जिले के विभिन्न संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर उउळश कैमरे लगाने, दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट, पॉल्यूशन एवं बीमा सहित आवश्यक दस्तावेजों की जांच हेतु विशेष अभियान चलाने तथा जोड़ी-हंटरगंज मार्ग, टंडवा सहित विभिन्न सड़कों पर गड्ढों की मरम्मत सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं ट्रांसपोर्टर प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 200 उर्दू विद्यार्थियों की काउंसिलिंग व सम्मान समारोह आयोजित

# अंजुमन फरोग-ए-उर्दू के कार्य सराहनीय : शहजादा अनवर




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़)** : अंजुमन फरोग ए उर्दू, रामगढ़ जिला इकाई के द्वारा बिस्मिल्लाह मैरेज हॉल चितरपुर में करियर काउंसलिंग सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इस वर्ष मैट्रिक और इंटर परीक्षा में उर्दू विषय लेकर पढ़ने वाले और उस विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान पदक दिया गया। सबसे बड़ी बात यह है कि उपस्थित विद्यार्थियों का कैरियर काउंसलिंग भी किया गया। काउंसलिंग द्वारा उर्दू पढ़ने वाले विद्यार्थियों में रोजगार को लेकर फैली भ्रांतियां और उदासीनता को तोड़ा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काँग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर और विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हाजी रईस खान ने की और संचालन केंद्रीय उपाध्यक्ष डॉ. शाहनवाज खान ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक रफीकउल्लाह ने किया। मुख्य अतिथि शहजादा अनवर ने कहा कि पश्चिमी सभ्यता और पश्चिमी भाषा को अपनाने की होड़ में तथा सिर्फ रोजगार के लिए शिक्षा पाने की सोच ने हम अपनी सभ्यता और मातृभाषा से दूर हो रहे हैं। ऐसी विपरीत परिस्थिती में मातृभाषा उर्दू की संरक्षण की जरूरत को समझते हुए इसके प्रति रूझान बढ़ाने का काम एक मुहिम के तहत होना चाहिए। इस संबंध में अंजुमन फरोग-ए-उर्दू सराहनीय कार्य कर रही हैं। उद्घाटन भाषण देते हुए डॉ. मजहरूल हक ने कहा कि उर्दू के लिए और अहले उर्दू के लिए काम करने वाले मौलाना मोहम्मद हबीब जो हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है उनकी की याद में कार्यक्रम करना उच्च मानसिकता का धोतक है। ऐसी परंपरा कायम रहनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ काँग्रेसी नेता तारिक अनवर ने कहा कि अपनी मातृभाषा की संरक्षण और विकास के लिए उसे शिक्षा का माध्यम बनाना कम से कम एक पत्र के तौर पर पढ़ना लिखना जरूरी है। हमें अंजुमन फरोग-ए-उर्दू के प्रयास में सहभागी बनना चाहिए। विशिष्ट अतिथि जकाउल्लाह ने कहा कि जागरूकता अभियान चलाकर उर्दू नहीं पढ़ने वाले बच्चों को उर्दू पढ़ने लिखने के लिए जागरूक करना और उर्दू पढ़ने वालों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जो कि अंजुमन फरोग-ए-उर्दू के लोग रामगढ़ जिले में बखूबी कर रहे हैं।

# पुलिस की बड़ी सफलता, अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गढ़वा** : गढ़वा जिले के भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चेरवाडीह गांव में पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध हथियार के साथ गांव में गुणा कुमार नामक व्यक्ति के साथ मारपीट कर रहा है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि दोनों के बीच 8 हजार रुपये के बकाया विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान एक युवक के पास से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान अशोक कुमार (32 वर्ष), पिता कामेश्वर राम, निवासी भिमखांड, थाना मेराल, जिला गढ़वा के रूप में बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 16 मई 2026 को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)/26/35 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बरामद सामान, एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, गिरफ्तार अभियुक्त, अशोक कुमार (32 वर्ष), निवासी : भिमखांड, थाना मेराल, जिला गढ़वा, छापेमारी दल में शामिल पुलिसकर्मी, पु०अ०नि० परवेज आलम, पु०अ०नि० निरंजन प्रसाद शर्मा, हवलदार राम सरिखन राम आरक्षी 1036 बिरेन्द्र प्रसाद यादव पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वालों के बीच हड़कंप मच गया है।

# तालीमी मरकज टोला सेवकों ने जीतन राम मांझी को सौंपा ज्ञापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पटना** : तालीमी मरकज टोला सेवक का एक प्रतिनिधिमंडल इस योजना के संस्थापक सदस्य गुलाम सरवर आजाद के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री श्री जीतन राम मांझी से उनके सरकारी आवास में मिलकर तालीमी मरकज टोला सेवक शिक्षा सेवियों को शिक्षक का दर्जा दिए जाने से संबंधित स्मार पत्र दिया। विगत 16 वर्षों से घुट घुट कर जीने वाले शिक्षा कर्मियों से मांझी जी मिले और आश्चर्य व्यक्त किया कि उन्होंने अपने मुख्यमंत्री काल में 60 वर्षों की सेवा स्थाई की थी और दूसरी सहूलते देने के बारे में सोचा था लेकिन इतने दिनों के बाद उनकी हालत में कोई सुधार नहीं आया। इन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह तालीमी मरकज टोला सेवक की गंभीर समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री से मिलेंगे और मजबूती के साथ उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अनुशंसा करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में तालीमी मरकज टोला सेवक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मो० मुकर्रम आसिफ के अतिरिक्त शिक्षा सेवक शबाना परवीन, नीलोफर अफरोज, शहजादा कुरैशी, प्रकाश रजक, बूंदी राम आदि रहें।

## रोटरी क्लब कोडरमा ने करमा पंचायत में लगाया नि:शुल्क आंख जांच शिविर

# 71 ने करायी जांच, 20 मरीजों में मिला मोतियाबिंद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया** : रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा करमा पंचायत बारा टोला सचिवालय में निशुल्क आंख जांच शिविर का कैंप लगाया गया जिसमें 71 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई 20 लोगों का मोतियाबिंद निकला, रोटरी क्लब कोडरमा के मोबाइल नेत्र चिकित्सा वाहन अस्पताल में डॉ संगीता प्रसाद ने सभी मरीजों की आंख का जांच किया रोटरी क्लब के वातानुकूलित सुसज्जित मोबाइल गाड़ी अस्पताल में आधुनिक मशीनों के द्वारा जांच किया गया। जिसमें 20 लोगों का मोतियाबिंद निकला जिनका निशुल्क ऑपरेशन रोटरी आई हॉस्पिटल झुमरीतिलैया में किया जाएगा, जांच किए गए सभी मरीज को रोटरी क्लब के द्वारा निशुल्क दवाई भी दी गई उनका ब्लड प्रेशर रक्त जांच शुगर आदि का जांच भी किया गया सर्वप्रथम कार्यक्रम का मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन महेश दारूका एवं कार्यक्रम के परियोजना निदेशक अमित कुमार ने किया आए हुए अतिथियो का स्वागत किया, डॉ. संगीता प्रसाद को पुष्प गुच्छ पूर्व अध्यक्ष अमित कुमार ने दिया करमा पंचायत की मुखिया को पुष्प गुच्छ आई हॉस्पिटल के अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने दिया मुखिया प्रतिनिधि को पुष्प गुच्छ कमल सेठी पूर्व अध्यक्ष जयकुमार गंगवाल ने दिया आई हॉस्पिटल के अध्यक्ष कैलाश चौधरी पूर्व अध्यक्ष संगीता शर्मा महेश दारूका ने अपने संबोधन में रोटरी आई हॉस्पिटल में समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा कार्यों की जानकारी दी एवं भविष्य में भी इस प्रकार की निशुल्क आंख शिविर के आयोजन का आश्वासन दिया, डॉ. संगीता प्रसाद ने वहां पर मौजूद मरीज को अपने संबोधन में कहा कि आंख मनुष्य के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है आंखों के बिना दुनिया अधूरी है हमें समय-समय पर इसकी जांच अवश्य करनी चाहिए रोटरी क्लब कोडरमा जरूरतमंदों की सच्ची सेवा करती है।

## गो सेवा एवं जन सेवा का सराहनीय आयोजन

# अमावस्या पर मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा का सेवा कार्य



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : प्रेरणा शाखा द्वारा अमावस्या के पावन अवसर पर गौशाला में गौ सेवा एवं जन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा, करुणा एवं मानवता के भाव को समाज तक पहुँचाना रहा।गौ सेवा के अंतर्गत गौमाताओं को 100 किलो तरबूज, 20 किलो गुड़, रोटियाँ एवं 10 किलो खीरा खिलाकर सेवा की गई। इस सेवा कार्य के माध्यम से गौमाताओं के प्रति श्रद्धा, आस्था एवं सेवा भाव प्रकट किया गया।जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत गौशाला में निरंतर सेवा दे रहे सेवकों एवं सेवा कर्मियों के बीच अल्पाहार स्वरूप कचौड़ी, जलेबी एवं आम का वितरण किया गया। शाखा की इस पहल की सभी ने सराहना की।इस अवसर पर शाखा अध्यक्षा आकृति चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा ही संगठन की वास्तविक पहचान है। गौ सेवा एवं जन सेवा जैसे कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं संवेदनशीलता का संचार करते हैं। हमें निरंतर ऐसे सेवा कार्यों से जुड़कर समाज हित में कार्य करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यगण सचिव प्रिया अग्रवाल, सह सचिव दीपा गुप्ता, गौ सेवा कन्वीनर शालू चौधरी, सारिका लड्ढा, नेहा हिसारिया, प्रीति गुटगुटिया, रश्मि गुटगुटिया, श्वेता गुटगुटिया, नेहा जैन, बीणा जैन एवं श्रेया केड़िया उपस्थित रहीं।

# नीट परीक्षा लीक के खिलाफ आप का प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : आम आदमी पार्टी बोकारो जिला के तत्वावधान में नीट पेपर लीक के खिलाफ महात्मा गांधी चौक सेक्टर चार में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में शामिल आप कार्यकताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस मौके पर उपस्थित आप के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने कहा कि पिछले 12 सालों में मोदी सरकार के कार्यकाल में 90 से ऊपर पेपर लीक हो चुके हैं। केवल नीट के ही चार-पांच बार पेपर लीक हो चुके हैं। सरकार सीबीआई जांच के नाम पर हर बार दोषियों को बचाने में लगी रहती है। उन्होंने कहा कि चार-पांच छात्रों ने इस बार आत्महत्या कर ली है। इसके लिए दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। जोनल पर्यवेक्षक विधान चंद्र राय ने कहा कि पेपर लीक के लिए जिम्मेदार शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करना चाहिए। साथ ही एनटीए को भंग कर देना चाहिए। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से आप नेता और कार्यकर्ता धर्मेंद्र शर्मा, अशोक कुमार, मनौवर अंसारी, केएपी वर्मा, सुमन सिंह, अब्दुल कादिर,

# वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्वदेशी जागरण मंच कार्यालय का उद्घाटन

**बोकारो** : स्वदेशी जागरण मंच बोकारो के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। पूजा के मुख्य जजमान स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय मेला प्रमुख सचिंद्र कुमार बरियार की अगुवाई में पूजा पाठ व हवन के साथ कार्यालय का विधिवत उद्घाटन हुआ। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के अखिल भारतीय प्रयांशी जगन्नाथ शाही, मंच के क्षेत्रीय संयोजक राजेश उपाध्याय ,पूर्व विधायक बीरांची नारायण, रोहित लाल सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, अजय चौधरी 'दीपक' आदि सामूहिक रूप से पूजा हवन में शामिल हुए।

# मंईयां सम्मान योजना को लेकर भ्रम का माहौल सत्यापन के लिए प्रज्ञा केन्द्र पहुंच रहीं महिलाएं

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)** : झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान योजना को लेकर प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों भ्रम और चिंता का माहौल बना हुआ है। योजना में दोबारा सत्यापन किए जाने की चर्चा गांव-गांव फैलने के बाद प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं प्रज्ञा केंद्रों का रुख कर रही हैं, लेकिन वहां योजना से संबंधित कोई ऑनलाइन कार्य नहीं हो रहा है।ग्रामीण क्षेत्रों में यह अफवाह तेजी से फैल रही है कि मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का पुनः ऑनलाइन सत्यापन कराया जा रहा है, और सत्यापन नहीं होने पर लाभुकों का नाम सूची से हटा दिया जाएगा। इसी डर और असमंजस के कारण महिलाएं अपने दस्तावेज लेकर प्रज्ञा केंद्र पहुंच रही हैं। कई महिलाएं यह जानने के लिए परेशान दिखीं कि आखिर उन्हें क्या करना है और कहीं उनका लाभ बंद तो नहीं हो जाएगा।इस संबंध में प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने बताया कि प्रतिदिन दर्जनों महिलाएं योजना के सत्यापन और नए आवेदन को लेकर पहुंच रही हैं, जबकि फिलहाल सरकार की ओर से किसी प्रकार की ऑनलाइन सत्यापन प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। संचालकों ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना का आवेदन पोर्टल भी वर्तमान में पंचायत ऑपरेटरों के लिए बंद है, इसलिए नया आवेदन स्वीकार नहीं किया जा रहा है। इधर, प्रखंड कार्यालय कर्मियों ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि सरकार की ओर से सभी पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत अधिकारियों को लाभुकों की सूची उपलब्ध कराई गई है। उन्हें सूची में शामिल मृत, सरकारी नौकरी करने वाले अथवा अन्य अयोग्य लाभुकों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है।

# तस्कर पर पुलिसिया शिकंजा, 25 लाख की अफीम के साथ धराया माफिया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : झारखंड के चतरा जिले में पुलिस ने अफीम तस्करों के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। गिद्धौर थाना क्षेत्र में पुलिस ने जाल बिछाकर एक शातिर अफीम तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर के पास से भारी मात्रा में अवैध अफीम और एक स्मार्टफोन बरामद किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि आरोपी के पास से दो किलोग्राम गुड़ जैसा पदार्थ भी मिला है, जिसका इस्तेमाल वह अफीम में मिलाकर उसका वजन बढ़ाने के लिए करने वाला था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गिद्धौर थाना क्षेत्र के जपुआ गांव निवासी रामचरण दांगी उर्फ रामचंद्र दांगी के रूप में हुई है।

**जपुआ से जा रहा था हजारीबाग, सटीक सूचनातंत्र ने योजना पर फेर दिया पानी**

**समाहरणालय** स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में पुलिस अधीक्षक अनिमेश नैथानी ने बताया कि गोपनीय और सटीक सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना में बताया गया था कि जपुआ गांव का एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर चतरा-हजारीबाग मुख्य सड़क पर खड़ा है। वह वहां से बस पकड़कर हजारीबाग की ओर जाने की तैयारी में है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया नागरगोजे शुभम भाऊसाहेब के नेतृत्व में एक त्वरित छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित छापेमारी दल जब गिद्धौर थाना अंतर्गत ग्राम-जपुआ के पास चतरा-हजारीबाग मुख्य मार्ग पर पहुंचा, तो वहां सड़क किनारे एक व्यक्ति थैला लिए संदिग्ध स्थिति में खड़ा दिखाई दिया। जैसे ही उसकी नजर पुलिस बल पर पड़ी, उसने भागने का प्रयास किया। वह सड़क से नीचे उतरकर पास की झाड़ियों की तरफ दौड़ने लगा। लेकिन सजग पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे खदेड़कर पकड़ लिया। जब पुलिस ने उसकी और उसके थैले की विधिवत तलाशी ली, तो थैले के अंदर से तीन अलग-अलग प्लास्टिक के पैकेट मिले। एसपी नें बताया कि पुलिस की सघन पूछताछ और जांच में यह स्पष्ट हुआ कि बरामद पैकेटों में करीब 4 किलोग्राम अफीम है। इसके साथ ही आरोपी के पास से अन्य सामग्री और एक स्मार्टफोन भी बरामद किया गया है। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से अफीम और मोबाइल फोन जब्त कर लिया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत गिद्धौर थाना में कांड दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अभियान में एसडीपीओ के साथ पुलिस निरीक्षक बिपिन कुमार, थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री और एएसआई अशोक कुमार पांडेय शामिल थे।

# जनता के स्वास्थ्य और अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : प्रकाश रजक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : परिसदन, कोडरमा में जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर उनका स्वागत किया गया तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि बांझेडीह पावर प्लांट से फ्लाई ऐश की खुलेआम ढुलाई के कारण झुमरी तिलैया एवं कोडरमा के लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे और बाजार क्षेत्रों में उड़ती फ्लाई ऐश आम जनता के लिए खतरा बन चुकी है, लेकिन लगातार शिकायतों के बावजूद जिला प्रशासन की निष्क्रियता बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया है कि जल्द ही कोडरमा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर अविलंब कार्रवाई की मांग की जाएगी।

## एक झलक

### मॉडल स्कूल घाघरा में शिक्षक संकट गहराया, 200 छात्रों की पढ़ाई ठप



**गुमला :** प्रखंड के चपका स्थित मॉडल स्कूल में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। करीब 200 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई केवल एकमात्र अध्यापिका एवं प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी के भरोसे चल रही है। शिक्षकों की भारी कमी के कारण विद्यालय में नियमित पढ़ाई बाधित हो रही है, जिससे विशेषकर कक्षा 10 के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर गंभीर असर पड़ रहा है प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा एक सप्ताह के भीतर शिक्षकों की पदस्थापना का आश्वासन दिया गया था, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी विद्यालय में कोई शिक्षक नहीं भेजा गया। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ कार्यालयी कार्य, विभागीय रिपोर्ट और अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियां भी अकेले संभालनी पड़ रही हैं।

**बच्चों का भविष्य बचा लीजिए डीसी सर: अभिभावक**

**अभिभावक** पारसनाथ महतो ने कहा कि बच्चों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। यदि जल्द शिक्षक नहीं भेजे गए तो अभिभावक बच्चों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**अब आंदोलन ही आखिरी रास्ता : अभिभावक**

**अभिभावक** अजय गुप्ता ने प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारियों की उदासीनता से बच्चों के सपनों के साथ खिलवाड़ हो रहा है। अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि मंगलवार तक विद्यालय में शिक्षक नहीं पहुंचे, तो सड़क जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### गौतम अदाणी ने बिहार में शुरू की 150 करोड़ रुपये की नेत्र चिकित्सा पहल

# देशभर के लिए 500 करोड़ रुपये का संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मस्तीचक (बिहार) :** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सेवा ही साधना है के मूलमंत्र से प्रेरित होकर आज बिहार में 150 करोड़ रुपये की बड़ी नेत्र स्वास्थ्य सेवा की नींव रखी। इस पहल के जरिए ग्रामीण इलाकों में सस्ती दरों पर आंखों का इलाज सुनिश्चित किया जाएगा। ग्रामीण इलाकों में नेत्र चिकित्सा परियोजना के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के अलावा गौतम अदाणी ने देशभर में नेत्र स्वास्थ्य से जुड़े दूसरे बड़े मिशन की घोषणा भी की। मस्तीचक में शुरू की जा रही इस पहल से हर साल लगभग 3.3 लाख आंखों की सर्जरी मुमकिन हो सकेगी। इसके साथ ही हर साल आंखों की देखभाल के क्षेत्र में 1,000 हेल्थ प्रोफेशनल को ट्रेनिंग भी दी जाएगी। इन पहल आंखों के इलाज के क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े ग्रामीण नेत्र चिकित्सा नेटवर्क में से एक बन सकती है। इस मौके पर गौतम अदाणी ने कहा, आज बिहार की पवित्र धरती मस्तीचक आकर मन गर्व, भावनाओं और आत्मीयता से भर गया। गायत्री शक्तिपीठ पहुंचकर एक अलग ऊर्जा और आध्यात्मिक प्रेरणा का अनुभव हुआ। यह स्थान केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, संस्कार और सामाजिक जागरण का एक सशक्त केंद्र बनकर उभर रहा है। गायत्री परिवार, अखंड ज्योति और आदरणीय मृत्युंजय जी के इस असाधारण कार्य के लिए उन्हें हार्दिक साधुवाद। किसी व्यक्ति की आंखों की रोशनी लौटाना केवल इलाज नहीं होता यह उसके जीवन में फिर से उम्मीद, आत्मविश्वास और सम्मान लौटाने का पुण्य काम है। मानवता के लिए इससे बड़ी सेवा शायद ही कुछ और हो सकती है। हमारे लिए भी सेवा ही साधना हैद्ध कोई नारा नहीं, बल्कि करुणा को कर्म में बदलने की प्रेरणा है। बिहार हमेशा से राष्ट्र को नई चेतना देने वाली धरती रही है। यह पुनीत मुहिम उसी सेवा भावना, संस्कार और समर्पण के माध्यम से देश को नई रोशनी देने का प्रयास है। अदाणी समूह की सीएसआर इकाई अदाणी फाउंडेशन, अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के कार्यों को और मजबूती प्रदान करने के लिए 150 करोड़ रुपये का सहयोग देगी। इस राशि से मस्तीचक में अदाणी सेंटर फॉर आई और अदाणी ट्रेनिंग इन ऑप्थैल्मिक मेडिसिन की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम के तहत 10 एंबुलेंस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इससे बिहार और आसपास के दूरदराज गांवों तक आंखों के इलाज को पहुंचाया जा सकेगा। ACE एक ऐसा अस्पताल होगा जहां आसपास के क्षेत्रों से आए आम लोगों को सस्ते और बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी। वहीं ATOM में आंखों के डॉक्टर, सहायक कर्मचारी और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि गांवों में आंखों के इलाज की सुविधा और मजबूत हो सके। गौतम अदाणी ने मस्तीचक में







शुरू की गई पहल को लंबे समय तक सुचारु रूप से चलाए रखने के लिए संचालन सहयोग की भी घोषणा की। मस्तीचक में हुए भूमि पूजन कार्यक्रम में गौतम अदाणी के साथ अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. प्रीति अदाणी और अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृत्युंजय तिवारी उपस्थित रहे। मृत्युंजय तिवारी ने कहा मैं श्री गौतम अदाणी जी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल पर विश्वास जताते हुए इस परिवर्तनकारी यात्रा में हमें सहभागी बनाया। यह साझेदारी केवल भवनों और संरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत के अंतिम पंक्ति में खड़े वंचित एवं उपेक्षित लोगों के जीवन में दृष्टि, सम्मान, अवसर और आशा का संचार करने का एक साझा संकल्प है। हमें विश्वास है कि यह सहयोग आने वाले वर्षों में करोड़ों जीवनों पर दूरगामी प्रभाव उत्पन्न करेगा। अदाणी फाउंडेशन ने अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के साथ मिलकर बिहार के भागलपुर जिले के पीरपैंती में 200 बिस्तरों वाला अस्पताल स्थापित करने की घोषणा भी की है। यह अस्पताल अखंड ज्योति फाउंडेशन के कार्यों को और मजबूत करेगा और बिहार के बड़े हिस्से तक सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाएगा। पिरपैंती में अदाणी ग्रुप 2400 मेगावॉट का अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट लगा रहा है।

**देश भर के लिए 500 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता**

**गौतम** अदाणी ने अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल की सेवाओं को देशभर के वंचित समुदायों तक पहुंचाने के लिए 500 करोड़ रुपये की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता जताई। अदाणी अखंड ज्योति फाउंडेशन बिहार के बाहर दूरदराज के क्षेत्रों में आंखों के सस्ते इलाज की सुविधाएं पहुंचाएगी। इन सभी अग्रणी पहलों को संचालित करने के लिए 700 करोड़ रुपये से अधिक का कुल निवेश होगा।

**सेवा ही साधना है**

**यह** पहल गौतम अदाणी के सेवा ही साधना है के मूलमंत्र पर अटूट विश्वास को दशार्ती है। वर्ष 2022 में अपने 60वें जन्मदिन पर उन्होंने देशभर में स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास के लिए 60,000 करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी। इसके बाद पिछले वर्ष अपने सबसे छोटे बेटे जीत अदाणी के विवाह के अवसर पर उन्होंने 10,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त प्रतिबद्धता की घोषणा की थी। सेवा ही साधना है का यह मूलमंत्र अदाणी ग्रुप के सामाजिक पहलों में लगातार दिखाई देता है। महाकुंभ और पुरी जगन्नाथ रथ यात्रा जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों में भी अदाणी समूह ने भोजन, सफाई और सेवा के कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। महाकुंभ में 50 लाख श्रद्धालुओं के भोजन और पुरी जगन्नाथ की रथ यात्रा में 40 लाख भक्तों को भोजन उपलब्ध कराने का काम अदाणी ग्रुप की तरफ से किया गया था।

बिहार में की गई यह घोषणा इस विश्वास को दोहराती है कि सेवा की भावना से बड़े पैमाने पर लोगों के जीवन में बदलाव लाया जा सकता है।

**बिहार के भविष्य में निवेश**

**नेत्र** चिकित्सा को लेकर की जा रही पहल बिहार के प्रति अदाणी समूह की बढ़ती प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जहां समूह राज्य के सबसे बड़े निजी निवेशकों में शामिल हो चुका है और निवेश प्रतिबद्धता करीब 40,000 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है।

इन निवेशों में लगभग 27,000 करोड़ रुपये की लागत वाला 2,400 मेगावाट का अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट शामिल है। यह बिहार में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा निवेश है। इसके अलावा इंडियन ऑयल अदाणी गैस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से गया और नालंदा जिलों में सिटी गैस वितरण नेटवर्क को विकसित किया जा रहा है। वहीं अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड उत्तरी बिहार में करीब 30 लाख स्मार्ट मीटर लगाकर बिजली वितरण व्यवस्था को आधुनिक बना रही है।

इसके साथ ही अदाणी समूह नवादा और मुजफ्फरपुर जिलों में 6-6 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता की दो सीमेंट ग्राइंडिंग इकाइयों का भी विस्तार कर रहा है, जिन पर लगभग 3,000 करोड़ रुपये का संयुक्त निवेश किया जा रहा है।

**नेत्र चिकित्सा को सर्व-सुलभ बनाने का मिशन**

2005 में बिहार के ग्रामीण इलाके में 30 बिस्तरों वाले अस्पताल के रूप में शुरू हुआ अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल आज देश के प्रमुख नेत्र चिकित्सा संस्थानों में से एक बन चुका है। अब तक यहां 14 लाख से अधिक लोगों की आंखों की रोशनी लौटाई जा चुकी है और लाखों लोगों की जांच हो चुकी है।

अदाणी ग्रुप और अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल का सहयोग भारत सरकार के राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टि बाधा नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्यों के अनुरूप है, जिसकी शुरूआत 1976 में हुई थी। इसका लक्ष्य आंखों के सस्ते इलाज और देखभाल के लिए एक ऐसा सामुदायिक मॉडल विकसित करना है जिसे देशभर में लागू किया जा सके। यह पहल अदाणी फाउंडेशन के विजन केयर प्रोग्राम को भी आगे बढ़ाती है। अदाणी फाउंडेशन अगस्त 2026 में 30 वर्ष पूरे कर रहा है। 2024 में शुरू हुए विजन केयर प्रोग्राम कार्यक्रम के तहत अब तक लगभग 1.93 लाख लोगों की आंखों की जांच की जा चुकी है और करीब 59,000 लोगों को मुफ्त चश्मे उपलब्ध कराए गए हैं। यह काम 11 राज्यों में ग्रामीण क्षेत्रों, स्कूलों और रेफरल सपोर्ट के माध्यम से किया गया है। बिहार के ग्रामीण इलाकों से शुरू होकर यह प्रयास पूरे देश के वंचित समुदायों के लिए एक ऐसा मॉडल विकसित करना चाहती है, जिसमें स्वास्थ्य सेवाएं, कौशल विकास और सेवा एक साथ आगे बढ़ें। गौतम अदाणी के लिए यह प्रयास सिर्फ स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश नहीं, बल्कि यह विश्वास है कि सेवा की भावना से शुरू किया गया यह प्रोजेक्ट न केवल दृष्टि लौटाएगा, बल्कि सम्मान, अवसर और आशा भी देगा।

# अमित शाह ने 128 करोड़ की मधुर डेयरी मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का किया लोकार्पण, पशुपालकों की आय बढ़ाने पर जोर

- ऑटोमैटिक प्लांट से प्रतिदिन ढाई लाख लीटर दूध प्रोसेसिंग, भविष्य में क्षमता पांच लाख लीटर तक बढ़ाने की योजना
- श्वेत क्रांति 2.0 और सहकार से समृद्धि के तहत ग्रामीण अर्थव्यवस्था व महिला सशक्तीकरण को मिलेगा नया बल




**एजेंसी**

**गांधीनगर :** गांधीनगर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के करकमलों से रविवार को गांधीनगर के दशेला में मधुर डेयरी के नवनिर्मित मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर चौधरी, उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी, सहकारिता मंत्री जीतू वाघाणी तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पशुपालक बहनों ने केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का स्वागत भी किया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दशेला में 15 एकड़ भूमि में 128 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित यह पूर्णतः ऑटोमैटिक मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट पशुपालकों की आर्थिक उन्नति का आधार बनेगा। यह प्लांट दैनिक ढाई लाख लीटर दूध की प्रोसेसिंग करेगा, जिसे भविष्य में पांच लाख लीटर तक बढ़ाने की योजना है। इस प्लांट के संचालन खर्च के बाद होने वाला लगभग 75 प्रतिशत मुनाफा सीधे ही पशुपालकों के बैंक खातों में जमा होगा। डेयरी सेक्टर को महिला सशक्तिकरण का विशेष माध्यम बताते हुए शाह ने जोड़ा कि आज गुजरात में 36 लाख पशुपालक बहनों के माध्यम से दैनिक तीन करोड़ लीटर दूध एकत्र किया जाता है, जिसके फलस्वरूप प्रतिदिन लगभग 200 करोड़ रुपए की राशि सीधे बहनों के बैंक खातों में जमा होती है। उन्होंने निजी अनुभव का वर्णन करते हुए कहा कि पहले जो बहनें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं थीं, वे आज डेयरी सेक्टर के कारण ह्यघर की सेठ बनी हैं। केंद्रीय मंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि डेयरी सेक्टर में ह्यसर्कुलर इकोनॉमी को प्रोत्साहन देकर पशुपालकों की आय में कम से कम 20 प्रतिशत की वृद्धि करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अमूल के उत्पादों के प्रति लोगों में बढ़ रहे विश्वास का उदाहरण देते हुए कहा कि अमूल की शुगर फ्री चॉकलेट शुगर फ्री चॉकलेट कैटेगरी में देश में पहले स्थान पर है, जिसका सीधा फायदा किसानों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि श्वेत क्रांति 2.0 अंतर्गत आगामी 10 वर्ष में देश का कुल दूध उत्पादन तीन गुना बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अमूल ने टेक्नोलॉजी के माध्यम से पशुपालकों का मुनाफा बढ़ाने का कार्य किया है। शाह ने हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च की गई डिजिटल सहायक सरलाबेन का उल्लेख किया, जो आज ग्रामीण क्षेत्र की बहनों को पशुपालन एवं खेती में सहायक हो रही है। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने मधुर डेयरी की प्रगति की प्रशंसा करते हुए कहा कि मधुर डेयरी सरदार वल्लभभाई पटेल, त्रिभुवनभाई पटेल तथा डॉ. वर्गीस कुरियन की परंपरा को आगे बढ़ा रही है। मधुर डेयरी द्वारा वर्ष 1971 में केवल 4 मंडलियों तथा 6000 लीटर दूध एकत्रीकरण से शुरू की गई यात्रा आज 268 करोड़ रुपए के वार्षिक टर्नओवर तक पहुंची है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मधुर डेयरी के मिल्क प्रोसेसिंग तथा पैकेजिंग प्लांट के लोकार्पण अवसर पर कहा कि गुजरात की धरती सदियों से सहकारिता की भावना से समृद्ध धरती है। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदलते जा रहे परिप्रेक्ष्यों के साथ सहकारिता क्षेत्र भी कदम से कदम मिलाकर चल सके; ऐसे विजन के साथ सहकार से समृद्धि का मार्ग अपनाया है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री ने विकास की राजनीति का नया इतिहास रचा है, उसमें भी सबके सहयोग से देश की समृद्धि का ही भाव हृदय में रखा है, जिसके फलस्वरूप उन्होंने जनता-जनार्दन का अपार विश्वास तथा भरोसा प्राप्त किया है।

## भैरवी जलाशय परियोजना के रैयत/विस्थापित की हुई बैठक, लिये गये अहम निर्णय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड क्षेत्र के रुंडई/ सोंटई गाँव में भैरवी जलाशय परियोजना के रैयतों एवं विस्थापितों की बैठक हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जबतक सरकार मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं करती है तब तक नहर के निर्माण कार्य को शुरू नहीं होने दिया जाएगा। सरकार द्वारा विस्थापितों के हित में निर्णय लिए जाने के बाद ही निर्माण कार्य को होने दिया जायेगा। मौके पर जेएलकेएम के केन्द्रीय महासचिव संतोष कुमार चौधरी, पुनेश्वर महतो, चित्रलेखा कुमारी, सखीत कुमारी, सीता कुमारी, राजकुमारी देवी, उर्मिला देवी, कालों देवी, संगीता देवी, यशोदा देवी, टेकलाल महतो, कमलेश महतो, विकास महतो, दुबराज महतो, मजेश महतो, मोहन महतो, योगेंद्र महतो, दयाल महतो, संदीप मुण्डा, तुलेश्वर मुंडा, सुधीर मुंडा, मुंशी करमाली, दिलीप महतो सहित कई रैयत/विस्थापित मौजूद थे।

## पूर्वी क्षेत्र कालिगा में मंडल स्तरीय कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राजा खडिया की अध्यक्षता में बैठक

**गुमला :** सदर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्वी क्षेत्र मंडल स्तरीय पंचायत कलिगा में मंडल अध्यक्ष राजा खड़िया एवं मंडल महासचिव दीपेंद्र महलों की अगुवाई में बैठा किया गया, मंडल अध्यक्ष ने कहा कि जो हमें शीर्ष नेतृत्व और जिला एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा जो जनहित के लिए टास्क दिया गया है उसे पूरा करने की आवश्यकता है कांग्रेस की नीति रही है सभी वर्ग के विकास के लिए कार्य करना और सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी से लोगों को अवगत कराना इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर उपस्थित हुए।

### बिहार के नक्सल प्रभावित गांव से निकल कर नीरज ने किया अमेरिका तक का सफर

# सारण के होनहार युवा ने यूपेन में हासिल की ऐतिहासिक सफलता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**छपरा :** बिहार के सारण जिलांतर्गत पानापुर प्रखंड स्थित एक छोटे से गांव पकड़ी नरोत्तम, जो कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, लेकिन आज उसी गांव के लाल नीरज कुमार सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहराकर पूरे बिहार का मान और सम्मान बढ़ाया है। ग्रामीण परिवेश और सीमित संसाधनों के बीच संघर्ष करते हुए नीरज ने अमेरिका के प्रतिष्ठित पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के 270वें दीक्षांत समारोह में पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय ग्रेजुएट स्कूल ऑफ एजुकेशन (पेन जीएसई) से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। सारण जिले के




उत्तराखंड कहे जाने वाले पानापुर के दियारा क्षेत्र निवासी प्रमोद सिंह और गीता देवी के पुत्र निरज कुमार सिंह ने अपने गांव के प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थियों में शामिल हैं। उन्होंने इंटरनेशनल एजुकेशनल डेवलपमेंट विषय में मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे सारण और बिहार के लिए गर्व का विषय बन गई है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले नीरज ने आर्थिक एवं सामाजिक चुनौतियों के बावजूद अपनी शिक्षा को कभी नहीं छोड़ा। उन्होंने सारण जिले में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद लोक नायक जय प्रकाश नारायण के नाम पर स्थापित जय प्रकाश विश्वविद्यालय के अंतर्गत जगदम कॉलेज से विज्ञान स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान से सोशल वर्क में स्नातकोत्तर अध्ययन किया। साथ ही टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान से भी पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अपने शैक्षणिक और सामाजिक कार्यों के दौरान नीरज ने 150 से अधिक सरकारी एवं गैर- सरकारी संस्थाओं के साथ काम किया। इनमें यूनिसेफ, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी और वर्ल्ड विजन इंटरनेशनल जैसी वैश्विक संस्थाएं शामिल हैं। यूपेन में अध्ययन के दौरान उन्होंने एडमिशन अम्बेसडर के रूप में विभिन्न देशों के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भी किया। इसके अलावा उन्होंने हॉवर्ड विश्वविद्यालय, कोलंबिया विश्वविद्यालय तथा संयुक्त राष्ट्र से जुड़े कई अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों और सम्मेलनों में भाग लिया है। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए पेन जीएसई की डीन कैथरीन ओ. स्ट्रंक ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं कार्यक्रम का मुख्य संबोधन डेनिस फोर्टे ने दिया। दीक्षांत समारोह के बाद नीरज कुमार सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं, बल्कि उन सभी लोगों की है जिन्होंने संघर्ष के हर दौर में उनका साथ दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को यह विश्वास रखना चाहिए कि मेहनत, समर्पण और शिक्षा के बल पर दुनिया के किसी भी मंच तक पहुंचा जा सकता है।

### भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ (बीएसपीएस) की झारखण्ड राज्य इकाई झारखण्ड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (जेजेए) की छठी प्रदेश कमेटी का गठन

# जेजेए के प्रदेश अध्यक्ष बने अभय लाभ, महासचिव संजीव समीर

- संगठित रहेंगे, तो सुरक्षित रहेंगे : शाहनवाज हसन
- संगठन का उद्देश्य पत्रकारों को संरक्षण और सुरक्षा देना : विष्णु शंकर उपाध्याय
- पत्रकार हितों की रक्षा जेजेए का एक मात्र उद्देश्य : अभय लाभ
- पत्रकारों के कल्याणार्थ योजनाओं की शीघ्र होगी शुरुआत : संजीव समीर







**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** रविवार को जिला के कुजू स्थित अक्षत बैंक्वेट हॉल में गहमागहमी के साथ जेजेए के प्रदेश अध्यक्ष और महासचिव की घोषणा हुई। प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार लाभ और प्रदेश महासचिव संजीव समीर बनाये गये। वहीं, कोषाध्यक्ष के रूप में सुभाशीष झा की घोषणा की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक शाहनवाज हसन, पूर्व अध्यक्ष विष्णु शंकर उपाध्याय, प्रदेश कमेटी के वरीय पदाधिकारी, विभिन्न जिला के अध्यक्ष एवं महासचिव ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। रामगढ़ जिला इकाई कमेटी द्वारा अतिथियों को बुके एवं माला पहना कर सम्मानित किया गया। उद्घाटन के पश्चात संगठन के मजबूती पर वक्ताओं ने अपने अनुभव एवं विचार रखे। बीएसपीएस और जेजेए के संस्थापक शाहनवाज हसन ने कहा कि संगठन में ताकत है और हम संगठित रहेंगे, तो ही सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने संगठन की स्थापना से लेकर अबतक की गतिविधियों और आगे की कार्य योजना पर प्रकाश डाला। वहीं, पूर्व अध्यक्ष विष्णुशंकर उपाध्याय ने कहा कि यूनियन पत्रकार हित में सदैव आगे है और संगठन का उद्देश्य पत्रकारों को संरक्षण और सुरक्षा देना है। इस दौरान प्रदेश कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभय कुमार लाभ ने कहा कि जेजेए अपने स्थापनाकाल से लगातार पत्रकार हितों की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है। श्री लाभ ने कहा कि पत्रकारों को आपसी द्वेष एवं मतभेद दूर कर एक मंच पर आना होगा। वहीं, प्रदेश महासचिव संजीव समीर ने कहा कि पत्रकारों के कल्याणार्थ कई योजनाओं की शुरूआत जेजेए द्वारा की गयी है। श्री समीर ने जानकारी देते हुए बताया कि पत्रकारों के स्वास्थ बीमा को लेकर कोडरमा जिला से पहल की गयी है, जिसे समस्त झारखण्ड में लागू किया जायेगा। नवमनोनीत अध्यक्ष एवं महासचिव को बुके देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। दोनों ने यूनियन का सभी जिले में विस्तार करने और पूरी कार्यकारिणी की जल्द घोषणा करने की बात कही। कार्यक्रम को प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम, हजारीबाग अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, कोडरमा अध्यक्ष कुमार रमेशम, महासचिव अनिल सिंह, शौकत खान ने भी स्बोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामगढ़ जिला इकाई कमेटी के सभी सदस्यों की भूमिका रही। इस दौरान राजीव गुप्ता, अजय कुमार, अर्जुन सोनी, भावेश मिश्रा, अभय सिंह, अजय मिश्रा, संजय कुमार यादव, सोनी कुमारी, मासूम अंसारी, राकेश सिंह, रामकृष्ण मेहता, संजय कुमार, अर्जुन साव, सुभाशीष झा, जयदीप सिंह, रवि कुमार, रंजीत कुमार सिंह, नसीम, श्याम ठाकुर, संदीप कुमार, यासीन अंसारी, याकूब आलम, गुलाम सरवर, मजीद आलम, राजू अग्रवाल, इंतखाब आलम, रीतलाल, खालिद, अंकित कुमार, बीके राठौर, जयदेव आनंद, अंकित सिंह, अजीत लाभ, अभय सिन्हा, अजय मिशा, अर्जुन सोनी, आकाश कुमार सोनी, पंकज सिंह, राजेश मुंडा, मुकेश कुमार सिंह, राजदेव गुप्ता, संजय यादव, रवि मिश्रा, राकेश आनंद, मो साबिर, राधे बेदिया समेत अन्य पत्रकार मौजूद थे। नव मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देनेवालों में इरढर राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पाण्डेय, राष्ट्रीय महासचिव डॉ नवीन आनंद जोशी, राष्ट्रीय संगठन सचिव गिरिधर शर्मा, राष्ट्रीय सचिव चंदन मिश्रा, जेजेए के पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष विष्णु शंकर उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष सम्पूर्णा नंद भारती, पूर्व प्रदेश सचिव अरविन्द ठाकुर, सुरेन्द्र मार्डी, प्रताप मिश्रा, निरभ किशोर, जावेद इस्लाम, शौकत खान, सुमेधा चौधरी, नीला सेनगुप्ता, रीमा डे, चतरा प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील कश्यप, हजारीबाग प्रेस क्लब अध्यक्ष मुरारी सिंह, धनबाद प्रेस क्लब सचिव अजय प्रसाद, जमशेदपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, घाटशिला प्रेस क्लब कार्यकारी अध्यक्ष सुशील अग्रवाल सहित अन्य पत्रकार शामिल हैं।

# आईपीएल-2026 के प्लेऑफ में पहुंचनेवाली पहली टीम बनी बेंगलुरु

एजेंसी

**धर्मशाला** : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल में रविवार के पहले मैच में पंजाब किंग्स को 23 रन से हरा दिया। धर्मशाला में बेंगलुरु ने टॉस हार कर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाये। जवाब में पंजाब 08 विकेट खोकर 199 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ बेंगलुरु के 18 पॉइंट्स हो गए और टीम इस सीजन में प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। वहीं, पंजाब की यह लगातार छठी हार रही।

■ पंजाब लगातार छठा मैच हारा; कोहली-वेंकटेश के अर्द्धशतक, भुवनेश्वर को 02 विकेट



### शशांक का अर्द्धशतक काम नहीं आया

**पंजाब** की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 19 रन तक 3 विकेट गंवा दिए। बाद में कूपर कोनोली, मार्कस स्टोयनिस और शशांक सिंह ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम टारगेट से 23 रन दूर रह गई। शशांक ने 27 गेंदों पर 56 रन की तेज पारी खेली। गेंदबाजी में रसिख सलाम ने 3 विकेट झटके। जबकि भुवनेश्वर कुमार ने शुरूआती दो विकेट झटके। जोश हेडलवुड, सुयश शर्मा और रोमारियो शफर्ड को 1-1 विकेट मिला।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** : जैकब बेथेल, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, वेंकटेश अय्यर, टिम डेविड, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड और सुयश शर्मा।
**इम्पैक्ट प्लेयर** : रसिख सलाम।
**पंजाब किंग्स** : प्रियांश आर्या, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कूपर कोनोली, श्रेयस अय्यर (कप्तान), सूर्यांश शेडगे, शशांक सिंह, अजमतुल्लाह ओमरजई, हरप्रीत बरार, लॉकी फर्ग्यूसन, अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल।
**इम्पैक्ट प्लेयर** : मार्कस स्टोयनिस।

### कोहली-वेंकटेश के अर्धशतक

**इससे** पहले, बेंगलुरु के लिए विराट कोहली ने 37 गेंदों में 58 रन की पारी खेली, जबकि देवदत्त पडिक्कल ने 25 गेंदों पर 45 रन बनाकर तेज शुरूआत दिलाई। आखिर में वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 73 रन बनाए, वहीं टिम डेविड ने 12 गेंदों पर 28 रन बनाकर टीम को 220 के पार पहुंचाया। पंजाब के लिए हरप्रीत बरार ने 4 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट लिए। युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह को 1-1 विकेट मिला। इस मैच में रजत पाटीदार की जगह जितेश शर्मा बेंगलुरु की कप्तानी कर रहे हैं। पाटीदार चोट के कारण यह मैच नहीं खेल रहे हैं।

## एक झलक

### केकेआर के खिलाफ तीन कैच छोड़ना बनी हार का कारण : पार्थिव

**कोलकाता** : गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ यहां हुए आईपीएल मुकाबले में मिली हार पर निराशा जताते हुए कहा कि इसके लिए हमारी खराब फील्डिंग भी जिम्मेदार रही। हमारे खिलाड़ियों ने केकेआर के जिन भी खिलाड़ियों के कैच छोड़े उन्होंने लंबी पारियां खेलकर मैच हमारे हाथ से छीन लिया। इस मैच को गुजरात टाइटन्स जीतकर प्लेऑफ के लिए जगह बनाने उतरी थी पर हार से उसके सपनों पर पारी फिर गया। अब उसे प्लेऑफ में जगह बनाने किसी भी प्रकार अंतिम मैच जीतना होगा। केकेआर के खिलाफ 29 रनों से हार के बाद पार्थिव ने कहा, कैच छोड़ने से मैच में अंतर आया। साथ ही कहा कि बड़े लक्ष्य वाले मैच में एक भी कैच छोड़ना भारी पड़ जाता है क्योंकि जब आप अच्छे बल्लेबाज के खिलाफ खेल रहे होते हैं, तो आपको ज्यादा अवसर नहीं मिलते। जैसे ही आपको वह मौका मिलता है, आपको यह पक्का करना होता है कि आप उसे गंवायें नहीं।

### केकेआर टाइटंस मैच में बना सबसे अधिक अर्द्धशतक का रिकार्ड

**कोलकाता** : कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और गुजरात टाइटंस के बीच खेला यहां के ईडन गार्डन मुकाबले में टी20 क्रिकेट का नया रिकार्ड बना है। इस मैच में 6 अर्धशतक लगने के साथह कुल मिलाकर 465 रन बने। ये पहली बार है जब किसी आईपीएल मैच में इतने अधिक छक्के और रन बने हैं। टी20 क्रिकेट में इससे भी ज्यादा रन और छक्के पहले लगे हैं पर इस मैच की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि इसमें कोई भी बल्लेबाज शतक नहीं लगा पाया, फिर भी छह खिलाड़ियों ने अर्धशतकीय पारी खेली। यह टी20 क्रिकेट के इतिहास में पहली बार हुआ है जब एक ही मैच में छह बल्लेबाजों ने 50 या उससे अधिक रन का आंकड़ा पार किया हो। मैच की बात करें तो, कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 247 रन बनाये। वहीं इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस ने 200 रन बनाये पर वह लक्ष्य तक नहीं पहुंच पायी। गुजरात की ओ से कप्तान शुभमन गिल ने 49 गेंदों पर 5 चौकों और 7 छक्कों की सहायता से 85 रन बनाए। उनके अलावा, जोस बटलर ने भी 35 गेंदों पर 5 चौकों और 2 छक्कों के साथ 57 रन बनाये। इसके अलावा साई सुदर्शन ने नाबाद 53 रन बनाये।

### 18 करोड़ में पाथिराना को खरीद कर पछता रही होगी केकेआर

**कोलकाता** : आईपीएल के इस सत्र में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के सबसे महंगे खिलाड़ी श्रीलंकाई पेसर मथीसा पाथिराना टीम के लिए घाटे का सौदा साबित हुए हैं। टीम ने काफी उम्मीदों के साथ इस तेज गेंदबाज को 18 करोड़ रुपये में खरीदा था पर उसे इसका लाभ नहीं मिला। ये तेज गेंदबाज फिट नहीं होने के कारण शुरूआती मैचों से से भी बाहर रहा था। लम्बे इंतजार के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ गत दिवस हुए मैच में फिट होने के कारण केकेआर ने उसे उतारा पर फायदा कुछ नहीं हुआ। पाथिराना इस मैच में 1.2 ओवर के बाद ही हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण फिर चोटिल हो गये।

# मैनचेस्टर सिटी ने जीता एफए कप फुटबॉल

## फाइनल में चेल्सी को 1-0 से हराया, एंटोनी सेमेन्यो का बैक-हील गोल

एजेंसी

**लंदन** : '72वां मिनट...एर्लिंग हालांड का सटीक क्रॉस...एंटोनी सेमेन्यो ने तेजी से दौड़ते हुए गेंद को एड़ी से फ्लिक कर दिया। चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज ने चीते जैसी फुर्ती दिखाते हुए हवा में छलांग लगायी, लेकिन गोल नहीं रोक सके।' सेमेन्यो के इस हैरतअंगेज गोल ने शनिवार को मैनचेस्टर सिटी को एफए कप का नया चैंपियन बना दिया। 155 साल पुराने इस टूर्नामेंट में शायद ही कोई फाइनल इतने शानदार गोल से जीता गया हो। वेम्बली स्टेडियम में सिटी ने चेल्सी को 1-0 से हराया। टीम के पास इस सीजन में 'डोमेस्टिक ट्रेबल' का मौका है।



### 72वें मिनट में आया 'मैजिक मोमेंट'

**पहला** हाफ गोल रहित रहने के बाद दोनों टीमें लगातार गोल की कोशिश कर रही थीं, लेकिन, गोल के मौके नहीं बन रहे थे। तभी 72वें मिनट में घाना के फॉरवर्ड सेमेन्यो की बूट से गोल आया। यह उनका 10वां गोल है। वे टीम को दो ट्रॉफियां जिताने में मदद कर चुके हैं।

### गार्डियोला की 35वीं बड़ी ट्रॉफी

**मैनचेस्टर** सिटी के मैनेजर पेप **गार्डियोला** के लिए यह जीत बड़ा मील का पत्थर है। सिटी के साथ 10 साल में यह उनकी 17वीं बड़ी ट्रॉफी, जबकि करियर की कुल 35वीं बड़ी ट्रॉफी है। सिटी ने आठवीं बार एफए कप जीतकर चेल्सी, लिवरपूल और टॉटेनहम के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। आर्सेनल 14 खिताबों के साथ टॉप पर है।

### चेल्सी के लिए संकटों से भरा रहा सीजन

**इस** हार के बाद पूर्व क्लब विश्व कप चैंपियन चेल्सी इस सीजन ट्रॉफी नहीं जीत सकेगी। साल की शुरूआत से दो कोच बर्खास्त करने के बाद टीम नए अंतरिम कोच कैलम मैक्फर्लेन के मार्गदर्शन में उतरी थी। सीनियर टीम के साथ यह उनका सिर्फ सातवां मैच था। मैच से पहले चेल्सी फैंस ने अमेरिकी मालिकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया।

### सिल्वा-स्टोन्स की विदाई

**मैच** केबाद सिटी फैंस ने क्लब का एंथम 'ब्लू मून' गाकर जश्न मनाया। यह मुकाबला बर्नार्डो सिल्वा और जॉन स्टोन्स के लिए भावुक रहा, क्योंकि दोनों सीजन के अंत में क्लब छोड़ रहे हैं। सिल्वा ने कहा, 'जब से मैं यहां आया हूं, हमने 20 ट्रॉफियां जीती हैं, जो कि बुरा रिकॉर्ड नहीं है। मैं मैनचेस्टर सिटी से बहुत प्यार करता हूं।'

# धर्मशाला में आईपीएल का 'महंगा रोमांच', 45 हजार तक बिके टिकट, आम दर्शक रह गये बाहर

एजेंसी



**धर्मशाला** : आईपीएल मैचों के इस सीजन में जितना बड़ा मैच, उतनी ही बड़ी जेब दर्शकों को ढीली करनी पड़ रही है। धर्मशाला में आईपीएल मैचों के टिकटों की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी का असर अब साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। रविवार को पंजाब किंग्स और आरसीबी के मुकाबले में एक ओर जहां कई दर्शक महंगे टिकटों व टिकट न मिलने के कारण स्टेडियम पहुंचने में नाकाम रहे। वहीं दूसरी ओर मैच की एक पारी समाप्त होने के बाद भी 45 हजार रुपये तक के टिकट ऑनलाइन बिकते रहे। क्लब लॉज का जो टिकट 22 हजार 500 रुपये तक रहता है, इस मैच में दोगुना से अधिक 45 हजार दामों में बेचा गया। क्रिकेट प्रेमियों ने इसे आम दर्शकों की पहुंच से बाहर बताया। इस बार एचपीसीए स्टेडियम में टिकटों के दामों में पिछले सीजन की तुलना में दोगुनी से अधिक बढ़ोतरी की गई है। पिछले वर्ष जिन टिकटों की कीमत 1200 से 1500 रुपये थी, वही टिकट अब चार से पांच हजार रुपये तक पहुंच गई हैं। वहीं क्लब लॉज के टिकट 22 हजार 500 रुपये से बढ़ाकर सीधे 45 हजार रुपये कर दिए गए हैं। जबकि अन्य टिकटें पांच हजार, सात हजार, आठ हजार, नौ हजार, 12 हजार, 15 हजार, 22 हजार, 30 हजार व सभी दोगुने दामों में बेची गई। क्रिकेट प्रेमियों का कहना है कि इतनी महंगी टिकटों के कारण परिवार के साथ मैच देखना मुश्किल हो गया है। कई लोगों ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू होते ही दाम देखकर टिकट लेने का विचार छोड़ दिया। वहीं कई लोग टिकट को लेकर काफी मेहनत करते दिखे, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिल पाए। हैरानी की बात यह रही कि मैच शुरू होने और एक पारी समाप्त होने के बाद भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 45 हजार रुपये तक के टिकट उपलब्ध और बिकते रहे। इससे साफ है कि आयोजकों ने अंतिम समय तक भी प्रीमियम टिकटों की बिक्री जारी रखी।

# गॉफ को हरा कर स्वीटिलोना ने इटेलियन ओपन टेनिस खिताब जीता

एजेंसी

**रोम** : यूक्रेन की एलीन एलिना स्वितोलिना ने अमेरिका की कोको गॉफ को हराकर इटेलियान ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। स्वितोलिना ने महिला एकल सेमीफाइनल में गॉफ को एक रोमांचक मुकाबले में 6-4, 6-7 3, 6-2 से हराया। ये मैच लगभग 2 घंटे 49 मिनट तक चला। ये तीसरी बार है जब गॉफ ने ये खिताब जीता है। इससे पहले साल 2017 और 2018 में भी गॉफ ने ये खिताब जीता था। मैच के पहले सेट में ही गॉफ ने अच्छी शुरूआत करते हुए 4-2 की बढ़त बना ली थी पर आठवें गेम में गॉफ की दो डबल फॉल्ट्स उन्हें भारी पड़ गयी। स्वितोलिना ने इसके बाद ब्रेक हासिल कर वापसी कर ली। इस खिलाड़ी ने नौवें गेम में तीन ब्रेक अंक बचाए और 6-4 से पहला सेट जीत लिया। वहीं दूसरे सेट में गॉफ की वापसी अच्छी रही। दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे कड़ी टक्कर हुई । गॉफ ने 11वें गेम में ब्रेक हासिल किया पर उनके सर्व करने के दौरान ही स्वितोलिना ने मुकाबला टाईब्रेक तक पहुंचा दिया। टाईब्रेक में गॉफ ने शानदार खेल दिखाया और 7-3 से जीत दर्ज कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। इसके बाद तीसरे सेट में स्वितोलिना ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक हासिल कर मैच अपने कब्जे में कर लिया। चैंपियनशिप के लिए सर्व करते समय उन्होंने तीन ब्रेक अंक भी बचाए और अपनी जीत तय की।




## चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब बना चैम्पियन

**प्रयागराज** : चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज को दस विकेट से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी ए डिवीजन क्रिकेट लीग का खिताब अपने नाम किया। केपी कॉलेज मैदान पर रविवार को खेले गए फाइनल मैच में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने 38.2 ओवर में 204 रन (रोहित राजपाल 53, अर्पित सिंह 41, रोशन कुशवाहा 30, सिद्धार्थ मिश्रा 27, राहुल राजपाल 22 आदि ने) बनाए। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 17.5 ओवर में बिना विकेट को 207 रन (प्रथम मिश्र 161 नाबाद, अनिकेत सिंह 42 नाबाद) बना लिए। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व अरुण कुमार ने अम्पायरिंग एवं अंकित पांडेय ने स्कोरिंग की।

# थाईलैंड ओपन का खिताब जीतने से चूके सात्विक-चिराग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बैंकॉक** : बैंकॉक में आयोजित थाईलैंड ओपन 2026 सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी खिताब जीतने से चूक गई। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया की डेनियल मार्थिन और लियो कार्नांडो की जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को सीधे गेमों में 21-12, 25-23 से हरा कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। बैंकॉक के निमिबुत्र स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंडोनेशियाई जोड़ी ने शुरूआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया। मार्थिन और कार्नांडो ने तेज रफ्तार और सटीक खेल के दम पर भारतीय जोड़ी पर लगातार दबाव बनाए रखा। पहले गेम में सात्विक और चिराग कई मौकों पर लय में नजर नहीं आए और गलतियों का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए पहला गेम 21-12 से आसानी से जीत लिया। वर्ल्ड रैंकिंग में चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद दूसरे गेम में वापसी की। सात्विक और चिराग ने बेहतर तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबले को रोमांचक बना दिया। दोनों जोड़ियों के बीच अंक दर अंक कड़ी टक्कर देखने को मिली। भारतीय जोड़ी ने कुछ समय के लिए बढ़त भी हासिल की, लेकिन निर्णायक क्षणों में इंडोनेशियाई जोड़ी ने संयम बनाए रखा। अंततः मार्थिन और कार्नांडो ने 25-23 से दूसरा गेम जीतकर मैच और खिताब दोनों अपने नाम कर लिए। भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में मलेशिया के गोह जे फेई और नूर इज्जुद्दीन को 19-21, 22-20, 21-16 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। हालांकि, खिताबी मुकाबले में उन्हें निराशा हाथ लगी और उनका खिताब का इंतजार जारी है।




# रांची के 05 किक बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : धनबाद में दिनांक 16 मई को आयोजित 5वीं झारखंड स्टेट किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में रांची जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम पूरे राज्य में रोशन किया। प्रतियोगिता में रांची के 5 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों – शिवदत्त लोहरा, अंश कुमार सिंह, तेजस्वी कुमार, साक्षी कुमारी एवं रौनिका राशी – ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए दो-दो गोल्ड मेडल अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि से उनके माता-पिता, कोच Md Ibrar Quraishi तथा पूरे रांची जिले में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और लगन ने यह साबित कर दिया कि रांची के खिलाड़ी राज्य स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं। कोच इबरार कुरैशी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी झारखंड और रांची का नाम रोशन करेंगे।

## झारखंड राज्य कबड्डी संघ की विशेष बैठक सम्पन्न

# राज्य कबड्डी संघ का चुनाव जून में

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**जमशेदपुर** : जमशेदपुर में रविवार को आयोजित झारखंड राज्य कबड्डी संघ की विशेष बैठक संघ के महासचिव संजय कुमार झा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक प्रमुख रूप से झारखंड राज्य कबड्डी संघ की वर्ष 2026- 2030 के लिए नयी कार्यकारिणी गठन को लेकर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि जून के द्वितीय सप्ताह में चुनाव के माध्यम से नई कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में सभी जिला कबड्डी संघ को निर्देश दिया गया की 31 मई तक निश्चित तौर पर अपने-अपने जिला संघ का बैठक कर अपने कार्यक्रमों का रूपरेखा तैयार कर राज्य कबड्डी संघ के पास रिपोर्ट करेंगे। बैठक से पूर्व पूर्वी पश्चिम जिला कबड्डी संघ के पदाधिकारी ने विभिन्न जिला से आए हुए प्रतिनिधियों का स्वागत किया। बैठक में वर्ष 2026 -27 के लिए सर्वसमिति से कैलेंडर तैयार किया गया। इसके अलावा झारखंड राज्य कबड्डी संघ के विभिन्न उप समितियां का गठन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन रावत, महासचिव संजय कुमार झा, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार, टेक्निकल बोर्ड के अध्यक्ष ए एम त्रिपाठी, एमपी सिंह, तिलक साहू, रमेश साहू, शिव कुमार, मनोज कुमार शर्मा, दीपक कुमार, अनवर मुश्ताक, दीपक तिवारी, श्यामल दास, जगदेव गोप, सुशील कुमार हसल, तिलक साहू, शिव प्रसाद, ओम प्रकाश साहू, ज जसवंत साहू, बसंती प्रसाद, दीपिका कुजूर, अनु पुर्ती, कुमारी नीतू नाग, नेहा सहित विभिन्न जिलों के अध्यक्ष सचिव वह प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# भोपाल में विश्वस्तरीय हॉकी सुविधाओं का निरीक्षण, खेल विकास को मिलेगा नया आयाम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मध्य प्रदेश** : अंशुमान यादव, IPS, निदेशक – खेल एवं युवा कल्याण, मध्य प्रदेश सरकार; भोला नाथ सिंह, महासचिव – हॉकी इंडिया; सेकर जे. मनोहरन, कोषाध्यक्ष -हॉकी इंडिया; कमांडर आर.के. श्रीवास्तव, महानिदेशक-हॉकी इंडिया; तथा लोक बहादुर, महासचिव – हॉकी मध्य प्रदेश ने भोपाल में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विकसित विश्वस्तरीय हॉकी सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यहां उपलब्ध आधुनिक बुनियादी ढांचे और खिलाड़ियों के लिए तैयार की गई सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अत्याधुनिक खेल परिसर न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि पूरे देश में हॉकी के विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अधिकारियों के अनुसार, भोपाल में विकसित यह विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर भारतीय हॉकी के भविष्य के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक और प्रेरणादायक है।




# आईपीएल में आज सीएसके और सनराइजर्स के बीच होगा मुकाबला

**चेन्नई** : चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम सोमवार को यहां आईपीएल के 63 वे लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला करेगी। सीएसके का लक्ष्य अपने घरेलू मैदान में ये मैच बड़े अंतर से जीत कर प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें बरकरार रखना रहेगा। उसके लिए हालांकि ये आसन नहीं रहेगा क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन अब तक काफी अच्छा रहा है और वह जीत की प्रबल दावेदार है। सीएसके अगर ये मैच हारी तो वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। दूसरी और सनराइजर्स इस मैच में जीत के साथ ही प्लेऑफ की ओर बढ़ जाएगी। लीग में सीएसके जहां 12 अंक के साथ छठे स्थान पर है। वहीं सनराइजर्स 14 अंक लिए लेकर तीसरी स्थान पर है। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा रहेगा दूसरी ओरे सीएसके पर दबाव रहेगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो ही टीमों के बीच 24 मैच हुए हैं। इसमें सीएसके ने 16 जबकि सनराइजर्स हैदराबाद ने 08 जीते हैं। इस मैच में सीएसके के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के भी खेलने की संभावना है। अगर धोनी इस मैच में खेलते हैं तो इससे सीएसके को मनोवैज्ञानिक लाभ होगा। टीम का मनोबल बढ़ने के साथ ही उसे धोनी से बेहतर मार्गदर्शन भी मिलेगा। सीएसके की बल्लेबाज जहां कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अलावा संजू सैमसन पर आधारित रहेगी। वहीं सनराइजर्स की बल्लेबाजी अभिषेक शर्मा के अलावा ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन पर निर्भर करेगी। सीएसके की गेंदबाजी अंकुल कंबोल और नुर अहमद जबकि सनराइजर्स की ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन, प्रफुल्ल हिंगे पर आधारित रहेगी।



**दोनों ही सम्भावित टीमें इस प्रकार हैं**

**चेन्नई सुपर किंग्स** : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), (कप्तान), उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा/एमएस धोनी (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, प्रशांत वीर, अंशुल कंबोज, नूर अहमद, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, गुरजापनीत सिंह।
**इम्पैक्ट प्लेयर** : शिवम दुबे
**सनराइजर्स हैदराबाद** : पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन, सलिल अरोड़ा, नितीश कुमार रेड्डी, स्मरण रविचंद्रन, शिवांग कुमार, ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन, प्रफुल्ल हिंगे
**इम्पैक्ट प्लेयर** : ट्रैविस हेड

# 09 कम्पनियों के मार्केट कैप में 3.12 लाख करोड़ की गिरावट

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल नौ कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई, जबकि सिर्फ एक कंपनी के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई। शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से नौ के मार्केट कैप में सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद 3.12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। सबसे अधिक नुकसान देश में सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ, जबकि नुकसान उठाने के मामले में दूसरे स्थान पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) रही। दूसरी ओर,



टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल कंपनियों में शेष बची इकलौती कंपनी भारती एयरटेल के मार्केट कैप में पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक का उछाल आ गया। इस सप्ताह के कारोबार के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मार्केट कैप में 3,12,150.19 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। दूसरी ओर, भारती एयरटेल के मार्केट कैप में 42,470.13 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई।

सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 1,34,445.77 करोड़ रुपये कम होकर 18,08,420.81 करोड़ रुपये के स्तर तक गिर गया। इसी तरह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 52,245.30 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 8,88,862.32 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 47,415.04 करोड़ रुपये की कमी के साथ 8,19,062.65 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 27,892.28 करोड़ रुपये की कमजोरी के साथ 5,66,717.74 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचा नजर आया। इसी तरह एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 20,630.01 करोड़ रुपये फिसल कर 11,82,069.25 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 14,290 करोड़ रुपये कम होकर 8,92,385.39 करोड़ रुपये के स्तर पर, लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) का मार्केट कैप 9,078.87 करोड़ रुपये की कमजोरी के साथ 5,37,542.34 करोड़ रुपये के स्तर पर, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 3,970.80 करोड़ रुपये घट कर 5,33,592.18 करोड़ रुपये के स्तर पर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 2,182.12 करोड़ रुपये कम होकर 5,05,367.32 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 42,470.13 करोड़ रुपये उछल कर 11,60,525.16 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 18,08,420.81 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 11,82,069.25 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 11,60,525.16 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 8,92,385.39 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 8,88,862.32 करोड़ रुपये), टीसीएस (कुल मार्केट कैप 8,19,062.65 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,66,717.74 करोड़ रुपये), लार्सन एंड टूब्रो (कुल मार्केट कैप 5,37,542.34 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,33,592.18 करोड़ रुपये) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) (कुल मार्केट कैप 5,05,367.32 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## एक झलक

### यूसीआईएल झारखंड में ताम्बा अपशिष्ट से निकालेगी यूरेनियम

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) झारखंड में एक विशेष रिकवरी संयंत्र स्थापित करेगी। इसका उद्देश्य सरकारी कंपनी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) के तांबा खनन अपशिष्ट (टेलिंग्स) से यूरेनियम निकालना है। यह पहल देश की परमाणु ऊर्जा उत्पादन और रक्षा जरूरतों के लिए घरेलू यूरेनियम आपूर्ति बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। एचसीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कंपनी ने यूसीआईएल के साथ सहमति बनायी है, जिसके तहत एचसीएल अपने टेलिंग्स यूसीआईएल को सौंपेगी। ये टेलिंग्स तांबे जैसे खनिजों को अयस्क से अलग करने के बाद बचे हुए बारीक अपशिष्ट होते हैं, जिनमें यूरेनियम के अंशव मौजूद हैं। यूसीआईएल आधुनिक तकनीक से इन अपशिष्ट का प्रसंस्करण कर यूरेनियम निकालेगी और उपचारित पदार्थ एचसीएल को लौटायेगी। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार यह परियोजना रणनीतिक और पर्यावरणीय दोनों दृष्टि से फायदेमंद है। भारत अभी परमाणु ऊर्जा के लिए काफी हद तक आयातित यूरेनियम पर निर्भर है। ऐसे में यह कदम घरेलू आपूर्ति बढ़ाएगा, पुराने खनन अपशिष्ट का बेहतर प्रबंधन करेगा और पर्यावरण पर बोझ कम करेगा। भारत का लक्ष्य 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करना है, जिसमें यह पहल अहम भूमिका निभायेगी।

### मई में भी हुई बिकवाली विदेशी निवेशकों ने अभी तक 27,048 करोड़ के शेयर बेचे

**नयी दिल्ली :** साल 2026 के दूसरे महीने यानी फरवरी के बाद से घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला मई के महीने में भी लगातार बना हुआ है। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक स्टॉक मार्केट में बिकवाली करके 27,048 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। मई के महीने में अभी तक हुए कारोबार में हुई बिकवाली के आंकड़ों को मिला दिया जाए, तो कैलेंडर ईयर 2026 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा घरेलू शेयर बाजार में की गई शुद्ध बिकवाली का आंकड़ा 2.20 लाख करोड़ के स्तर के करीब पहुंच गया है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से लेकर इस महीने 15 मई तक एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार में कुल 2,40,857 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। जनवरी के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में 35,962 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। फरवरी में एफपीआई ने बिकवाली की जगह लिवाली पर जोर दिया। इस महीने इन्होंने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया। मार्च के महीने में एक बार फिर स्थिति बदल गई। इस महीने एफपीआई ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिकवाली की। अप्रैल के महीने में भी एफपीआई की ओर से हो रही बिकवाली का सिलसिला जारी रहा। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 60,847 करोड़ रुपये के शेयर बेच डाले। मौजूदा महीने में भी 15 मई तक के दस कारोबारी दिन में एफपीआई 27,048 करोड़ रुपये के शेयर बेच चुके हैं। फरवरी के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा की गई 22,615 करोड़ रुपये की लिवाली को इस साल की गई कुल बिकवाली के आंकड़े से यदि घटा भी दिया जाए, तब भी इस साल विदेशी निवेशकों द्वारा की गई बिकवाली का आंकड़ा दो लाख करोड़ के स्तर के ऊपर 2,18,242 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचा हुआ नजर आता है।

## इस सप्ताह चार कम्पनियों के आईपीओ होंगे लॉन्च

**नयी दिल्ली :** सोमवार यानी 18 मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में मामूली हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह चार कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। ये चारों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इस सप्ताह एसएमई सेगमेंट की दो कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। सप्ताह के पहले दिन 18 मई को एनएफपी संपूर्ण फूड्स का 24.53 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 20 मई तक बोली लगायी जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 52 रुपये से लेकर 55 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 21 मई को शेयरों का अलॉटमेंट फाइनल किया जाएगा, जबकि 25 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसके अगले दिन 19 मई




को टीमटेक फॉर्मवर्क सॉल्यूशंस का 50.15 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 21 मई तक बोली लगायी जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 61 रुपये से लेकर 63 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 22 मई को शेयरों का अलॉटमेंट फाइनल किया जायेगा, जबकि 26 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन 20 मई को हरिकांता ओवरसीज का 25.63 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 22 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 91 रुपये से लेकर 96 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 25 मई को शेयरों का अलॉटमेंट फाइनल किया जाएगा, जबकि 27 मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसी दिन वेगोरामा पंजाबी अंगीठी का 38.38 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी 22 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 73 रुपये से लेकर 77 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 25 मई को शेयरों का अलॉटमेंट फाइनल किया जायेगा, जबकि 27 मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है।

### टेक्नो डिजिटल ने मुम्बई में उतारा दूसरा एज डेटा सेंटर

**नयी दिल्ली :** टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग कंपनी (टीईईसीएल) की डिजिटल अवसंरचना इकाई टेक्नो डिजिटल ने मुंबई के महालक्ष्मी में अपना दूसरा एज डेटा केंद्र (ईडीसी) शुरू किया है। 25 करोड़ रुपये के निवेश से बना यह केंद्र लो-लेटेंसी और एआई-तैयार डिजिटल सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करेगा। रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ 20 वर्ष की राजस्व-साझेदारी में विकसित 800 किलोवाट क्षमता वाला यह ईडीसी वित्तीय, मीडिया और अन्य महत्वपूर्ण व्यावसायिक गतिविधियों को तेज व सुरक्षित डिजिटल सेवाएं देगा। इससे पहले कंपनी का एक एज डेटा सेंटर गुरुग्राम में पहले से संचालित है। टेक्नो डिजिटल के एक अधिकारी ने बताया कि यह निवेश कंपनी की 1 अरब डॉलर की व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसमें देशभर में हाइपरस्केल व एज डेटा सेंटर नेटवर्क का विस्तार शामिल है। वित्त वर्ष 2026-27 तक इस योजना का आधा से अधिक निवेश चेन्नई, नोएडा और कोलकाता के हाइपरस्केल परिसरों सहित विभिन्न परियोजनाओं में लगाया जायेगा।

## नहीं थमा घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का सिलसिला, सोना व चांदी की घटी कीमत

नयी दिल्ली : घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का दौर जारी है। देश में चेन्नई को छोड़ कर ज्यादातर सरार्फा बाजार में सोना आज 890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 970 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। चेन्नई में सोने के भाव में आज 140 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 160 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मामूली कमजोरी दर्ज की गई है। सोना की तरह ही चांदी के भाव में आज के कारोबार के दौरान 9,900 रुपये प्रति किलोग्राम तक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

घरेलू सरार्फा बाजार में हाजिर सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में 24 कैरेट सोना आज 1,56,930 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,60,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं






22 कैरेट सोना आज 1,43,850 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह, चांदी के भाव में भी आज लगातार तीसरे दिन कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में 2,80,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखें तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना और चांदी की कीमत में तेजी दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 6,540 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती आ गई। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 6,470 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। चांदी के भाव में भी लगातार तीन दिन की गिरावट के बावजूद पिछले सप्ताह के कारोबार में उछाल दर्ज की गई। इस उछाल के कारण चांदी सप्ताहिक आधार पर 5 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगी हो गई। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,57,080 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,56,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,56,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,60,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

## अंबुजा सीमेंट ने स्वीकारी विस्तार परियोजनाओं में देरी

**नयी दिल्ली :** देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी अंबुजा सीमेंट ने अपनी महत्वाकांक्षी विस्तार परियोजनाओं के क्रियान्वयन में हुई देरी को स्वीकार किया है। कंपनी ने संकेत दिया है कि वित्त वर्ष 2026-27 में उसका पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) मध्यम स्तर पर रहेगा। निदेशक करण अदाणी ने निवेशकों के साथ एक बातचीत में इन देरी के पीछे ठेकेदारों से जुड़ी समस्याओं, एक मजबूत निष्पादन टीम की कमी और अधूरी इंजीनियरिंग योजनाओं को प्रमुख कारण बताया है। कंपनी अब नई परियोजनाएं शुरू करने से पहले रुककर सुधार की रणनीति अपना रही है। अंबुजा सीमेंट ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) के लिए 6,000-6,500 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है, जो पिछले वित्त वर्ष के लगभग 7,500 करोड़ रुपये से कम है। करण अदाणी ने स्पष्ट किया कि सीमेंट कारोबार में परियोजनाओं के क्रियान्वयन का स्तर समूह की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाया। उन्होंने कहा कि सही ठेकेदारों के चयन में विफलताओं, एसीसी और अंबुजा सीमेंट के अधिग्रहण के बाद एक तैयार निष्पादन टीम का अभाव, और इंजीनियरिंग योजनाएं पूरी होने से पहले ही परियोजनाओं को शुरू करना इन देरी के मुख्य कारण रहे। अदाणी ने जोर दिया कि कंपनी अब पहले मौजूदा परियोजनाओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भविष्य में नई परियोजनाओं पर काम शुरू करने से पहले छह महीने तक इंजीनियरिंग तैयारियों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस नई रणनीति के साथ, कंपनी तय समयसीमा के भीतर परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा कर पाएगी। भविष्य की विस्तार रणनीति के तहत, अंबुजा सीमेंट अधिग्रहण के अवसरों का मूल्यांकन करती रहेगी, लेकिन उसकी प्राथमिकता आंतरिक परियोजनाओं के विस्तार पर होगी।

### मूंगफली सस्ती, सरसों-सोयाबीन में तेजी

**नयी दिल्ली :** बीते सप्ताह खाद्य तेल-तिलहन बाजार में मिलाजुला रुख देखने को मिला। गुजरात में गर्मी की मूंगफली फसल की संभावना से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई, वहीं कमजोर आवक और बढ़ती मांग के चलते सरसों, सोयाबीन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) और बिनौला तेल के दाम में तेजी दिखाई दी। सरकार द्वारा सीपीओ और सोयाबीन डीगम पर आयात शुल्क मूल्य क्रमशः 4.5 रुपये और 1.5 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाने के साथ-साथ डॉलर के मुकाबले रुपये के सर्वकालिक निचले स्तर के आसपास रहने से आयातित तेलों के दाम बढ़े। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के सोयाबीन प्लांटों द्वारा खरीद मूल्य बढ़ाने से भी सोयाबीन तेल-तिलहन में सुधार आया। बाजार के जानकारों के अनुसार, सरसों का तेल सस्ता होने के कारण इसकी मांग बढ़ी है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक दाम मिलने से वे अपनी फसलें नाप-तौल कर बेच रहे हैं, जिससे आपूर्ति सीमित रहने और मांग बढ़ने से सरसों, सोयाबीन और बिनौला तेल के दाम ऊंचे रहे। कपास नरम का भाव भी एमएसपी से 10-11 प्रतिशत अधिक, 9,000 रुपये क्विंटल से ऊपर बना हुआ है।

## बजाज रिटेलर मीट में बजाज सिक्योरा वायर्स व स्विच गियर लॉन्च

**रांची :** बजाज इलेक्ट्रिकल्स के अधिकृत विक्रेता शक्ति डिस्ट्रीब्यूटर ने राजधानी रांची के एक स्थानीय होटल में 'रिटेलर मीट 2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बजाज इलेक्ट्रिकल्स के वायर डिवीजन के सहयोग से किया गया, जिसमें कंपनी ने बजाज सिक्योरा वायर्स, स्विच गियर और लाइटिंग की नई रेंज लॉन्च की। रिटेलर मीट में रांची और आसपास के क्षेत्रों से 200 से अधिक डीलरों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शक्ति डिस्ट्रीब्यूटर के संचालक मुकेश अग्रवाल, बजाज के जोनल हेड संजय दत्ता, स्टेट हेड मोहम्मद शाहजहां, टीएसएम अंकुर झा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान



बजाज के ग्रीन वायर की पूरी रेंज लॉन्च की गई, जिसमें एफआर (फ्लेम रेटरडेंट), एचआर-एफआर (हीट रेसिस्टेंट फ्लेम रेटरडेंट) और एफआर-एलएसएच (फ्लेम रेटरडेंट लो स्मोक हेलोजन) वायर शामिल हैं। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि ये वायर आधुनिक सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। बजाज सिक्योरा वायर की खासियत इसकी उच्च गुणवत्ता वाली कॉपर कंडक्टिविटी, बेहतर इंसुलेशन और आग से सुरक्षा देने वाली तकनीक है। एफआर वायर आग लगने की स्थिति में फ्लेम को तेजी से फैलने से रोकता है, जबकि एचआर-एफआर वायर अधिक तापमान में भी सुरक्षित और टिकाऊ प्रदर्शन देता है। वहीं एफआर-एलएसएच वायर आग लगने की स्थिति में कम धुआं और कम विषैली गैस उत्सर्जित करता है, जिससे घरों, ऑफिस और व्यावसायिक भवनों में सुरक्षा और बढ़ जाती है। डीलरों ने बजाज सिक्योरा वायर की गुणवत्ता, सुरक्षा फीचर्स और आधुनिक तकनीक की सराहना करते हुए बड़ी संख्या में बुकिंग कराई। रिटेलर मीट में करीब 75 लाख रुपये के वायर, 25 लाख रुपये के स्विच गियर और 30 लाख रुपये की लाइटिंग उत्पादों की बुकिंग हुई। कंपनी के अनुसार, इस शानदार प्रतिक्रिया के साथ बजाज इलेक्ट्रिकल्स ने पैन इंडिया स्तर पर करोड़ों रुपये की बुकिंग का नया रिकॉर्ड बनाया है। इस अवसर पर मुकेश अग्रवाल ने कहा कि बजाज इलेक्ट्रिकल्स के वायर उत्पाद बाजार में नई क्रांति लेकर आए हैं। कंपनी तेजी से अपने मार्केट शेयर को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है और ग्राहकों को सुरक्षित, टिकाऊ एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पेज एक के शेष

**प्रधानमंत्री मोदी ने नीदरलैंड के ऐतिहासिक बांध का किया दौरा, जल प्रबंधन मॉडल को सराहा...**

सहयोग की नयी सम्भावनाओं को भी बल मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि अफ़्सलुइटडिज्क नीदरलैंड का प्रमुख बांध और पुल है, जिसका निर्माण वर्ष 1927 से 1932 के बीच किया गया था। यह लगभग 32 किलोमीटर लम्बा बांध उत्तरी हॉलैंड के डेन ओएवर को फ्रीसलैंड प्रांत के ज्यूरिख गांव से जोड़ता है। इस बांध ने उत्तरी सागर की खारे पानी की खाड़ी जुइडरजी को बंद कर उसे आईजेलमीर नामक मीठे पानी की विशाल झील में परिवर्तित कर दिया।

यह परियोजना नीदरलैंड की सबसे महत्वपूर्ण जल प्रबंधन और भूमि सुधार योजनाओं में मानी जाती है। अफ़्सलुइटडिज्क बांध के निर्माण के बाद समुद्री बाढ़ के खतरे में कमी आयी और कृषि, पेयजल तथा परिवहन के लिए नयी सम्भावनाएं विकसित हुईं। यह बांध देश के उत्तर और पश्चिमी हिस्सों के बीच सड़क सम्पर्क का भी प्रमुख माध्यम है।

वर्ष 1953 में उत्तरी सागर में आयी विनाशकारी बाढ़ के बाद इस बांध की ऊंचाई कई चरणों में बढ़ायी गयी। वर्ष 2019 में इसके व्यापक आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य भी शुरू किया गया, ताकि समुद्री तूफानों और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों का सामना किया जा सके।

**तीसरे चरण में स्वीडन पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी व्यापार और निवेश पर रहेगा फोकस...**

उल्फ क्रिस्टरसन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच भारत-स्वीडन मित्रता को नयी दिशा देने पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, नवाचार और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विशेष ध्यान रहेगा।

प्रधानमंत्री ने अपने एक अन्य संदेश में कहा कि वह स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लेयेन के साथ 'यूरोपीय व्यापार गोलमेज सम्मेलन' में यूरोप के प्रमुख उद्योगपतियों और व्यापारिक नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बैठक से भारत और यूरोप के बीच निवेश सम्बन्धों को और मजबूती मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और यूरोप के बीच आर्थिक साझेदारी को नये अवसर प्रदान करने के लिए यह बैठक महत्त्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस यात्रा से भारत और स्वीडन के सम्बन्धों को नयी गति मिलेगी।

**झारखंड के किसान जागरूक, अब आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे : शिल्पी...**

समय रहते धान की रोपनी करने के साथ-साथ केवल धान पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि कम पानी में होनेवाली फसलों एवं मोटे अनाज की खेती की ओर भी आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की हरसंभव सहायता के लिए सदैव तैयार है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मोदसिर हक, विश्वनाथ शाहदेव, बुधराम बाड़ा, तंजीर हुसैन, मतियस खेस, बुधराम लोहरा, चन्द्रावती देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**पांच राज्यों में मकानों की गणना का फील्ड कार्य शुरू...**

परिषद) तथा दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड क्षेत्रों में मकानसूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। इतिहास में पहली बार यह जनगणना पूरी तरह से डिजिटल माध्यमों और मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग से की जा रही है। इस चरण में प्रगणक एक विशेष मोबाइल ऐप के जरिये डेटा एकत्र कर रहे हैं।

इस प्रक्रिया के दौरान एक अधिसूचित प्रश्नावली के माध्यम से कुल 33 प्रश्न पूछे जा रहे हैं। इनमें मुख्य रूप से परिवार की आवासीय स्थिति, परिवार का विवरण, घर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं और सम्पत्तियों से सम्बन्धित जानकारी शामिल है। यह डेटा देश के विकास तथा कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण साबित होगा। जिन परिवारों ने ऑनलाइन माध्यम से स्व-गणना पूरी कर ली है, उन्हें एक विशिष्ट 'स्व-गणना आईडी' प्राप्त हुई है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे इसे सुरक्षित रखें और जब गणनाकर्ता, उनके घर आयें, तो यह आईडी उनके साथ साझा करें।

जिन परिवारों ने किसी कारणवश स्व-गणना नहीं की है उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है। गणनाकर्ता स्वयं घर-घर जाकर उनका विवरण दर्ज करेंगे।

जनगणना अधिनियम, 1948 के कड़े प्रावधानों के तहत नागरिकों द्वारा दी गयी सभी जानकारी पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय रखी जायेगी। इसका उपयोग किसी अन्य काम के लिए नहीं बल्कि केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों और राष्ट्रीय विकास योजनाओं को तैयार करने के लिए किया जायेगा। सरकार ने सभी देशवासियों से इस राष्ट्रीय अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग देने की अपील की है।

**टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी गुजरात देश का नेतृत्व करेगा : अमित शाह...**

उन्होंने कहा कि यह तकनीकी नगर अहमदाबाद-गांधीनगर उच्च विकास पट्टी में लगभग 65 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, जहां उच्च स्तरीय कार्यालय, आवासीय सुविधाएं, व्यापारिक परिसर तथा आतिथ्य सेवाओं से जुड़ी व्यवस्थाएं विकसित की जायेंगी। इस परियोजना के माध्यम से 70 हजार से अधिक युवाओं को उच्च कौशल आधारित रोजगार मिलने की सम्भावना है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यंत्रमानव तकनीक, अर्धचालक निर्माण तथा आधुनिक अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में गुजरात तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह परियोजना राज्य में नयी तकनीक, अनुसंधान और नवाचार को मजबूत आधार प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में गुजरात सेवा क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा।

उन्होंने 'गणेश रियल एस्टेट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट' को आधुनिक शहरी विकास और निर्माण क्षेत्र के लिए महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यहां नयी तकनीक आधारित शिक्षा और वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे कुशल मानव संसाधन तैयार होंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि गुजरात अब ज्ञान, नवाचार और तकनीक आधारित विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि आने वाला समय गुजरात का है और राज्य वैश्विक निवेश तथा आधुनिक उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है।

कार्यक्रम में अनेक उद्योगपति, निवेशक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**भारत-बांग्लादेश सीमा पर कंटीले तार लगाने के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू...**

सुधार विभाग ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज कर दी।

सीमावर्ती किसानों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है। किसानों का कहना है कि पूर्व में तृणमूल कांग्रेस सरकार के समय कई बार जमीन अधिग्रहण के नाम पर मापजोख की गयी, लेकिन वास्तविक काम आगे नहीं बढ़ा। किसानों का आरोप है कि सीमा खुली रहने के कारण बांग्लादेशी अपराधियों द्वारा फसलों की लूटपाट की घटनाएं होती रही हैं। उनका मानना है कि कंटीले तार लगने के बाद ऐसी घटनाओं पर रोक लगेगी।

हबीबपुर ब्लॉक के भूमि एवं भूमि सुधार अधिकारी स्वपन तरफदार ने कहा कि विभागीय कर्मचारी किसानों से जमीन से सम्बन्धित दस्तावेज एकत्र कर रहे हैं और जमीन की मापजोक शुरू हो चुकी है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि निर्धारित समयसीमा के भीतर अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

इस मुद्दे पर जुएल मुर्मू ने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार के कार्यकाल में सीमा पर कंटीले तार लगाने में बाधाएं खड़ी की गयी थीं। उन्होंने कहा कि वोटबैंक की राजनीति के कारण उस समय परियोजना को आगे नहीं बढ़ने दिया गया। उन्होंने दावा किया कि अब पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार आने के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हुआ है।

**राहुल गांधी ने शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा...**

तीन मई को आयोजित की गयी थी। परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक होने के आरोप सामने आने के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने परीक्षा रद्द कर दी थी। इसके बाद केन्द्र सरकार ने मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी। जांच एजेंसी ने मामले में अब तक कई आरोपितों की गिरफ्तारी की है। जांच में प्रश्नपत्र लीक, अभ्यर्थियों से धन वसूली और विशेष कोचिंग सत्रों के माध्यम से प्रश्न उपलब्ध कराने जैसे आरोपों की पड़ताल की जा रही है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कहा कि पुनर्परीक्षा की नयी तिथियों और प्रवेश पत्र सम्बन्धी जानकारी शीघ्र आधिकारिक माध्यमों से जारी की जायेगी। एजेंसी के अनुसार पहले से किया गया पंजीकरण, अभ्यर्थियों का विवरण और चयनित परीक्षा केन्द्र पुनर्परीक्षा के लिए मान्य रहेंगे।

**केरल में वीडी सतीशन आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ, एक दशक बाद कांग्रेस की सत्ता में वापसी...**

दासमुंशी सहित कई वरिष्ठ नेता खड़गे के आवास पर एकत्र हुए, जहां सतीशन के नाम की औपचारिक घोषणा की गयी। इसके साथ ही पार्टी के भीतर जारी नेतृत्व को लेकर असमंजस समाप्त हो गया।

**छात्र राजनीति से मुख्यमंत्री पद तक का सफर...**

2026 में लगातार जीत दर्ज करते हुए वह राज्य राजनीति के प्रमुख चेहरों में शामिल हो गये। इस प्रकार विधानसभा की राजनीति में उनका सफर 25 वर्षों से अधिक का हो चुका है। हाल ही में हुए 2026 के विधानसभा चुनाव में सतीशन ने परवूर सीट से शानदार जीत दर्ज की। उन्हें कुल 78,658 वोट मिले और उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के उम्मीदवार ईटी टायसन मास्टर को 20,600 मतों के बड़े अंतर से पराजित किया। इस जीत के साथ वह लगातार छठी बार विधायक बने। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, वीडी सतीशन की साफ-सुथरी छवि, प्रभावशाली वक्तृत्व शैली और मजबूत संगठनात्मक क्षमता ने उन्हें राज्य की राजनीति में अलग पहचान दिलायी है। विपक्ष के नेता के रूप में भी उन्होंने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा और जनता के बीच सक्रिय उपस्थिति बनाये रखी। यही कारण है कि उन्हें एक जमीनी और प्रभावशाली नेता के रूप में देखा जाता है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि नयी सरकार के शुरुआती सौ दिन बेहद अहम होंगे। इसी दौरान सरकार की प्रशासनिक क्षमता, निर्णय लेने की शैली और जनता से किये गये वादों को पूरा करने की दिशा स्पष्ट होगी।

## एक झलक

### व्हाइट हाउस में मधुमक्खियों का हमला

**न्यूयॉर्क** : अमेरिका के वाइट हाउस परिसर में हाल ही में मधु मक्खियों के बड़े झुंड के देखे जाने की खबरें सामने आई हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार हजारों मधुमक्खियों का झुण्ड व्हाइट हाउस के नॉर्थ लॉन और प्रेस क्षेत्र के आसपास हमला किया है। जिससे कुछ समय के लिए वहां पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बाद में यह झुंड पास के एक पेड़ पर जाकर बैठ गया। इस घटना को 'बाइबल के अनुसार एक बड़ा अपशगुन' बताया गया है। यह किसी बड़े परिवर्तन और प्राकृतिक आपदा का संकेत होता है। अमेरिकी प्रशासन ने इस घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बाइबल में वर्णित धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस तरह के संकेत जिसमें मधुमक्खियों के हमले को चेतावनी और बदलाव के प्रतीक के रूप में मान्यता है।

### इबोला के बढ़ते मामलों पर डब्ल्यूएचओ अलर्ट

**जेनेवा** : अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कांगो और युगांडा में तेजी से फैल रही इबोला बीमारी को लेकर पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस ने रविवार को कहा कि इस खतरनाक वायरस के चलते अब तक 300 से अधिक संदिग्ध मामले सामने आ चुके हैं, जबकि 88 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि डब्ल्यूएचओ ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा स्थिति कोरोना महामारी जैसी वैश्विक आपदा का रूप नहीं ले रही है। संगठन ने देशों को अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं बंद करने जैसे कठोर कदम उठाने से फिलहाल बचने की सलाह दी है।

### अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु-मुम्बई एक्सप्रेस को दिखायी हरी झंडी

# वन्दे भारत स्लीपर सेवा जल्द

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बेंगलुरु-मुंबई एक्सप्रेस रेल सेवा को आभासी माध्यम से हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि इससे कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच रेल संपर्क को मजबूती मिलेगी। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द शुरू की जाएगी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि दक्षिण और उत्तर कर्नाटक की लंबे समय से लंबित मांगों को अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में रेलवे के लिए बजट आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे कर्नाटक में रेल परियोजनाओं के कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।



उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कर्नाटक के 61 रेलवे स्टेशनों का 2,160 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है। इनमें से 9 स्टेशनों का कार्य पूरा हो चुका है। बेंगलुरु कैंटोनमेंट स्टेशन का 485 करोड़ रुपये तथा यशवंतपुर स्टेशन का 367 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है। रेल मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से कर्नाटक में लगभग 1,750 किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं। हासन-मंगलुरु खंड में जटिल विद्युतीकरण कार्य भी पूरा कर लिया गया है और परीक्षण जारी है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु उपनगरीय रेल परियोजना के चारों गलियारों पर कार्य चल रहा है। बैयप्पनहल्ली-चिक्कबनावरा और हीलालिगे-राजनुकुंटे गलियारों में भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है तथा स्टेशनों का निर्माण कार्य जारी है। केएसआर बेंगलुरु-देवनहल्ली मार्ग को राज्य सरकार और रेलवे की संयुक्त मंजूरी मिल चुकी है और भू-तकनीकी सर्वेक्षण पूरा हो गया है। केंगेरी-व्हाइटफील्ड मार्ग को भी हाल में स्वीकृति मिली है।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कर्नाटक में इस समय 12 जोड़ी वंदे भारत रेलगाड़ियां संचालित हो रही हैं। बेंगलुरु-मंगलुरु मार्ग पर परीक्षण चल रहा है, जिससे तटीय क्षेत्रों तक संपर्क और बेहतर होगा। बेंगलुरु को हैदराबाद और चेन्नई से जोड़ने वाले बुलेट रेल गलियारों को भी मंजूरी मिल चुकी है। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने कहा कि नई बेंगलुरु-मुंबई रेल सेवा देश के सबसे व्यस्त रेल मार्गों में से एक पर यात्रियों को बड़ी सुविधा देगी। थानिसंद्रा में 270 करोड़ रुपये की लागत से वंदे भारत स्लीपर अनुरक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा, जबकि एसएमवीटी बेंगलुरु में 52.73 करोड़ रुपये की लागत से चेयर कार अनुरक्षण सुविधा विकसित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि बैयप्पनहल्ली-होसुर दोहरीकरण, बेट्टाहलासुरु-राजनुकुंटे परियोजना तथा बेंगलुरु क्षेत्र में चौगुनीकरण कार्यों के जरिए रेल क्षमता बढ़ाई जा रही है।

## डीजल नहीं मिलने से लौह अयस्क से भरे 1600 ट्रकों के पहिये थमे

एजेंसी

**दंतेवाड़ा** : छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिला स्थित देश की प्रमुख लौह अयस्क परियोजना एनएमडीसी बैलाडीला में डीजल की किल्लत से परिवहन व्यवस्था लगभग ठप पड़ गई है। किरंदुल और बचेली क्षेत्र में लगभग 1600 ट्रक पिछले दो दिनों से डीजल के अभाव में खड़े हैं। इससे लौह अयस्क की ढुलाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। स्थानीय प्रशासन ने भी डीजल की कमी को स्वीकारा है, लेकिन आज शाम तक व्यवस्था के सुचारु होने का दावा किया है। दंतेवाड़ा की किरंदुल और बचेली खदानों में ट्रकों में लौह अयस्क की लोडिंग तो हो रही है,



लेकिन डीजल नहीं मिलने के कारण वाहन रवाना नहीं हो पा रहे हैं। देश की नवरत्न कंपनियों में से एक एनएमडीसी की दंतेवाड़ा के किरंदुल, बैलाडिला स्थित लौह अयस्क खदान देश की सबसे बड़ी खदानों में गिनी जाती हैं। यहां से प्रति दिन लाखों टन लौह अयस्क का परिवहन सैकड़ों ट्रकों के माध्यम से रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ और विशाखापट्टनम के लिए जाते हैं, लेकिन अब इन वाहनों की ट्रांसपोर्ट नगरों के साथ-साथ सड़क के दोनों ओर लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। इसका कारण वाहनों में डीजल नही होना बताया जा रहा है। दंतेवाड़ा जिले के 19 पेट्रोल पंपों में से केवल कुछ पर ही सीमित मात्रा में डीजल उपलब्ध है, जिनके द्वारा सीमित मात्रा में ही पेट्रोल-डीजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। ईंधन भरवाने के लिए ट्रकों, ट्रैक्टरों और अन्य वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं।

## अपने जीवन में सामंजस्यता लाने के लिए आपको सर्वप्रथम स्वयं से प्रेम करना सीखना होगा : ब्रह्मचारी अतुलानन्द



**कृष्ण बिहारी मिश्र**

**रांची** स्थित योगदा सत्संग आश्रम के श्रवणालय में रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए ब्रह्मचारी अतुलानन्द ने प्रेमावतार परमहंस योगानन्द जी की बातों को उद्धृत करते हुए कहा कि प्रेम ही सामंजस्यता है और सामंजस्यता ही प्रेम है। जिसने प्रेम को समझ लिया, वो ईश्वर को पा लिया। इसलिए अपने आप में सामंजस्यता लाने के लिए स्वयं से प्रेम करना सीखें। उन्होंने इसके लिए इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक को यह समझना होगा कि वो ईश्वर का प्रतिरूप है और उसी अनुरूप आपको कार्य भी करने हैं।

ब्रह्मचारी अतुलानन्द ने कहा कि आपको हृदय गान और आत्मज्ञान को समझने की कला जाननी होगी। उन्होंने कहा कि एक योगी को दुनिया में क्या हो रहा है या क्या होने जा रहा है, इससे उसको कोई मतलब नहीं होता, उसे तो सिर्फ इस बात की चिन्ता होती है कि वो ईश्वर के साथ कितने समय रहा। उन्होंने कहा कि जीवन में शांति है, संतुलन है, आप निरन्तर प्रगति में हैं तो यही सामंजस्यपूर्ण जीवन है और ये सब नहीं तो आपके जीवन में सामंजस्यता का अभाव है।

उन्होंने कहा कि समाज में सामंजस्य और असामंजस्य दोनों हैं, आप किसके प्रभाव में हैं यह आपके उपर निर्भर है। सामंजस्यता दो प्रकार की होती है झ एक आंतरिक और दूसरा बाह्य। आंतरिक सामंजस्यता शरीर और मन से जुड़ा है। बाह्य सामंजस्य सामाजिकता और आर्थिक प्रभाव से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि निरन्तर ध्यान करने से जीवन जीने की कला सीखने को बल मिलता है। योगदा द्वारा ध्यान की बताई गई प्रविधियां इसमें बड़ी सहायक हैं।



उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग परफेक्ट के पीछे पड़े रहते हैं। उन्हें नहीं मालूम कि इस संसार में ईश्वर को छोड़कर कोई परफेक्ट नहीं। इसलिए किसी भी व्यक्ति से परफेक्ट लव या किसी चीज की अपेक्षा रखना, वो भी पूर्णता में यह सही नहीं हैं। सच्चाई यही है कि आप जो किसी को दे रहे हैं या कर रहे हैं, वहीं आपके पास कर्मफल के रूप में लौटकर आता है। अगर आप यम-नियम का पालन नहीं करते तो आपके जीवन में कभी सामंजस्यता नहीं आ सकती।

उन्होंने श्रवणालय में उपस्थित योगदा भक्तों को सामंजस्यता जीवन में कैसे लाई जाये, उसे बड़े ही विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जब भी आपके जीवन में कोई समस्याएं आये, तो उससे घबराये नहीं। आप उन समस्याओं की गहराई में जाये। आप ध्यान में जाये। आपको उस समस्या के निदान का उत्तर अवश्य प्राप्त होगा और उससे जो आप समस्याओं से मुक्त होंगे, जो शांति प्राप्त होगी, वो अद्भुत होगा।

उन्होंने कहा कि बहुत लोगों को बहुत सारी इच्छाएं होती हैं। इच्छाएं होना बुरी बात नहीं। लेकिन उन इच्छाओं को पूरा सिर्फ आपकी दृढ़ इच्छाशक्ति ही कर सकती है। जितना आपका दृढ़ इच्छाशक्ति मजबूत होगा, आप अपनी इच्छाओं को पूरा करने में उतना ही सफल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए समय का सदुपयोग करना भी हमें आना चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोगों का आधा समय तो सोने में ही निकल जाता है।

उन्होंने कहा कि इस समस्या से बाहर निकलिये। आप के पास जो छोटे-छोटे समय होते हैं, जिसको आप बेकार की कामों में जाया कर देते हैं। उन समयों को आप ध्यान में लगाएं, क्योंकि ध्यान सामंजस्यता को जन्म देने में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि कई लोगों ऐसे होते हैं जो बाहर तो अच्छे दिखते हैं। लेकिन जैसे ही घर आयेंगे, उनका रूप और व्यवहार बदल जाता है। बुरे हो जाते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमेशा याद रखिये कि जहां आप रहते हैं। जिसके साथ रहते हैं। वो सब आपका किया-धराया है। उनके साथ आपको सामंजस्य बनाकर ही रहना होगा। हां, इस चक्कर में अपनी आदर्शवादिता को न छोड़ें। आध्यात्मिकता को न छोड़े। उन्होंने कहा कि अगर आप किसी में सुधार लाना चाहते हैं तो उसमें सुधार के बजाय, आप स्वयं में सुधार लाएं। क्योंकि आपकी बातों से ज्यादा, आपका जीवन-स्तर कैसा हैं, उसे लोग देखते हैं। आपके व्यवहार को देखते हैं। जैसे ही आप अपने में सुधार लायेंगे। आप पायेंगे कि जिसे आप बदलना चाहते थे। वे भी बदलने शुरू हो गये हैं।

ब्रह्मचारी अतुलानन्द ने कहा कि सामंजस्यपूर्ण वातावरण बनाने के लिए किसी की चापलूसी करने की जरूरत नहीं। अच्छा रहेगा कि आप सप्ताह में एक दिन मौन रहे। उस दिन लंबा ध्यान करें। अच्छा रहेगा कि जहां ग्रुप मेडिटेशन हो रहा है, वहां आप समय बिताएं। आप पायेंगे कि इसका अच्छा प्रभाव आपके जीवन में पड़ने लगा। आप महात्मा गांधी के जीवन को देखिये। वे भी मौनव्रत रखा करते थे।

**(लेखक बिहार-झारखण्ड के वरिष्ठ पत्रकार व विद्रोही24 के सम्पादक हैं।)**


